आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत 09:15 चतुर्थी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

वर्ष 3, अंक 42, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट 16

अपने बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना 15

बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सहित 15 को किया गिरफ्तार

नवादा/पटना, एजेंसी

बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम को दबंगों ने दलित बस्ती के करीब 80 घरों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से 34 घरों के आग के चपेट में आने की बात कही जा रही है।

कृष्ण नगर माझी टोले में हुई इस घटना में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। नवादा के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि माझी टोला में एक समूह ने करीब 34 घरों को नष्ट कर दिया। आगजनी से प्रभावित ज्यादातर घर एससी/एसटी समुदाय के लोगों के थे। डीएम ने कहा कि यह आशंका भी जताई जा रही कि आरोपियों ने घरों में आग लगाने से पहले हवा में गोलियां चलाईं।

बिहार के नवादा में दबंगों द्वारा दलित बस्ती में लगाई गई आग में जलते घर।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घटना की निंदा

बबुआ के राज में माफिया चलाते थे समानांतर सरकार

योगी ने कहा-जनता पिसती थी, बबुआ 12 बजे सोकर उठता था, 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव पर कड़े प्रहार किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सीधे सपा से जुड़ा था। पदाधिकारी या शागिर्द भी उसी पार्टी का था।

कहा कि बबुआ 12 बजे तक सोता था। बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। अराजकता व गुंडागर्दी करते थे। वह मिल्कीपुर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय में संगठित अपराध था। पशु, वन, खनन और भू-माफिया थे। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद थी। पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। सारा काला चिट्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। होली, दिवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को प्रतिबंधित कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनके संस्कार हैं। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं है। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाती थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में अयोध्या के देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ। गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने अयोध्या के विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाई। उनके साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे।

समाजवादी पार्टी को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए

योगी ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है। इन्हें मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या, प्रदेश व देश को रोशन करेगा। पाकिस्तान भारत का दुश्मन है, उसे तो परेशानी होती है, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण समाजवादी पार्टी को भी दिक्कत होती है। सपा को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए।

एक नजर

महंत नृत्य गोपालदास की फिर बिगड़ी तबीयत

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की फिर से तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फिर उन्हें यूरिन की समस्या हुई है। भोजन-पानी भी नहीं ले रहे थे। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कुछ जांच भी होनी है, जिसके लिए दो दिन भर्ती रहना होगा।

सलमान के काफिले में घुसे युवक पर मामला दर्ज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सुरक्षा काफिले में घुसे मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बीती रात बांद्रा में महबूब स्टूडियो और गैलेक्सी अपार्टमेंट के बीच हुई, जहां अभिनेता का घर है। अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कई धमकियां मिली हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई है। घटना के समय सलमान अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात लगभग 12.15 बजे जब काफिला महबूब स्टूडियो से गुजरा तो मोटरसाइकिल पर सवार उजैर फैज मोहिउद्दीन (21) ने सलमान की कार के पास जाने की कोशिश की।

कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे खून बहाने का पाकिस्तानी एजेंडा : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क के इशारे पर खेल रहे नेकां और कांग्रेस

- दावा-दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 वापस नहीं ला सकती
- भरोसा : जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इसे पूरा करेगी

श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया। अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। मोदी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले, उन्होंने दिन में श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। दोनों ही जनसभाओं में प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। कटरा की रैली में मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की बल्ले बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पाकिस्तान बहुत खुश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है, जिन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है जो पाकिस्तान का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां वही काम किया जो आतंक के आका पाकिस्तान को फायदा पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि आज भी यह आतंकी आका के उसी एजेंडे को लागू करना चाहते हैं। लेकिन मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। ज्ञात हो कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी समाचार चैनल से बातचीत में कहा है कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाना चाहिए।

कांग्रेस-पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर

बेंगलुरु/नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरूद्ध यहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बिट्टू ने रविवार को कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।' इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की थी।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिट्टू ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। प्राथमिकी दर्ज होने पर रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं।

- राहुल गांधी पर की थी टिप्पणी

अब रामपुर में ट्रैक पर खंभा रख ट्रेन पलटाने की साजिश

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- बिलासपुर में शरारती तत्वों की करतूत, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

अमृत विचार : रामपुर में रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने लोहे का खंभा रखकर उधर से गुजर रही देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को बेपटरी करने की कोशिश की लेकिन लोको पायलट की सजगता हादसा टल गया। पायलट ने वक्त रहते खंभे को देखकर ट्रेन को रोक लिया। जानकारी मिलने पर रेल अधिकारियों में खलबली मच गई। खंभे को हटाने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र तथा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना किया। जीआरपी रामपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुद्रपुर बॉर्डर से सटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे पिलर संख्या 45/10 तथा 45/11 के बीच रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने टेलीफोन लाइन बिछाने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का खंभा रख दिया। देहरादून-काठगोदाम जन शताब्दी एक्सप्रेस (12091) बुधवार की रात को करीब 10 बजे देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। लोको पायलट ने ट्रैक पर लोहे का खंभा रखा देखकर ट्रेन रोक ली और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद लोको पायलट ने खंभे को रेलवे लाइन से हटाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को 9:45 पर रुद्रपुर पहुंचना था। घटना के चलते वह ट्रेन 10:15 बजे रुद्रपुर स्टेशन पहुंची। हाल ही में ट्रेन पलटाने की कई साजिशें हुई हैं। 17 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े के कारण डीरेल हो गई थी। 8 सितंबर को कालिंदी एक्सप्रेस तथा 24 अगस्त को फर्रुखाबाद पैसेंजर को पलटाने की साजिश की गई थी।

बिलासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का खंभा पड़ा होने की जानकारी पर मैंने मौके का निरीक्षण किया। रामपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। -आशुतोष शुक्ला, एसपी रेलवे, मुरादाबाद मंडल

दुष्कर्म पीड़िता को गोली से उड़ाया

मां तथा भाई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- कार सवार हमलावरों ने बाइक से खींचकर छात्रा को मार दी गोली
- कैलादेवी थाना क्षेत्र की वारदात आरोपी व मामा के खिलाफ रिपोर्ट

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ बाइक से घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मां और भाई का आरोप है कि कार में सवार दुष्कर्म के आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दूसरे पहलू पर भी जांच कर रही है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान गाजियाबाद के साहिबाबाद मंडी में ट्रैक्टर चलाता है। उसकी पत्नी बुधवार को बेटी के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रही थी। सौंधन पहुंचने पर उन्हें लेने के लिए बेटा बाइक लेकर आ गया। बारिश की वजह से रात 10 बजे तक सौंधन में ही रहे। इसके बाद तीनों बाइक से गांव को रवाना हुए। छात्रा की मां का आरोप है कि रास्ते में सरकारी स्कूल के सामने कार सवार लोगों ने बाइक रोक ली। उनकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोपी रिंकू पुत्र राकेश निवासी भमौरी पट्टी अपने मामा पप्पू पुत्र जुगली निवासी सेतुआ थाना रजपुरा के साथ कार से उतरा और बाइक पर बैठी बेटी को खींच लिया और उसे गोली मार दी।

सूचना पर थाना पुलिस के साथ एएसपी श्रीशचंद और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिंकू और उसके मामा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिंकू को जेल भेजा था, वह 20 दिन पहले ही जमानत पर छूटा है।

आतिशी 21 को लेंगी मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- पांच कैबिनेट मंत्री भी होंगे, एक नया चेहरा शामिल

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेगा। मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे।

'आप' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक के विश्वासपात्र सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद आतिशी और भारद्वाज को केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

शनिवार से काम पर लौटेंगे जूनियर डॉक्टर

आरजी कर अस्पताल मामला

कोलकाता, एजेंसी

- आंदोलन आंशिक रूप से समाप्त करने की घोषणा
- ओपीडी में नहीं करेंगे काम, आपातकालीन सेवा देंगे

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अधिकतर मांगें मान लिए जाने के बाद आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शनिवार से अपना आंदोलन आंशिक रूप से खत्म करके राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में अपनी ड्यूटी आंशिक रूप से शुरू करेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद पिछले 41 दिनों से काम से दूर चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन के बाहर अपना धरना समाप्त कर देंगे।

धरना समाप्त करने से पहले वे राज्य स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय स्वास्थ्य भवन से साल्ट लेक क्षेत्र में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय तक एक मार्च निकालेंगे। एक आंदोलनकारी चिकित्सक ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति और राज्य सरकार द्वारा हमारी कुछ मांगों पर सहमति जताए जाने के मद्देनजर हम शनिवार से आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में आंशिक रूप से काम पर लौटेंगे लेकिन बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में काम नहीं करेंगे।

पूर्व प्राचार्य संदीप घोष का चिकित्सा पंजीकरण रद

पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद (डब्ल्यूबीएमसी) ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद कर दिया। घोष आरजी .कर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामलें में इस समय सीबीआई की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी द्वारा तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम 19 सितंबर को हटा दिया गया।

शफी पंडित के निधन पर मोदी ने जताया शोक

श्रीनगर। कश्मीर के पहले मुस्लिम आईएएस अधिकारी मोहम्मद शफी पंडित का गुरुवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पंडित के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने पंडित की प्रशंसा की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रीनगर में एक रैली के दौरान कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि कश्मीर के पहले आईएएस अधिकारियों में से एक और क्षेत्र के लिए गौरव का स्रोत पंडित का कल रात निधन हो गया। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी, उन्होंने समाज के कल्याण के लिए काम करना जारी रखा। इस दुख की घड़ी में, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

अभिमान 1.62 लाख पोलिंग बूथों पर बनाने हैं 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य

एक करोड़ हुई भाजपा सदस्यों की संख्या, प्रदेश टीम देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा की टीम ने देश में अव्वल स्थान बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को एक करोड़ का आंकड़ा भी छू लिया। मगर, अभी भी पुरानी सदस्यता के साथ 1.62 लाख पोलिंग बूथों पर 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य बनाने की बड़ी चुनौती है। इसे हासिल करने के लिए संगठन के बड़े नेता जिलों व महानगरों में प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने में जुट गए हैं।

देशभर में एक सितंबर से चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में आगे निकलने की होड़ सभी राज्यों में मची हुई है। इसमें उप्र सबसे आगे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व सदस्यता प्रभारी गोविंद पांडेय कहते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह समेत दोनों उप मुख्यमंत्रियों-मंत्रियोंसे लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं की मेहनत बृहस्पतिवार सदस्य संख्या एक करोड़ के करीब हो गई है। दो दिन पहले मंगलवार को 82 लाख सदस्य बने थे, जबकि प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने से 11 लाख सदस्य एक दिन में बने और संख्या 93 लाख पहुंच गई। अब पदाधिकारियों के सामने पार्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की चुनौती है जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

महानगरों में लखनऊ और जिलों में अमरोहा अव्वल

भाजपा ने जिलों और महानगरों में प्रतिस्पर्धी माहौल के जरिए तेजी लाने के लिए सदस्यता की टॉप टेन सूची जारी की है। इसमें छोटे जिले के कार्यकर्ताओं की मेहनत ने बड़े जिलों को पीछे छोड़ दिया है। अमरोहा जिला सबसे आगे हैं, जबकि महानगरों में लखनऊ टॉप पर है। हालांकि ओवर आल टॉप टेन में लखनऊ महानगर का तीसरे स्थान पर आना निराशाजनक माना जा रहा है। टॉप टेन में महानगरों में बरेली, अयोध्या, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, अलीगढ़, सहारनपुर, फिरोजाबाद, मथुरा-वृंदावन और शाहजहांपुर का नाम तक नहीं है। प्रदेश के 75 जिलों में अमरोहा, हरदोई, बुलंदशहर, कुशीनगर, उन्नाव सहारनपुर और बहराइच ही टॉप टेन सूची में क्रमश: शामिल हैं।

जनपद	संख्या
अमरोहा	1,45,727
हरदोई	1,45,064
लखनऊ महानगर	1,43,160
बुलंदशहर	1,38,778
आगरा महानगर	1,21,771
कुशीनगर	1,18,522
उन्नाव	1,16,443
सहारनपुर जिला	1,09,472
गाजियाबाद महानगर	1,06,619
बहराइच	1,05,828

बड़े-बड़े पदाधिकारी कर रहे चेन मार्केटिंग

भाजपा में बड़े-बड़े पदाधिकारी को सदस्यता के लिए चेन मार्केटिंग करनी पड़ रही है। संगठन से साफ संदेश है कि जिन्हें भविष्य में पद चाहिए, उन नेताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बनना पड़ेगा। अभियान के लिए एक लिंक बना है, उसको नेता जब दूसरे लोगों को भेजेगा और उसके जरिए जितने लोग सदस्य बनेंगे इससे उस नेता की सदस्य बनाने की गिनती बढ़ेगी। हालांकि पहले से आम सक्रिय कार्यकर्ता के लिए 100, सांसद के लिए 20 हजार, विधायक के लिए 10 हजार, महापौर के लिए 20हजार, नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 5 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2 हजार, निगम पार्षद एक हजार, नगर पालिका पार्षद के लिए 500, नगर पंचायत पार्षद के लिए 200, निगम आयोग और बोर्ड के अध्यक्ष के लिए एक हजार और जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए 15 हजार लक्ष्य तय किया गया है।

भाजपा विधायक के मामा की गोली मारकर हत्या

हसनपुर (अमरोहा)। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर खालसा में बुधवार रात गोशाला में सो रहे हसनपुर विधानसभा से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के मामा सत्यप्रकाश (72) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। देर शाम डीआईजी मुनिराज जी ने गांव में पहुंचे। हसनपुर कोतवाली के गांव घंसूरपुर खालसा में सत्यप्रकाश खड़गवंशी (70) परिवार सहित रहते हैं। सत्यप्रकाश के भांजे महेंद्र सिंह खड़गवंशी हसनपुर से विधायक हैं।

दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करतीं कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ कुलाधिपति और कुलपति।

कृषि विश्वविद्यालय के तारीफों के पुल बांधे तो कई लक्ष्य भी दिए

27 को स्वर्ण पदक समेत 595 को दी गई उपाधि

परिषदीय विद्यालयों के बच्चों पर बरसा दुलार और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर स्नेह

अवध का सिरमौर है नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय: कुलाधिपति

26 वें दीक्षांत समारोह में बोलीं राज्यपाल, कहा- इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा विवि का नाम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अवध का सिरमौर है। इतिहास में विश्वविद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। ये बातें गुरुवार को कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट प्रेक्षागृह में 26वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रही थीं।

समारोह में उपस्थित लोगों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और दृणसंकल्प ने ही विवि को नैक में उच्च ग्रेड A++ दिलाया। इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को भी देश में एक नई पहचान दिलाई। विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए पूरे विश्वविद्यालय परिवार को आगे आना होगा। विश्वविद्यालय जो भी कार्य कर रहा है उसका लाभ गरीब, पिछड़ा वर्ग और किसानों को हो रहा है। अयोध्या की पावन भूमि भी बना यह विश्विद्यालय कृषि और अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह देश का पहला ऐसा विश्विद्यालय है जिसने खुद का कृषि ड्रोन विकसित किया है। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली, सामुदायिक सहायता और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक व्यवस्था में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। अब विश्वविद्यालय के सामने विपरीत जलवायु में उत्पन्न होने वाली किस्मों और कम पानी में उत्पादन की क्षमता को विकसित करने के लिए अनुसंधान पर जोर देना होगा। विश्वविद्यालय को खुद का एक कृषि एप विकसित करना होगा जो किसानों और छात्रों की राह को आसान कर सके।

उन्होंने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन से ईटें, तेल आदि बनाने के प्रबंधन को समझकर विवि में भी एक कोर्स शुरू करने पर बल दिया। कुलाधिपति ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव और किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है उसका लाभ विश्वविद्यालयों को लेना चाहिए। कुलपति को प्राकृतिक खेती का लक्ष्य तय करने और हर साल उसको बढ़ाने के लिए भी कहा।

राज्यपाल ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की 50 फीसदी से अधिक अर्थव्यवस्था इसी पर निर्भर है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में शोध और अनुसंधान की बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री फसल योजना के तहत परम्परागत खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। बताया कि तिहलन और दलहन में एमएसपी के तहत केन्द्र सरकार अधिक मूल्य दे रही है। उन्होंने कहा कि इसी के चलते प्रदेश के 73 जिलों और 100 हाईटेक नर्सरी बनाए जाने का लक्ष्य है जिसमें से 36 तैयार हो चुकीं हैं। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 200 प्रजातियां विकसित की गई है और गन्ना छीलने की मशीन और हार्वेस्टर पेंटट किया जा चुका है। कृषि के क्षेत्र में केन्द्रीय बजट की जानकारी देते हुए कुलाधिपति ने कहा कि गत वर्ष 1.25 लाख करोड़ का बजट था और इस बार 1.56 लाख करोड़ का। उन्होंने कहा कि दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास आठ आकांक्षी जिलों में से छह कृषि विश्वविद्यालय के पास है उन्हें भी विकसित जिलों में लाने की सामूहिक जिम्मेदारी है।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने से पूर्व शपथ लेते छात्र - छात्राएं। अमृत विचार

सरकारी नौकरी के पीछे मत भागो, स्वरोजगार अपनाओ

कुलाधिपति ने अपने भाषण के दौरान युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सरकारी नौकरी के पीछे मत भागो, स्वरोजगार करो। हाल ही में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का उदाहरण भी पेश करते कहा कि 60 हजार पदों के लिए 45 लाख युवाओं ने परीक्षा दी, क्या सभी को नौकरी मिल जाएगी? पूछा क्या भविष्य में आपको नौकरी की उम्मीद है? युवाओं ने कहा नहीं। उन्होंने कहा कि आप स्वरोजगार अपनाइए, खुद भी पैरों पर खड़े हो और लोगों को भी खड़ा करें।

किसके पापा के पास जमीन है, हाथ खड़ा करें

अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सभागार में मौजूद छात्र-छात्राओं से पूछा कि किसके पिताजी के पास जमीन है, हाथ खड़ा करो। इस पर कुछ बच्चों ने जरा सा हाथ उठाया। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा डरो नहीं मैं ये इसलिए पूछ रही हूं कि आप आज यहां से उपाधि लेकर जा रहे हो। जिनके पास भी जमीन है, आधा, एक या दो एकड़। वो जमीन के एक कोने में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए प्रयोग करें।

दीक्षांत समारोह में मंच पर भाषण देती नन्हीं छात्रा परी।

नन्हीं परी ने अपने भाषण से जीता लोगों का दिल

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव डीली गिरधर के प्राथमिक विद्यालय की कक्षा तीन की छात्रा परी ने आज सबको दांतों तले अंगुली दबाने के लिए मजबूर कर दिया। कुलाधिपति के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में नन्हीं परी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मंच पर सम्मानित किए जाने के लिए उसे बुलाया गया। मंच से अपील होने पर राज्यपाल ने उसे भाषण सुनाने के लिए। उसने बहुत सधे और साफ शब्दों बिना किसी गलती के 15 अगस्त पर अपना भाषण देकर सभी का दिल जीत लिया। करीब छह मिनट में अपने भाषण से कुलाधिपति इतनी मुदित दिखी कि बराबर उसके सिर पर हाथ फेर वात्सल्य का प्रदर्शन करतीं रहीं हैं। उन्होंने अपने भाषण में भी परी का नाम लेते हुए भारत माता पर बनाए गए एक चित्रकला का जिक्र भी किया। जिसमें भारत माता और राष्ट्रीय ध्वज को दर्शाते हुए एक छात्रा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया था।

जल भरो कार्यक्रम से शुरू हुआ समारोह

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान, जल भरकर पर्यावरण संरक्षण के संदेश और कुलगीत से हुआ। कुलपति ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मंच का संचालन डॉ. सीताराम मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्रबंधन परिषद के सदस्य, जिलाधिकारी अंबेडकरनगर, विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

छह पुस्तकों का विमोचन

कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल व अन्य अतिथियों ने 26वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विवि की छह पुस्तकों का विमोचन किया। स्मारिका, वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, पूर्वांचल खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक शोध एवं प्रसार और फिजिकल एजूकेशन एंड योगा नाम के पुस्तक का विमोचन किया गया।

उपलब्धियों से भरा रहा पूरा वर्ष : कुलपति

विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह पर कुलपति ने अपने प्रतिवेदन को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने नैक में A++ उच्च ग्रेड हासिल किया है जो सभी की सफलता का परिणाम है। कुलाधिपति के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय को यह सफलता प्राप्त हो सकी। विवि में पिछले सत्र में श्रीलंका, विएनताम, जिम्बाब्वे और नेपाल के छात्रों ने प्रवेश लिया था और इस सत्र में भी घाना, मिश्र, लिसोथो, केन्या और नेपाल के छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने जा रहे हैं जो बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने बताया कि धान की दो उन्नत किस्म काला नमक प्रजाति काला नमक-1 पूसा नरेंद्र सीआरडी विकसित की गई है। चार वर्षों में एक पेटेंट अनुदत्त हुए और एक प्रकाशित हुआ। विश्वविद्यालय में रेडियो केंद्र स्थापित किया गया है।

नैक की सफलता ने विवि को दिलाई नई पहचान : डॉ. सीडी माई

यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है जिसने नैक में उच्च ग्रेड पाकर सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय का स्वरूप बहुत तेजी के साथ बदला है। ये बातें कृषि वित्त निगम इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष व कृषि विश्वविद्यालय परभणी महाराष्ट्र के पूर्व कुलपति डॉ. सीडी माई ने बृहस्पतिवार को कहीं। वह दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के कार्यों को जमकर सराहना की। कहा कि जिसने यह सफलता प्राप्त की है। कुलाधिपति/राज्यपाल ने नैक की मान्यता के लिए आठ बार बैठकें की जो उनकी महानता और मेहनत को दर्शाता है। देश की बढ़ती आबादी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा की गारंटी देने के लिए कृषि उत्पादन में तेजी लाने की जरूरत है।

केंद्र व राज्य सरकार किसानों की हितैषी: औलख

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 33 प्रतिशत गेहूं और 11 प्रतिशत चावल का उत्पादन हो रहा है। सब्जियों की खेती में हमारा उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ने किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहीं हैं। डबल इंजन की सरकार हमेशा किसानों के हितों के लिए साथ खड़ी है। मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अब तक 199 प्रजातियों को विकसित किया है जिसका लाभ किसानों को सीधे पहुंच रहा है। नैक मूल्यांकन मे A++ ग्रेड हासिल करने पर उन्होंने विश्वविद्यालय के कार्यों की जमकर सराहना की। कहा कि मैं महाराष्ट्र से आया हूं वहां भी यहां का आवंला प्रसिद्ध है।

कृषि क्षेत्र में बेटों से आगे निकल रही हैं बेटियां

कुलाधिपति ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय का ये पांचवां दीक्षांत है जिसमें मैं शामिल हो रही हूं। पहले पदक तालिका में लड़के आगे रहते थे, लेकिन दो साल से बेटियां बेटों से आगे निकल रही हैं। बहुत खुशी हो रही है। आज बेटियां 55 प्रतिशत पर है और छात्र 44 प्रतिशत पर। बेटियां तो कृषि नीति करेंगी और बेटे राजनीति। पूछा क्यों, ऐसा ही है न? इस पर सभागार ठहाकों से गूंज गया।

पांच प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

26वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न जगहों से पहुंचे पांच प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। जिसमें बहराइच की पार्वती देवी को केला उत्पादन, अरविंद कुमार पाल को मछली व काला नमक उत्पादन, बाराबंकी के अजीत कुमार को मधुमुक्खी पालन, आजमगढ़ के महेंद्र सिंह को प्राकृतिक खेती और गाजीपुर के ज्ञानेंद्र कुमार राय को केले के साथ-साथ खेती के सहफसली प्रयोग के लिए सम्मानित किया गया।

मेधावियों को स्वर्ण पदक और उपाधि प्रदान करतीं कुलाधिपति

स्वर्ण पदक पाकर झूम उठे मेधावी

कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के हाथों स्वर्ण पदक पाकर सभी 27 मेधावी खुशी से झूम उठे। कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि पदक पाने के बाद छात्र-छात्राएं सेल्फी लेते नजर आए और एक दूसरे को बधाईयां दीं।

अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत आज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह आज शुक्रवार को होगा। समारोह को लेकर गुरुवार को फाइनल रिहर्सल पूरा हो गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह के समय में बदलाव हुआ है। ये सुबह 11 बजे के स्थान पर अब 10 :30 बजे से प्रारम्भ होगा। सभी स्वर्णपदक एवं उपाधिधारक छात्र-छात्राओं व आमंत्रित आगंतुकों को हर हाल में सुबह 10 बजे तक स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में स्थान ग्रहण कर लेना होगा। इसके बाद प्रवेश रोक दिया जायेगा। परिसर में दीक्षांत निमंत्रण कार्ड के बिना समारोह में प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी को अपना एक परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा। परिसर में दो पहिया वाहनों की पार्किंग अधिष्ठाता छात्र कल्याण भवन के नीचे से लेकर श्रीराम शोधपीठ तक की जायेगी। चार पहिया वाहन अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास से लेकर दीक्षा भवन तक की जायेगी।

दीक्षान्त समारोह को लेकर रिहर्सल के दौरान प्रतीकात्मक रूप से छात्र को उपाधि प्रदान करतीं कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल

उन्होंने बताया कि गुरुवार को रिहर्सल की शुरुआत कौटिल्य प्रशासनिक भवन से कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में डोगरा रेजिमेंट के आर्मी बैंड धुन के साथ दीक्षांत के सम्मानित सदस्यों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह के लिए प्रस्थान किया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा स्नातक, परास्नातक व पीएचडी के छात्रों को दीक्षोपदेश का पूर्वाभ्यास कराया गया।

कुलपति के नेतृत्व में समारोह का किया गया फाइनल रिहर्सल

स्वर्णपदक छात्रों को अभ्यास कराया गया। संचालन का प्रो. एसएस मिश्र द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने किया। राष्ट्रगान के साथ रिहर्सल का समापन किया गया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बताया कि 29 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को एमजीआईईपी, महात्मा गांधी शांति एवं सतत् विकास शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के चैयरमैन प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी रहेगी। डिजी लॉकर में सत्र 2023-24 के दो लाख 228 उपाधियां कुलाधिपति के द्वारा अपलोड की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में 116 स्वर्णपदक प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 170 पीएचडी उपाधि दी जायेगी।

स्वर्ण पदक मिला तो बोले मेधावी, अब छूना है आसमान

कुमारगंज, अयोध्या। कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 26 वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के हाथों स्वर्ण पदक पाने वाले छात्र-छात्राओं का दिल बल्लियों उछला। किसी ने कृषि वैज्ञानिक बनने तो किसी ने अनुसंधान के क्षेत्र में जाने की बात कही।

कुलाधिपति स्वर्ण पदक पाने वाली श्रेया राव सामुदायिक विज्ञान की छात्रा हैं। वह वैज्ञानिक बनकर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहती हैं।

बीएससी हॉर्टिकल्चर के छात्र अमित कुमार को कुलाधिपति स्वर्ण पदक मिला है। वह कृषि वैज्ञानिक बनेंगे। कहा कि जिस विषय में उन्हें उपाधि मिली है उसी में समाज में योगदान देंगे।

सब्जी विज्ञान विभाग में पीएचडी पूर्ण होने के बाद कुलाधिपति स्वर्ण पदक पाने वाले मृत्युंजय राय शोध पर कार्य कर उन्नतशील बीज विकसित करना चाहते हैं।

कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्राप्त बीएपीएससी की छात्रा आकांक्षा वर्मा का सपना कृषि वैज्ञानिक बन कर देश के कृषि क्षेत्र को योगदान देने का है।

कृषि विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में गुरुवार देर शाम विवि की छात्राओं व छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

जब कुलाधिपति ने दिव्यांग प्रधानाध्यापिका के पास पहुंच किया सम्मानित

दीक्षांत समारोह के दौरान गोद लिए गए एक परिषदीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शीला तिवारी को दिव्यांग होने के नाते मंच तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी हो रही थी। ये देख कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, मुख्य अतिथि डॉ. सीडी माई व विशिष्ट अतिथि कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख खुद उनखे पास तक गए और सम्मानित किया गया। यह दृश्य देख कर सभी लोग भावुक भी हुए।

मिल्कीपुर में आयोजित जनसभा में लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री व मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या में नहीं हुआ कोई जमीन घोटाला : योगी

मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया

गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को हो रही तकलीफ

जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही सपा के दरिंदों की मंशा ठीक नहीं हो सकती

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में जमीन घोटाले के सपा के आरोप पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के गुरुवार को तेवर तल्ख रहे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ, बल्कि किसानों को 1700 करोड़ रुपये मुआवजा बांटा गया है। वह मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधितकर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा के गुर्गों से जमीन मुक्त कराने पर सरगना को परेशानी हुई। अब सरगना कहता है कि अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है। यह लोग अपने गुर्गों के काले कारनामों के पक्ष में बोल रहे हैं। एक भी मामला ऐसा नहीं है, जहां पीड़ित को मुआवजा न मिला हो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2017 के बाद एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया। सपा के भूमाफिया-गुंडों से 54 हजार हेक्टेयर लैंड को मुक्त कराया। भदरसा में भी जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया है। जिस अयोध्या को इन्होंने रामभक्तों के लहू से सींचा था, गोली चलवाई थी। वहां 22 जनवरी से अब तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु भगवान रामलला के दर्शन कर चुके हैं।



मंच से बटन दबा कर विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केबिनेट मंत्री व विधायक एवं विभिन्न योजनाओं के लगे शिलापट। अमृत विचार

2017 के पहले गरीबों का राशन हजम कर रहे थे सपा के गुंडे

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 15 करोड़ लोग फ्री में राशन पा रहे हैं, लेकिन 2017 के पहले सपा के गुंडे गरीबों का राशन हजम कर रहे थे। बोले कि यूपी देश के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। 2017 के पहले यूपी को भारत के विकास का बैरियर माना जाता था। अराजकता चरम पर थी। विकास योजनाओं में भेदभाव व महापुरुषों का अपमान होता था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कार्यों को तेज गति से बढ़ाया। आज फोरलेन, टू लेन सड़कें, गांव की बेहतर कनेक्टिविटी, गांव-मजरे में बिजली-पानी की व्यवस्था दिखती है। उन्होंने सरकार के कार्यों को गिनाया। कहा कि 1.83 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना में फ्री सिलेंडर दिए गए। पिछले वर्ष से इन परिवारों को होली-दीवाली पर फ्री सिलेंडर दे रहे हैं।

सपा, बसपा-कांग्रेस शासन में भी नहीं हुआ उतना विकास जितना साढ़े सात साल में हुआ

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अयोध्या को 30 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी है। अयोध्या का जितना विकास डबल इंजन सरकार ने साढ़े सात साल में किया, उतना कांग्रेस के 60 साल, सपा की चार बार की सरकार में नहीं हुआ। सरकार ने 6461 दुकानों का भी पुनर्वास किया। किसी को दुकान, मुआवजा, एफएआर में छूट देकर जमीन पर पीछे साइड दुकान बनाने की अनुमति दी गई। वहीं प्रदेश में हमारी सरकार ने साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख नौजवानों को नौकरी दी। दो करोड़ से अधिक नौजवानों को निजी क्षेत्रों में नौकरी व रोजगार दिया। 60 लाख से अधिक उद्यमियों को प्रदेश में उद्यम लगाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री की जनसभा में उमड़ी समर्थकों की भीड़।

सीएम ने दी एक हजार करोड़ रूपये की 83 परियोजनाओं की सौगात

मिल्कीपुर क्षेत्र में मिनी स्टेडियम सहित कई का किया शिलान्यास/लोकार्पण

अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिल्कीपुर एक हजार करोड़ की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास बटन दबाकर किया। इसमें 8283.43 लाख की लागत से 37 परियोजनाओं का लोकार्पण और 92191.20 लाख की लागत से 46 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग से ग्राम पंचायत रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय जैन सहित अन्य लोग थे।

इन लाभार्थियों को मिली चाबी, कार्ड और चेक

- आयुष्मान गोल्डन कार्ड के तहत शीलम, गीता व सुनीता सिंह को स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रमाण पत्र
- कृषि विभाग के तहत संतराम शुक्ला व मनोज कुमार तिवारी को कस्टम हायरिंग सेन्टर के तहत चाबी
- सभाराज को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का प्रमाण पत्र
- उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र विभाग के तहत कच्ची घानी उद्योग योजना के अन्तर्गत आदित्य कुमार को 10 लाख रूपये
- गुड़ उत्पादन योजना के तहत राम सहाय को आठ लाख रूपये का डमी चेक
- उद्यान विभाग द्वारा हरिबक्स सिंह को प्रमाण पत्र
- एनआरएलएम विभाग से 1880 स्वयं सहायता समूह को सीसीएल व 1153 स्वयंसहायता समूह को आरएफ एवं 730 स्वयं सहायता समूह को समूह के चार लाभार्थियों को चेक
- मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सर्वावती को आवास की चाभी व तीन लाभार्थियों को सिलाई मशीन का वितरण किया गया।

आज का मौसम

24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने एवं बूंदाबांदी होने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

आज के कार्यक्रम

- श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पत्रकारों से कारसेवकपुरम में 11 बजे बातचीत करेंगे।
- सपा की महानगर ईकाई की आपात बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर दोपहर 1 बजे से।
- हनुमतनगर बाजार में 10 दिवसीय रामलीला का मंचन रात 9 बजे से।

कहां हैं लल्लू महाराज...

सीएम ने पूछा तो बगलें झांकने लगे भाजपा के मंत्री से पदाधिकारी तक

अयोध्या कार्यालय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जनसभा करने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिल्कीपुर पहुंचे थे। जमसभा के बाद बैठक शुरु हुई तो अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह को न देख उन्होंने पूछा कहां हैं लल्लू महाराज। मुख्यमंत्री के सवाल पर प्रभारी मंत्री सहित मंत्री और संगठन के लोग बगलें झांकने लगे। बैठक कक्ष में सन्नाटा छा गया। तर्क दिए गए, लेकिन साफ हुआ कि संगठन ने बैठक के लिए उन्हें बुलाया ही नहीं था। सूत्रों के मुताबिक जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू भी बैठक में मौजूद नहीं थे। कहा गया कि उन्हें सूचना दी गई थी। भाजपा के मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने पूर्व सांसद लल्लू सिंह के हवाले से बताया कि पूर्व सांसद को बैठक की सूचना नहीं दी गई थी।

पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बूथ जीतकर चुनाव जीतिएः सीएम

अयोध्या, कार्यालय। अमृत विचार : सभा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधकारियों के साथ बैठक की। कहा कि बूथ जीतकर चुनाव जीतिए। मंडल स्तर के पदाधिकारियों से सांगठनिक रिपोर्ट ली। कहा अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें चुनाव बूथ पर लड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्र दिया है कि बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे। हमें हर बूथ पर जीत दर्ज करनी है। पदाधिकारी बूथों की कटेगरी निर्धारित कर लें। ए कैटेगरी के बूथ पर बड़ी जीत दर्ज करनी है। बी कैटेगरी के बूथों को ए कैटेगरी तथा सी कैटेगरी के बूथों को बी कैटेगरी में लाना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस (25 सितंबर) पर पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथों पर जाएं और स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से चल रही प्रदेश, अयोध्या व मिल्कीपुर में चल रहीं विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराएं। बोले कि किसान, अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी सहित सभी वर्गों के सम्मेलन आयोजित किए जाएं। 30 सितम्बर तक बैठक औकर मोर्चा के सम्मेलन कर लिएजाएं। इसके बाद सभी को मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाए। बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कोरी, राघवेंद्र पांडेय, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल सहित अन्य थे।

माफिया के सामने नाक रगड़ने वाला संतों को कहता है माफिया

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव के माफिया और मठाधीश वाले बयान को साधु-संतों का अपमान बताया। कहा कि समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी माफिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर 11.40 बजे मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में उतरा। वे जनसभा में 36 मिनट बोले। संबोधन से पहले 1005 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास एक साथ बटन दबाकर किया।

मुख्यमंत्री के गुरुवार को तेवर देखने लायक थे। वह लगातार हमला कर रहे थे। कहा कि माफिया के सामने नाक रगड़ने वाला आज संत को माफिया कहता है। प्रदेश के संगठित अपराध में लिप्त गाजीपुर, अंबेडकरनगर, रामपुर, प्रयागराज के माफिया इनके चचाजान थे। माफिया के सामने नाक रगड़ने और दंगाइयों के सामने घुटने टेकने वाला व्यक्ति संत परंपरा को माफिया कहता है। यह उनके संस्कार हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। इन्हें हिंदू विरोधी आचरण के लिए फिर से प्रोत्साहित कर रही है। ये लोग अराजकता फैलाते हैं, देशद्रोहियों को आश्रय देते हैं। मैं कह सकता हूं जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही सपा के दरिंदे जो बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, ये ठीक नहीं हो सकते हैं। इनको तो कानून के दायरे में लाकर शिकंजा कसना होगा। हमारी सरकार यही काम कर रही है।

अयोध्या के भदरसा, अलीगढ़ व भदोही, कन्नौज कांड का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी बहन, बेटियों के साथ दरिंदगी होती है, वहां सपा के लोगों का नाम ही क्यों प्रकाश में आता है। कहा कि मिल्कीपुर के रेवना गांव में ग्रामीणों में खेल की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए नौ करोड़ रुपये की लागत से मिनी स्टेडियम का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके पहले जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर मुख्यमंत्री ने मंच से ही दोनों हाथ उठाकर अभिवादन किया। इसके पूर्व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान, एमएलसी हरिओम पांडे, रघुनंदन चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडे, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमलेश मिश्रा, सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना तो रामद्रोही सपा परेशान

सीएम ने कहा कि आज अयोध्या का रामजन्मभूमि पथ, भक्तिपथ, एयरपोर्ट पथ फोरलेन, अयोध्या को जोड़ने वाला प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, अमेठी, रायबरेली आदि सभी मार्ग फोरलेन कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। प्रभु श्रीराम हजारों वर्ष पहले पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे, लेकिन सपा या कांग्रेस के मन में कभी नहीं आया कि अयोध्या में एयरपोर्ट बन जाए। 821 एकड़ भूमि पर अयोध्या में अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना तो रामद्रोही सपा परेशान है। कुछ दिन बाद इंटरनेशनल कनेक्टिविटी से अयोध्या जुड़ने वाला है। अब अयोध्या को देखकर इनकी आंखें चौंधिया जाएगी। सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी भी बन रही है। भगवान सूर्यवंश की रोशनी से यहां की लाइट जगमाएगी तो अंधेरे में रहने वाली सपा इसे कैसे स्वीकार कर सकती है।

लाभार्थी महिला को आयुष्मान कार्ड प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

नेताओं और टिकट के दावेदारों में अधिक भीड़ लाने की होड़

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भीड़ लाने के लिए नेताओं और टिकट के दावेदारों में होड़ रही। जनसभा में भारी भीड़ का हुजूम देखने को मिला। मुख्यमंत्री को सुनने वाले लोगों में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल रहे। सीएम की सभा में भीड़ जुटाने के लिए सैकड़ों की संख्या में बसें एवं छोटी गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। मिल्कीपुर की सभा में भीड़ के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही भाजपा से टिकट चाहने वाले दावेदारों ने ताकत झोंकी थी। यही नहीं विभिन्न प्रत्याशियों ने जनसभा में आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी कराई थी। कई दावेदारों के समर्थक पानी की बोतले बांटते हुए नजर आए।

जुलूस के रूप में सभा में शामिल होने पहुंची समिति पदाधिकारियों और किसानों की भीड़।

राजनीति तथ्य, जुबान और भाव भंगिमाओं के जरिए साख बचाने की कोशिश

मिल्कीपुर उपचुनाव में है अयोध्या की साख का सवाल

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: अयोध्या की साख एक बार फिर दांव पर है। साख बचाने का रास्ता मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव से जाता है। अब जुबान और भाव भंगिमाओं के जरिए वोटरों को पक्ष में करने का प्रयोग शुरू हो गया है। 30 सितंबर तक पूरे विधानसभा क्षेत्र को मथने की रणनीति है। इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। अक्टूबर में विधानसभा उपचुनाव की आचार संहिता लागू हो सकती है। जन सभा में मौजूद लोगों ने टिप्पणी की कि मिल्कीपुर उप चुनाव में अयोध्या की साख का सवाल भी तो है। तथ्य, जुबान और भाव भंगिमाओं के जरिए साख बचाने की कोशिश सभी कर रहे हैं।

30
सितंबर तक विधानसभा क्षेत्र को मथने की रणनीति, फिर शुरू होगा दूसरा चरण

- बजती तालियां और प्रति उत्तर ने पैनी की सीएम के सियासी हमले की धार
- अक्टूबर में लग सकती विधानसभा उपचुनाव के लिए आचार संहिता

लोकससभा चुनाव में भाजपा को गहरा धक्का लगा। वीआईपी फैजाबाद संसदीय सीट हार गई। अब मिल्कीपुर उप चुनाव से साख बचाने का मौका मिला है। सपा और भाजपा से तल्ख टिप्पणी शुरू हो गई है। चार महीने से जीत के लिए भाजपा धार रख रही है। सरकार ने ताकत झोंक दी है। सीएम स्वयं कमान संभाल रह हैं। यहां तीन बार पहुंच चुके है। चार से ज्यादा मंत्री क्षेत्र में कैंप कर रहे है। चार नवंबर को छह महीने पूरे होने वाले हैं। अक्टूबर में चुनाव की आचार संहिता लग सकती है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मंत्रियों पदाधिकारियों की बैठक में इसके लिए निर्देश दे दिया। भाजपा के सभी प्रकोष्ठों की बैठक और मोर्चा के सम्मेलन 30 सितंबर तक पूरे किए जाएं। उन्होंने इसके लिए जमीन बनाने का काम गुरुवार को स्वयं किया। बदलती भाव भंगिमाओं के बीच मुख्य विपक्षी सपा पर हमले के जरिए ध्रुवीकरण तेज करने का प्रयास किया। जनसभा में मौजूद मतदाताओं की प्रतिक्रिया का आकंलन किया। तालियां बजी, आवाजों का शोर उठा तो हमले और तेज हुए। संबोधन के बिदुओं के जरिए उन्होनें चुनाव के लिए होने वाले सम्मेलन और बैठकों में चर्चा के आधार देने की कोशिश की। एक अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे चरण में मतदाताओं से सीधे संपर्क की रणनीति है।

जनसभा में मौजूद राम शंकर मौर्य ने कहा कि अयोध्या की साख का सवाल है। मुख्यमंत्री के तवर तो तीखे होंगे ही। रवींद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबा की भाव भंगिमाएं और तेवर देखने लायक थे। कई अन्य ने भी टिप्पणी की।

योजना के लिए अनुदान की धनराशि की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

टिकट के दावेदारों के कटआउट और पोस्टर नीचे करने की अपील

मिल्कीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में दावेदारों के समर्थकों में एक दूसरे से आगे दिखने की होड़ रही। कट आउट और हाथों में होर्डिंग थी। बार-बार ऊपर लहराने लगे। पदाधिकारियों ने दावेदारों के समर्थकों को अपने होर्डिंग और कट आउट नीचे रखने के लिए कहा। नसीहत दी कि अगर दुबारा कट्आउट उठाया तो आप जिसके समर्थक हैं उसका नंबर डाउन हो जाएगा।

योगी ने नहीं लिया मंच पर मौजूद पूर्व विधायकों का नाम

मिल्कीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब मिल्कीपुर में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे तो सभी की नजर दावेदारों के नाम पर थी। लेकिन योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में मंचासीन पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी व गोरखनाथ बाबा समेत दावेदारी कर रहे किसी भी नेता का नाम नहीं लिया।

हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और विकास के बहाने लोगों में जोश भर गए योगी

बलराम तिवारी, मिल्कीपुर (अयोध्या)

अमृत विचार: मिल्कीपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा करके चुनावी पारा बढ़ा दिया। उनका भाषण हिन्दुत्व, राष्ट्रवाद और विकास के ईर्द-गिर्द ही रहा। भाषण में स्थानीय मुद्दे तो ज्यादा नहीं दिखे, लेकिन उनके हिन्दुत्व केंद्रित भाषण ने मिल्कीपुर के भाजपाइयों के साथ युवाओं में नया जोश पैदा करने में कसर नहीं छोड़ी। यही वजह रही कि सामने बैठी भीड़ की ओर से पूरे जोश में जय श्रीराम व हिन्दू हृदय सम्राट योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे बार-बार गुंजायमान होते रहे।

योगी ने अपने भाषण में कई बार पाकिस्तान का नाम लेकर उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने का पूरा प्रयास किया। 10 साल में केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार में हुए अयोध्या के विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा की। मिल्कीपुर में किए गए विकास कार्यों को एक-एक करके गिनाया। सीएम ने पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की संख्या के साथ अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सीधे नाम लेकर हमला करने से परहेज रखा। अभी पिछले दिनों सपा से चुने गए सांसद व मिल्कीपुर के निवर्तमान विधायक अवधेश प्रसाद पर भी टिप्पणी करने से गुरेज किया।

लोकसभा चुनाव के बाद मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह तीसरा दौरा था, लेकिन इस बार उनका भाषण पिछले संबोधनों से काफी हद तक अलहदा था। उन्होंने अपने जोशीले भाषण में सपा को गुंडों और दंगाइयों का एक संगठन करार दिया तो कांग्रेस व बसपा को लताड़ने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उनका भाषण राष्ट्रीय और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित रहा। सपा सरकार में अयोध्या में रामभक्तों पर चलाई गई गोलियों से अयोध्या के रक्तरंजित होने की बात करके राम मंदिर आंदोलन की याद ताजा करने की पूरी कोशिश की।

सार-संक्षेप

राम की पैड़ी से तुलसी उद्यान तक हुआ प्लॉग रन

विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत रामपैड़ी से तुलसी उद्यान तक प्लॉग रन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता क्विज में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अभियान की शुरुआत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने की। नगर निगम के अधिकारियों के अलावा महाराजा इंटर कॉलेज, तुलसी महिला विद्यालय, जनता अवध विद्यालय, बापू बालिका विद्यालय, मधुसूदन विद्या मन्दिर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर आयुक्त ने कहा कि अयोध्या सम्पूर्ण विश्व में प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी के रूप में सुविख्यात है। इसकी गरिमा के अनुरूप स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक/शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को इस अभियान में सहभागिता करने के लिए धन्यवाद दिया। अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, जोनल अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा उपस्थित रहे।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी दोष मुक्त

अयोध्या। अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से गुरुवार को हुआ। अधिवक्ता संतोष राय ने बताया कि घटना 16 फरवरी 2023 की है। विवेचना में करन कुमार निषाद निवासी आजा बाजा जिला समस्तीपुर बिहार का नाम प्रकाश में आया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोप साबित न होने पर दोष मुक्त कर दिया।

शिंदे गुट के विधायक के खिलाफ रिपोर्ट के लिए दी तहरीर

अयोध्या। अमृत विचार : यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर कोतवाली अयोध्या में प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक और हिंसक बयान देने वाले महाराष्ट्र शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र प्रताप सिंह, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष दीपांशु तिवारी, जिला महासचिव निर्भय सिंह, जिला महासचिव हुजैफा असलम आदि शामिल रहे।

बरवा के प्रधान व सचिव के विरुद्ध जांच शुरू

मसौधा अयोध्या। अमृत विचार : ग्राम पंचायत बरवा के प्रधान व सचिव ग्राम पंचायत के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता के आरोपों की जांच शुरू हो गई है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देश पर गठित जांच टीम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय सहित विकासखंड मसौधा के अधिकारी शामिल हैं। टीम ने गुरुवार सुबह गांव पहुंचकर जांच कार्य शुरू कर दिया है।

जेबीए के तीन छात्र राष्ट्र स्तरीय योगासन के लिए चयनित

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रांची के गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में पांच से आठ सितम्बर तक आयोजित हुई सीबीएसई ईस्ट जोन योगासन प्रतियोगिता में जेबी अकादमी के तीन छात्रों का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य वीके जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंडर-19 बालक वर्ग में सूर्यांश ओझा, अंडर-19 बालिका वर्ग में समृद्धि श्रीवास्तव व अंडर 17 बालिका वर्ग में अश्विका यादव का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग हेतु चयन हुआ। प्रशिक्षक डॉ. राजेश तिवारी बताया कि अयोध्या जिले से पहली बार योग प्रदर्शन के लिए छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। प्रधानाचार्य जोशी, जेबीएनएस सोसायटी की निदेशक मंजुला झुनझुनवाला, उपनिदेशक दीपक शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामना देते हुए उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री से की विकास कार्यों के जांच की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : एडवोकेट मदन मालवीय, कृष्ण कुमार पांडेय व रामेश्वर दास आदि ने हस्ताक्षरित पत्र मुख्यमंत्री को भेज कर अयोध्या में अब तक हुए विकास कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने गुप्तारघाट से नयाघाट के बीच सरयू नदी में गिरने वाले सभी बड़े नालों को बन्द करवा कर अन्यत्र निकासी की व्यवस्था का भी अनुरोध किया है।

सरयू को प्रदूषण से बचाने की गुहार

अयोध्या, अमृत विचार : धाम के साधु संतों ने महापौर गिरीशपति त्रिपाठी से सरयू को प्रदूषण से बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने इस संदर्भ में महापौर को पत्र भेजा है। संबोधित पत्र में गौमाता के जल प्याऊ के लिए बरही निर्माण का अनुरोध किया है। हर्षण कुंज के संत कमला दास आदि ने हस्ताक्षरित पत्र से अनुरोध किया है कि निराश्रित गोवंश के जल पीने के लिए समस्त वार्डों में मजबूत-वरही का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने गुप्तारघाट से गोलाघाट तक सरयू नदी में गिर रहे गन्दे नाले के पानी को बन्द कराकर सरयू नदी को प्रदूषण से बचाने व भक्तों की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए कनक भवन मंदिर की परिक्रमा खुलवाने का अनुरोध किया है। उन्होंने सरयू किनारे के दुकानदारों व नौका बिहार वालों को नदी में कूड़ा फेंकने पर अर्थ दण्ड लगाने का भी अनुरोध किया है।

नशे में बना रहा था नर्स का वीडियो, रोका तो काटा बवाल

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में रात भर हंगामा, नहीं सो पाया एक भी मरीज, लोग रहे परेशान

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : जिला अस्पताल में अब नशे में हंगामा काटने की खबरें आम हो गई हैं। ताजा मामला मेडिकल वार्ड का है। यहां रात में मरीज को इंजेक्शन लगा रही नर्स का एक युवक वीडियो बनाने लगा। रोका तो उसने जमकर बवाल काटा। भोर तक चले हंगामे के बीच वार्ड में भर्ती मरीज सो भी नहीं पाये। पूरी रात सब परेशान रहे। हालांकि अब कोई भी मामले से बोलने से कतरा रहा है। सुबह नर्स की शिकायत मिलने के बाद सीएमएस ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की है।

▸▸ आरोप-पुलिस ने पकड़ा, लेकिन शिकायत न मिलने के बाद छोड़ा

जय प्रकाश पांडेय निवासी नंसा बाजार तारुन का मेडिकल वार्ड में इलाज चल रहा है। वह बेड नंबर 19 पर भर्ती हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा के मुताबिक बुधवार रात करीब 12 बजे एक नर्स जय प्रकाश को इंजेक्शन लगा रही थी। तभी उसके साथ का तीमारदार युवक नर्स का इंजेक्शन लगाते हुए वीडियो बनाने लगा। नर्स ने आपत्ति जताई तो वह तू-तड़ाक पर उतर आया। सूचना पर नर्स एकत्रित हुईं तो जमकर हंगामा करने लगा। मौके पर पहुंचे गार्डों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया। स्वास्थ्य कर्मियों का आरोप है कि पुलिस आरोपी को पकड़कर ले गई और थोड़ी देर बाद छोड़ दिया, क्योंकि कोई भी शिकायत पत्र नहीं दिया गया था। पुलिस चौकी से छूटा आरोपी कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों को लेकर मेडिकल वार्ड पहुंच गया और फिर से बवाल करना शुरू कर दिया। सुबह साढ़े तीन बजे तक ऐसा ही चलता रहा। इस संदर्भ में जब संबंधित मरीज से बात की गई तो उसने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। ड्यूटी रूम में मौजूद नर्स भी कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं थीं। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया एक नर्स ने शिकायत दी है। एसएसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई है।

हंगामे ने दिलाई तीमारदार पास की याद, 150 बंटे

मेडिकल वार्ड में रात भर चले हंगामे के बाद जिला अस्पताल प्रशासन को मरीजों के तीमारादारों को पास बांटने की याद आई। दूसरे दिन ही 150 पास जारी किए गए। इन्हें इमरजेंसी में ही रखवा दिया गया। भर्ती मरीज के दो तीमारदारों को ही पास मिलेंगे। इस पास के जरिए ही मरीज वार्ड या अस्पताल परिसर में घूम सकेंगे। दिन और रात में गार्ड पास चेक करेंगे। बिना पास वाले लोगों को वार्ड में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह कागज के पास हैं। इन्हें लेमिनेशन कराकर वितरित किया गया है।

इमरजेंसी ओपीडी के बगल में लगेगा गेट

जिला अस्पताल में आए दिन हो रहे बवाल को देखते हुए अब अस्पताल भवन के अंदर प्रवेश करने वाले सभी मार्गों की निगरानी की जाएगी। इमरजेंसी ओपीडी के बगल से वार्ड को जाने वाले रास्ते पर अब गेट लगवाया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि गेट लग जाने के बाद अनाधिकृत लोगों का प्रवेश पूरी तरह से बंद हो जाएगा। इसके अलावा अस्पताल में प्रवेश के सभी दरवाजों को सिर्फ समय पर ही खोला जाएगा।

ट्रक और कार में भिड़ंत, छह घायल

रुदौली अयोध्या। कोतवाली के भेलसर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर भेलसर गांव के मोड़ के पास बुधवार रात लगभग साढ़े नौ बजे लखनऊ से बस्ती जा रही कार में अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रॉस पर डिवाइडर पारकर कार से टकरा गया। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि कार किस्मतुल निशा अर्गलाखां कुचेरा बाजार थाना कलवारी जिला बस्ती, हफ़ीज़ उल्लाह, नुरुल हुदा नगर बाज़ार थाना नगर जिला बस्ती, मोहम्मद शमीम व हुदेजा खातून पत्नी हफ़ीज़ अल्लाह थाना कलवारी जिला बस्ती गम्भीर रुप से घायल हो गए। दोनों वाहन पुलिस के कब्जे में हैं।

कोटा चयन में गए युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

सोहावल अयोध्या

अमृत विचार : गांव बरसेंडी में बुधवार को कोटेदार के चुनाव में दलित युवक दुखीराम (35) पत्नी व बच्चों संग दावेदारी के लिए गया था। विरोध जताते हुए कहा पहले यह कोटा दलित वर्ग के नाम रहा। अब दलित समाज को आवेदन से वंचित क्यों किया जा रहा है। आरोप है कि इस पर मौजूद पुलिस बल के साथ कुछ लोगों ने उसको धक्का मार कर चयन स्थल से बाहर कर दिया। उसे हार्ट अटैक आ गया और इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम हाउस पर गुरुवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद और पार्टी के वरिष्ठ नेता अनूप सिंह की मौजूदगी में परिजनों ने मौजूद एक उपनिरीक्षक पर मारने-पीटने धक्का देने का आरोप लगाया। चयन कराने गए ब्लॉक के आईएसबी मनोज कुमार तिवारी ने बताया 2020 के बाद बदले आरक्षण के चलते कोटा सामान्य वर्ग के लिए था। कुल सात आवेदन आए हैं। इसमें से पांच महिलाओं के समूह से है, जिनकी पात्रता थी। युवक हार्ट का मरीज था। उसे अटैक मौके पर ही आया था, लेकिन कोई विवाद नहीं हुआ था। क्षेत्र के चौकी प्रभारी एसएन सिंह ने घटना के बारे में किसी भी शिकायत पत्र मिलने से इन्कार किया है।

रोड जाम कर मांगी सहायता राशि

बरसेंडी गांव में दुखीराम की मौत के बाद नाराज परिजन व ग्रामीण गुरुवार शाम सदर तहसील पहुंचे। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्नी जगमता ने जिलाधिकारी को संबोधित पत्र दिखाते हुए कहा कि अब हम बेसहारा हो गए हैं। हमारे छोटे-छोटे बच्चे हैं। हमारी मांग है कि हमें सहायता राशि के रूप में 20 लाख रुपये और आरक्षित सरकारी गल्ले की दुकान दी जाए। इसके अलावा प्रभारी निरीक्षक रौनाही के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

लाल निशान पर पहुंचा सरयू का जल स्तर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: सरयू का जल स्तर गुरुवार को लालनिशान तक पहुंच गया है। इसमें गिरावट जारी है। जलस्तर गिरने से बाढ़ प्रभावितों ने राहत की सांस ली है। जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सदर और रुदौली तहसील क्षेत्रों में बाढ प्रभावित इलाके का दौरा किया। राहत सामग्री का वितरण किया।

शुजागंज प्रतिनिधि के अनुसार बाढ़ प्रभावित पसैया,सलेमपुर व महंगू का पुरवा 250 परिवारों को राहत सामग्री किट का वितरण किया। मंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में प्रभावित परिवारों की समस्या सरकार की समस्या है जिसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। दौरे के समय सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रूदौली विधायक रामचंद्र यादव,एडीएम महेंद्र प्रताप सिंह, आपदा विशेषज्ञ यथार्थ तिवारी, उपजिलाधिकारी रूदौली प्रवीण यादव सहित अन्य लोग थे।

बाढ़ प्रभावितों को राहत किट बांटते जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

अयोध्या, अमृत विचार : कांग्रेस नेता और आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने गुरुवार को रूदौली तहसील के महंगू का पुरवा, सड़री, पसैया, अब्बुपुर, कैथी, पसता, मुजेहना, सल्लापुर, सराय नासिर आदि बाढ़ गांवों का दौरा किया। तीन कैम्पों में भी जाकर पीड़ितों से मुलाकात की। कहा कि लगभग तीन सौ ऐसे परिवारों को न तो राहत सामग्री मिली है न ही उनके पशुओं को चारा। उनके साथ जिपं सदस्य बलराम यादव, जिला युवक कांग्रेस के महासचिव अनमोल शुक्ला, सुरेश चन्द तिवारी, राम आशीष तिवारी, नदीम खाँ आदि थे।

बैकुंठ धाम में असुविधाएं, पुराने घाट पर बढ़े अंतिम संस्कार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बाढ़ का पानी घटते ही एक बार फिर से सरयू तट के किनारे बने अस्थायी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार तेजी से शुरू हो गया है। बाढ़ के कारण यहां शवों का दाह संस्कार नहीं जा रहा था। वहीं बस अड्डे के निकट बने बैकुंठ धाम में असुविधाओं का आरोप लगाया है। घाट पुरोहित सत्तू महाराज व नीलू महाराज ने बताया कि चार दिन के बाद गुरुवार दोपहर से अंतिम संस्कार के लिए पुराने स्थान पर पानी घटने के बाद कीचड़ में से होकर लोग पहुंच रहे हैं। दोपहर से लगभग 30 की संख्या में अंतिम संस्कार के लिए लोग पहुंच चुके हैं। स्थानीय निवासी शत्रुहन तिवारी ने बताया कि हर कोई सरयू की जलधारा के बगल ही मृतकों का अंतिम संस्कार करना चाहता है, ताकि सरयू स्नान और राख का विसर्जन हो सके।

आरटीओ ने की वसूली की समीक्षा

अयोध्या, अमृत विचार : संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह ने अयोध्या संभाग में राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति, आडिट प्रकरणों के निस्तारण और वाहनों की फिटनेस, मानक के अनुसार पंजीयन, दर्पण पोर्टल सेवाएं, आईजीआरएस आदि पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण की गुरुवार समीक्षा बैठक। संभागीय परिवहन कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सितंबर में राजस्व की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में एआरटीओ अयोध्या आरपी सिंह, एआरटीओ अंबेडकरनगर सत्येन्द्र यादव, एआरटीओ अमेठी सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ बाराबंकी अंकिता शुक्ला, आरआई प्रेम सिंह सहित अन्य लोग थे।

भारत में बांग्लादेश के साथ क्रिकेट मैच का संतों ने किया विरोध

अयोध्या, अमृत विचार : भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का विरोध शुरू हो गया है। अयोध्या के साधु-संतों ने मैच रद करने की मांग की है। हनुमान गढ़ी के पुजारी राजू दास ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न नहीं रुका रहा है। इसको देखते हुए भारत को बांग्लादेश के साथ क्रिकेट मैच नहीं खेलना चाहिए। सरकार से हमारा आग्रह है कि वह बांग्लादेश के साथ क्रिकेट न होने दें, जिस प्रकार से वहां पर हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है उनकी दुकानें नष्ट की जा रही है, महिलाओं के साथ अभद्रता की जा रही है। हिंदू कर्मचारियों से जबरदस्ती एक छात्र आतंकी संगठन द्वारा त्यागपत्र लिया जा रहा, वहां हिंदुओं के साथ ज्यादती हो रही है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि जैसे पहले भारत और बांग्लादेश का संबंध रहा है। वह समाप्त हो गया है।

राजू दास

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन:**- लखनऊ -पू030रे0-मण्डल-वाणिज्य/पू030रे0, **नीलामी सूची सं0/लॉट सं.:**Catg-GMUSMU9-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 10.09.2024 समय 15:36 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 25.09.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 25.09.2024 समय 13:40 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**.

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक लखनऊ

मुजाधि/वा-135

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

कार्यालय ग्राम पंचायत सलाहपुर, वि0ख0 भदैंया, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-2025 दिनांक-19.09.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलाहपुर, विकासखंड भदैंया, जनपद सुलतानपुर में राज्यवित्त/पंद्रहवां वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म आपूर्ति के लिए दिनांक-20.09.2024 से 26.09.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत सलाहपुर, विकास खण्ड भदैंया, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-26.09.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)
1	कमलू मिश्र के घर से लल्लू पाण्डेय के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। लंबाई 80 मी0 चौ0 3 मी0।	3.62 लाख रुपये।
2	सभाजीत के घर से मो. अनीस के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। लंबाई 245 मी0 चौ0 2.5 मी0।	9.90 लाख रुपये।
3	जगदेव के घर से वंशराज के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। लंबाई 105 मी0 चौ0 2.5 मी0।	3.98 लाख रुपये।

नोट- निविदा से सम्बंधित नियम व शर्तें कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत- सलाहपुर, विकास खंड- भदैंया, जिला- सुलतानपुर ग्राम पंचायत सचिव

आवश्यकता है।

श्री ठाकुर शिवबहादुर यशवंत सिंह महाविद्यालय राजनगर, भादर अमेठी में संचालित निम्न विषयों हेतु

यू0जी0सी0/राज्य सरकार द्वारा वि0वि0 द्वारा निर्धारित शैक्षिक मानकानुसार, अर्हता पद धारी पद-01 प्राचार्य एवं विषयों में 2-2 प्रवक्ताओं, विषय:-संस्कृत, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, हिन्दी

वेतन राज्य सरकार के स्ववित्त पोषित शासनादेश के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की दो छाया प्रतियां स्व: हस्ताक्षरीत एवम दो पासपोर्ट साइज फोटो ग्राफ व दो स्वयं पता लिखे लिफाफें के साथ स्वयं या महाविद्यालय के उपरोक्त पते व कार्यालय में आवेदन करें।

उदय प्रताप सिंह, (अध्यक्ष), मो0- 9415529521, 8934939051

कार्यालय ग्राम पंचायत बहनोलिया महादा, विकास खण्ड-रिसिया, बहराइच।

वार्षिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए

मनरेगा, पंचम वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, एस0बी0एम0 एंव SLWM, गौ आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत अंत्योष्टि स्थल विकास कार्यक्रम आंगनबाडी केन्द्र, पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय, इंटरलांकिग खण्डजा, आर0आर0सी0 सेटर, नाडेप, वर्मी कम्पोट, सिल्ट केचर, फिल्टर चेंबर, नाली निर्माण, प्लास्टिक बैंक, सोकपिट, सामुदायिक घूर गढ़ढा, ई-रिक्शा, ठेलिया, WSP प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र, फर्नीचर, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, प्रशासनिक सामग्री, पुस्तक आदि निर्माण कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाली सामाग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिकों, भट्ठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिस का विवरण निम्नवत हैं क्रमांक नाम सामग्री- सीमेन्ट, देसी बालू, मोरंग, 40 एम0एम0 गिट्टी, ईट प्रथम श्रेणी, सारिया, इटरलांकिग ईट, सीधा खंजड ईट, पॉलीथीन शीट, ईट आद्धा, ईट गिट्टी, सेंकेड बालू, ह्यूमपाइप, दरवाजा, खिड़की, रोशनदान, टाइल्स, PVC पाइप, मोटर बोरिंग, समर्सेबिल, पेंट, फाइबर, एल्यूमीनियम, लोहा, टिन, दिव्यांग शौचालय, नल रिबोर, नल मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में कुर्सी रखने का कार्य, स्ट्रीट लाइट, प्रा0वि0 / पूर्व मा0वि0 , पिलम्बर कार्य, ई-रिक्शा, ठेलिया, भूसा सप्लाई व अन्य कार्यों में प्रयुक्त सामग्री हेतु इच्छुक मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक-22.09.2024 से दिनांक 30.09.2024 को दोपहर 1: 00 बजे तक मुहरबंद निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष कार्यालय / सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं जो निविदा प्रकाशित दिनांक 03.10.2024 के 5: 00 बजे शाम में निविदा दाता फर्म मालिकों के प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे। निविदा फार्म किसी भी कार्यालय दिवस में नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं। प्राप्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

सूफीया , प्रधान ग्राम पंचायत बहनोलिया महादा विकास खण्ड-रिसिया, बहराइच।

ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत बहनोलिया महादा विकास खण्ड-रिसिया, बहराइच।

सिख समुदाय के लोगों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सिखों को भारत में पगड़ी, कड़ा पहनने और गुरुद्वारे जाने पर प्रतिबंध संबंधी राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान से नाराज सिख समुदाय के लोगों ने गुरुवार को रिकाबगंज हनुमानगढ़ी चौराहे पर कंग्रेस नेता राहुल गाधी का पुतला फूंका। कहा कि राहुल गांधी का अमेरिका में दिया गया बयान न सिर्फ सिख समुदाय को भड़काने वाला बल्कि खालिस्तानियों को खुश करने वाला है। सिख समाज के लोग भाजपा नेता तेजिंदर पाल सिंह के नेतृत्व में यहां पहुंचे। तेजिंदर पाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी के कार्यकाल में हजारों निर्दोष सिखों का नरसंहार किया गया। इसे सिख समुदाय आज तक भूला नहीं। राहुल गांधी सिखों को सरकार के खिलाफ भड़का कर भारत को अस्थिर करने के लिए राष्ट्र विरोधी विदेशी शक्तियों के हाथों खेल रहे हैं। मांग उठाई कि राहुल गांधी पर राष्ट्रद्रोह की धारा में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। भाजपा नेता दिनेश जायसवाल व अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान प्रधानमंत्री की लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने के अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र की अभिव्यक्ति है। जिसे जनता खूब अच्छे से समझ रही है। कहा कि सिख समाज को असली खतरा उस कांग्रेस से है जिसने हजारों निर्दोष सिक्खों का कत्ले- आम करवाने वाले आरोपियों को आज तक अपनी गोद में बिठाए रखा है। पुतला दहन में हर्षदीप सिंह ऋषि बग्गा संदीप सिंह हरमिंदर सिंह पार्षद अजीत सिंह, तेजिंदर सिंह पिंकी, सुरेंद्र सिंह राणे, अमरजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, आकाश सचदेवा, शगुणदीप, गुरमीत सिंह, अमृतपाल सिंह, कर्मवीर सिंह, अजीत सिंह, महेंद्र पाल सिंह आदि थे।

▸▸ की मांग-दर्ज की जाए राष्ट्रदोह की रिपोर्ट, हो गिरफ्तारी

छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत

अयोध्या कार्यालय। सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह का गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर माल्यार्पण कर कार्यकताओं ने स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव बख्तीयार खान ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि अखिलेश यादव ने सदैव छात्र हित में काम किया है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, प्रवक्ता राकेश, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, मिर्जा सादिक हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ मो. सुहैल, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव आदि मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।, **एडमिन यूनिट/जोन:**-लखनऊ-पू०उ०रे०- मण्डल - वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:**- MPS-MUR-GD-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:**- 10.09.2024 समय 17:15 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):**- 25.09.2024 समय 10:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:**- 25.09.2024 समय 10:40 बजे, **नीलामी का प्रकार:**- Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।**:-E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक

मुजाधि/वाणिज्य-137 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 59/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः-

क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-फर्रुखाबाद अनुभाग के मानीमऊ में गुड्स शेड के डेवलपमेन्ट/अपग्रेडेशन से सम्बन्धित सिविल कार्य एवं ट्रैक कार्य। अनुमानित लागत रुपयों में: ₹ 8,04,69,546.39, बयाना राशि रुपयों में: ₹ 5,52,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 14-10-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-250

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

तुंगनाथ मौर्य स्मारक महाविद्यालय, सराय हर्रा, तरबगंज, गोण्डा

सम्बद्ध: डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

आवश्यकता है

प्राचार्य- 01 पद

तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम (हिन्दी, भूगोल, गृहविज्ञान एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद

योग्यता एवं वेतनमान - यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय- आर0एस0 मौर्य
मो0नं0- 6386234064

कार्यालय ग्राम पंचायत चौगोई विकासखंड शिवपुर बहराइच

अल्पकालीक निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौगोई 1- हरिपाल के घर से मनीराम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। 2-सुभान अली के घर से आज्ञाराम के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य निर्माण कार्य में सामग्री हेतु जैसे ईट, सीमेंट सदा बालू मोरंग बालू गिट्टी ईट गिट्टी आदि सामग्री। इच्छुक अपनी फर्म निविदा 20.9.2024. कोटेशन टेंडर ग्राम पंचायत कार्यालय चौगोई में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें निविदा खुलने की दिनांक, 21.9.2024 को 4:00 के बाद निश्चित है बाद में कोटेशन टेंडर प्रस्तुत करने पर आमान्य समझा जाएगा बाद कोटेशन टेंडर का कोई मूल्य नहीं होगा।

रफीक , प्रधान ग्राम पंचायत चौगोई विकासखंड शिवपुर जनपद बहराइच

विजय पांडे, सचिव ग्राम पंचायत चौगोई विकासखंड शिवपुर जनपद बहराइच

कार्यालय ग्राम पंचायत केवलपुर, विकास खण्ड-रिसिया, बहराइच।

वार्षिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए

मनरेगा, पंचम वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, एस0बी0एम0 एंव SLWM, गौ आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत अंत्योष्टि स्थल विकास कार्यक्रम आंगनबाडी केन्द्र, पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय, इंटरलांकिग खण्डजा, आर0आर0सी0 सेटर, नाडेप, वर्मी कम्पोट, सिल्ट केचर, फिल्टर चेंबर, नाली निर्माण, प्लास्टिक बैंक, सोकपिट, सामुदायिक घूर गढ़ढा, ई-रिक्शा, ठेलिया, WSP प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र, फर्नीचर, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, प्रशासनिक सामग्री, पुस्तक आदि निर्माण कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाली सामाग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिकों, भट्ठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिस का विवरण निम्नवत हैं क्रमांक नाम सामग्री- सीमेन्ट, देसी बालू, मोरंग, 40 एम0एम0 गिट्टी, ईट प्रथम श्रेणी, सारिया, इटरलांकिग ईट, सीधा खंजड ईट, पॉलीथीन शीट, ईट आद्धा, ईट गिट्टी, सेंकेड बालू, ह्यूमपाइप, दरवाजा, खिड़की, रोशनदान, टाइल्स, PVC पाइप, मोटर बोरिंग, समर्सेबिल, पेंट, फाइबर, एल्यूमीनियम, लोहा, टिन, दिव्यांग शौचालय, नल रिबोर, नल मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में कुर्सी रखने का कार्य, स्ट्रीट लाइट, प्रा0वि0 / पूर्व मा0वि0 , पिलम्बर कार्य, ई-रिक्शा, ठेलिया, भूसा सप्लाई व अन्य कार्यों में प्रयुक्त सामग्री हेतु इच्छुक मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक-22.09.2024 से दिनांक 30.09.2024 को दोपहर 1: 00 बजे तक मुहरबंद निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष कार्यालय / सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं जो निविदा प्रकाशित दिनांक 03.10.2024 के 5: 00 बजे शाम में निविदा दाता फर्म मालिकों के प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे। निविदा फार्म किसी भी कार्यालय दिवस में नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं। प्राप्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

मरियम , प्रधान ग्राम पंचायत केवलपुर विकास खण्ड-रिसिया, बहराइच।

ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत केवलपुर विकास खण्ड-रिसिया, बहराइच।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मेरा बीए प्रथम वर्ष 2018-19, द्वितीय वर्ष 2019-20 और तृतीय वर्ष 2020-21 जिसका अनुक्रमांक 1940970011305 का अंकपत्र कहीं खो गया है। **तुषार पांडेय, निवासी जगदीशपुर, डीह, जिला रायबरेली**

सूचना

सूचित हो कि मै **शिवरतन पुत्र चेतराम, निवासी- मो0 पुराना बोर्डिंग हाउस, हरदोई,** मेरा पुत्र श्रीधर शराबी तथा विकलांग है तथा मानसिक रूप से परेशान है वह सभी से विवाद तथा मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं **सबाना अली पत्नी शहीद अली, निवासिनी-170/355, जहाँगीरपुर, पो.- शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर, जिला- कानपुर देहात।** मेरे पासपोर्ट नम्बर एल. 9620715 में नाम सबाना बेगम व पता इलाहाबाद व जन्मतिथि 10-02-1981 दर्ज हैं। जो कि गलत हैं। जबकि मेरा सही नाम सबाना अली व पता- ग्राम जहाँगीरपुर पोस्ट शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात व जन्मतिथि 30-09-1977 हैं। जो कि सत्य व सही हैं। तथा यह नाम पता तथा जन्मतिथि आधार कार्ड संख्या 4288 5968 2800 में अंकित है।

सूचना

सूचित हो कि **मो0 फईम पुत्र मो0 नईम, निवासी- 572 निराला नगर रायबरेली उ0प्र0 229001,** मेरे बैंक एकाउण्ट में मेरा नाम मो0 फईम वारिस दर्ज है, जोकि पूर्णत: गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 फईम पुत्र मो0 नईम है जो कि सत्य व सही है। मेरा नाम मो0 फईम तथा मो0 फईम वारिस जोकि दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि **रामकेवल पुत्र मुल्क राज, निवासी- गौसपुर पोस्ट अकबरपुर, परगना तहसील- अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर,** यह कि कैलाश पुत्र सुग्रीव व जयसिंह पुत्र सुग्रीव एक ही व्यक्ति के दो नाम है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति है

सूचना

सूचित हो कि मैं आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल मोहल्ला घसियारीपुरा निकट सिटी मांटेसरी स्कूल कोतवाली देहात की निवासी हूं। मेरा सही नाम akriti agrawal है। मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल , मोहल्ला घसियारीपुरा, कोतवाली देहात बहराइच।**

सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है,कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0,ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी जनपद हरदोई की प्रथम बैठक 20 सितंबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे ग्रा0 पं0 अटवा कटैया स्थित पानी की टंकी के पास आहूत की जानी है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

प्रस्तावित सचिव

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी, हरदोई

एक नजर

ईओ ने चलाया जागरूकता अभियान

अंबेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत ईओ ने अकबरपुर नगर के शहजादपुर, सब्जी मंडी, नवीन मंडी, शिवबाला, बस स्टेशन क्षेत्र समेत कई अन्य क्षेत्र में लोगों को प्रतिबंधित पॉलिथिन का प्रयोग न करने की अपील किया। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के पॉलिथिन के प्रयोग करने से शरीर को कई प्रकार से नुकसान होता हैं। इसके साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन नाले और नालियों में फंसकर जलभराव की भी समस्या उत्पन्न करती हैं। ईओ ने दुकानदारों को चेतावनी दिया कि यदि ऐसे पॉलिथिन के प्रयोग व विक्री होता पाया गया तो सखत कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में डेंगू ने पसारा पांव

अंबेडकरनगर। मौसम में परिवर्तन के साथ ही जनपद में डेंगू रोग ने पांव पसार लिया है। दाबतपुर निवासी मंशाराम 36 डेंगू से पीड़ित मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग को मिली रिपोर्ट में यह जानकारी हुई। जनपद में इन दिनों कुल डेंगू के 10 एक्टिव मरीज हैं। इन सभी का जनपद के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. राजकुमार ने बताषा कि जनपद में 10 एक्टिव मामले हैं, सभी का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

सिखों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

टांडा, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। सिख समुदाय के लोगों ने कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध प्रदर्शन कर चौक घंटाघर के पास पुतला फूंका है। विरोध-प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि देश की भूमि पर राहुल गांधी को बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती है इसलिए विदेशों में जाकर उल-जुलूल ब्यान देते हैं। अंशु बग्गा, सरदार तरन जोत सिंहएप, भाजपा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार किसानों को बना रही समृद्धिशाली : मंत्री

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

उतरेथु शक्ति केंद्र की बैठक को सम्बोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह व साथ में भाजपा नेता डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव में कलस्टर प्रभारी के तौर पर कार्य कर रहे प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने विधान सभा क्षेत्र के कटेहरी, खजुरी, केदारनगर और श्रवण क्षेत्र के मंडलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन किया।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने केदारनगर मंडल अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव की उपस्थिति में बूथ की बैठक में कहा कि कटेहरी विधान के उप चुनाव में भाजपा सरकार के जनहित, क्षेत्र के विकास और विपक्षी दलों की भ्रामक प्रचार के बीच का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऐतिहासिक कार्य और स्वच्छ शासन की वजह से विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, जिसे लेकर वह जनता के पास जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बेघर लोगों को घर, गरीबों और असहायों को फ्री राशन, बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा, हर घर को नल से शुद्ध जल, किसानों की उपज का अच्छा मूल्य और कम दाम पर खाद की उपलब्धता, किसानों की उपज को देश के किसी भी मंडी में बेचने की सुविधा देकर किसानों को समृद्धिशाली बनाने का कार्य कर रही है।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का नहीं कोई स्थान

आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने खजुरी मंडल अध्यक्ष दिलीप तिवारी के साथ शक्ति केंद्रों के बूथों की बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्ट्राचार का कोई स्थान नहीं है। विपक्ष की सरकारों में सरकारी नौकरियों की रेट लगती थी। बिना रिश्वत के किसी को नौकरी नहीं मिलती थी। लेकिन भाजपा सरकार में नौकरी पैसे पर नहीं योग्यता पर मिल रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने कटेहरी मंडल अध्यक्ष अमरजीत मौर्य की उपस्थिति में उतरेथु शक्ति केंद्र की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था जिस प्रकार से समाजवादी सरकार में बिगड़ चुकी थी उसे बनाना बड़ी चुनौती थी। कानून व्यवस्था योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर हो चुकी है। बैठक में भाजपा नेता डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी की जीत तय

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने सुभाष वर्मा के साथ श्रवण क्षेत्र मंडल की शक्ति केंद्र में कार्यकर्ताओं से कहा कि कटेहरी उप चुनाव जीतने के लिए संगठन की चुनावी रणनीति पर जिस प्रकार से कार्यकर्ता काम कर रहे हैं, भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है। भाजपा अपने ऐतिहासिक जनहित और देश हित में किए गए कार्यों की वजह से गरीब, असहाय और जरूरत मंद लोगों की पसंद बन चुकी है। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

दुष्कर्म पीड़िता को धमकाने के मामले में 2 पर केस दर्ज

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से मुकदमे में समझौता करने के लिए धमकी देने के मामले में बसखारी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है। मामले में मुकदमा एसपी के आदेश पर दर्ज होने की बात सामने आई है।

मऊ जनपद के रौजा बाजार थाना क्षेत्र की निवासिनी युवती किछौछा दरगाह में अपने परिजनों के साथ रहकर रूहानी इलाज करवा रही थी। जुलाई 2023 में युवती कर्बला मैदान में स्थिति जलाली बाबा के मजार पर हाजिरी लगा रही थी। इस दौरान प्यास लगने पर युवती मजार के बगल स्थित हैंडपंप पर पानी पीने गयी। वहां पर तीन युवकों ने युवती के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने में अफसर अली पुत्र शकील और अजहर पुत्र अनवर निवासीगण पूराबजगोती समेत एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद अफसर अली व अजहर समझौता करने के लिए दबाव बना रहे थे और पीड़िता को धमकी भी दे रहे है। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

बाढ़ प्रभावितों को उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं : एमएलसी

बाढ़ प्रभावित ग्राम माझा अवसानपुर, करमपुर बरसावां और नैपुरा के 250 परिवारों को बाढ़ राहत किट का किया गया वितरण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री देते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे व साथ में जिलाधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बाढ़ राहत किट वितरण शिविर अवसानपुर टांडा में बाढ़ प्रभावित ग्राम माझा अवसानपुर, माझा करमपुर बरसावां और माझा नैपुरा के बाढ़ प्रभावित 250 परिवारों को बाढ़ राहत किट वितरित किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि बाढ़ प्रभावितों को प्रदान किए जा रहे राहत किट में लाई, भुना चना, गुड़, बिस्किट, नहाने का साबुन, माचिस, मोमबत्ती, तिरपाल, आटा, चावल, दाल, आलू, हल्दी, मिर्चा पिसा हुआ, सब्जी मसाला, सरसों का तेल और नमक आदि उच्च गुणवत्ता की सामग्रियां मानक के अनुरूप उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी के साथ ही उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों को कम्यूनिटी किचेन से पका हुआ उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। एमएलसी और जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को मुख्यमंत्री के मंशानुरूप समस्त आधारभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित लोगों का समय-समय पर मेडिकल शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है, उन्होंने समस्त क्षेत्र में साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम रखने, नियमित एंटी लार्वा का छिडक़ाव करने और फॉगिंग करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

बीमारियों के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी को भी किसी भी प्रकार से वेक्टर जनित बीमारी न होने पाए इसके लिए भी लोगों को जागरूक किया जाए और समस्त आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। इसी के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनसे संबंधित समस्त सुविधाएं शासन के निर्देशानुसार नियमित सुनिश्चित रखी जाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं, बाढ़ प्रभावितों को तत्काल मदद की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फसलों के नुकसान का सर्वे कर तत्काल कृषकों को राहत उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर विशिष्ट भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक टांडा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

घनश्याम बने ग्राम पंचायत अधिकारी

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। घनश्याम गुप्ता का चयन ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर हुआ है। उनकी सफलता ने परिजनों, गुरुजनों और शुभ चिंतकों को गौरवान्वित किया है। धनश्याम की सफलता पर जहां घर वाले मिठाई बांटकर खुशियां मना रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ मित्रों व पड़ोसियों सहित गांव वालों में खुशी की लहर है। जनपद के पयागपुर गांव के मूल निवासी घनश्याम गुप्ता को काफी संघर्ष के बाद यह सफलता मिली है। घनश्याम ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, परिजनों और शुभ चिंतकों को दिया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खिलौना किट बांटे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व डीएम।

अमृत विचार। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के 26वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जनपद के 125 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खिलौना किट का वितरण जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में किया।

जिलाधिकारी के प्रयास से 50 खिलौना किट विश्वविद्यालय की तरफ से, 25 खिलौना किट क्षेत्रीय भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक गोरखपुर के सहयोग से और 50 खिलौना किट जिलाधिकारी की तरफ से दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और बैंक के प्रतिनिधियों को राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। जिलाधिकारी की उपस्थिति में राज्यपाल द्वारा 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों विकासखंड भियांव से शशि सिंह व नीतू मिश्रा, विकासखंड कटेहरी से अमरावती व संगीता त्रिपाठी, विकासखंड जलालपुर से पूनम देवी व सुनीता चौहान, विकासखंड अकबरपुर से शशिकला, किरन व रेनू उपाध्याय और विकासखंड कटेहरी से निशा चौधरी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कार्यकत्रियों को केंद्र पर बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यकत्रियों को उनके कर्तव्य का बोध कराया। अंत में डीएम और जिला कार्यक्रम अधिकारी व 10 कार्यकत्रियों के उपस्थिति में राज्यपाल को रामलला का दिव्य चित्र भेंट किया।

लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाएं विभाग :डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में डीएसटीओ अनुपम सिंह।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैसबोर्ड के संबंध में विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा विभिन्न विभागों के पोर्टल को क्लब कर सीएम डैसबोर्ड के नाम से एक एकीकृत पोर्टल बनाया गया है। जिसमें लगातार मुख्यमंत्री कार्यालय से निगरानी की जा रही हैं और इसी के आधार पर जनपदों व अधिकारियों की रैंकिंग निर्धारित की जा रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास से संबंधित विभागों समाज कल्याण, लघु सिंचाई, पशुपालन, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, श्रम विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से प्रत्येक बिंदु पर गहन समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी विकास से संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यह भी रहे मौजूद

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह आदि रहे।

सार-संक्षेप

छात्रा ने युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोपी, केस दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। विद्यालय आते जाते छेड़छाड़ से तंग आकर छात्रा ने युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रकरण मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासिनी छात्रा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मैं जलालपुर के एक महाविद्यालय में एमए में पढ़ रही हूं। प्रतिदिन क्लास लेने के लिए महाविद्यालय जाती हूं। विद्यालय आते जाते समय जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के रहीम पुर गांव निवासी मोनू आये दिन छेड़ता रहता है तथा रोज फोन करके वह परेशान करता है और धमकी देता है कि यदि फोन नहीं उठाओगी तो मैं तुम्हरे साथ क्या करूंगा वह समय बताएगा और तुम्हारी शादी कहीं नहीं होने दूंगा। इतना ही नहीं मुझे गुमराह करके गलत तरीके से वीडियो बना कर जहां पर मेरी शादी ठीक होती है, भेजता रहता है। जिससे मैं आहत हूं। बार-बार अपनी बात मनवाने की धमकी देता है। रास्ते में मेरी साइकिल रोक कर गलत गलत बात करता है और कहीं बताओगी तो जान से मार दूंगा। जिससे आहत होकर पीडिता ने आत्महत्या करने की बात कर रही है। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मालीपुर थानाध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लाभार्थियों को करें जागरूक

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में सामूहिक विवाह कार्यक्रम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद में इस वर्ष 1158 जोड़ों का सामूहिक विवाह का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष अब तक 958 का आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सत्यापन के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को भेज दिया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए विकास खंडवार और नगर निकायवार शिविर लगाकर प्रचार-प्रसार कर लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आगामी माह नवंबर 2024 में प्रस्तावित है। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, अपर जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर उपस्थित रहे।

पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का था। जहां तीन दिन पूर्व गांव का ही एक युवक एक किशोरी के साथ घर में घुस कर छेड़छाड़ करते हुए बदनीयती से उस का कपड़ा फाड़ दिया था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक राज नाथ उर्फ राघव के विरुद्ध छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया था। जिसके क्रम में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजनाथ उफ़्र राघव को जलालपुर रोड स्थित पंथीपुर मोड़ से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गुलाम रसूल व कांस्टेबल धनंजय यादव शामिल रहे।

लाखों का सामान चोरों ने किया पार, पुलिस जांच में जुटी

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। अकबरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव जोगापुर में स्थित जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी सप्लाई के लिए पानी की टंकी बनी हुई है। जहां से करीब दो गांव को पानी की सप्लाई होती है। वहीं एक भवन का भी निर्माण हुआ है, जिसमें लाइट और अन्य उपकरण को चलाने के लिए इन्वर्टर और बैटरी लगी हुई है जिसे चोरों ने ताला तोड़ कर पार कर दिया। लाखों रुपए के कीमती इलेक्ट्रानिक उपकरण चोर अपने साथ समेट ले गए। सुबह जब मामले की जानकारी हुई तो विंध्याचल टेलीक्स लिमटेड के गौरव सिंह ने अकबरपुर कोतवाली पहुंचकर घटना के बोर में तहरीर दिया है। गौरव सिंह ने बताया कि रोजाना की तरह गार्ड वहां ड्यूटी करता है, लेकिन बीते मंगलवार की रात्रि गार्ड वहां रखवाली करने नहीं गया। जब सुबह वह पहुंचा तो गेट का ताला खुला मिला। अंदर जाकर देखने पर सभी दरवाजों के ताले टूटे पड़े थे। कमरे से कंप्यूटर इनवट, बैटरा समेत लाखों रुपए कीमती सामान गायब थे। उन्होंने बताया कि जिस तरह से पूरे इत्मीनान के साथ वारदात को अंजाम दिया गया है उससे साफ पता चलता है कि किसी अपने का हाथ होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। शिकायत के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बीके मेडिकल स्टोर रतनपुर अकबरपुर, कान्हा मेडिकल स्टोर जलालपुर रोड मौहरिया अकबरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के रख रखाव और औषधियों के अभिलेखों की भी जांच की गई। जांच के दौरान कुछ औषधियों के क्रय अभिलेख नहीं पाए गए, जिनको प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। वहीं औषधि निरीक्षक को कुछ प्रतिष्ठान पर विक्रय अभिलेख नियमित जारी नहीं किए जा रहे थे, जिन्हे नियमित जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नारकोटिक युक्त औषधियों को बिना डॉक्टर के प्रेस्क्रिप्शन के न दिए जाने का भी निर्देश दिया है।

नियमित रूप से दें पितरों को पानी

अंबेडकरनगर। पितरों को श्राद्ध और तर्पण देने का दिन पितृपक्ष शुरू हो गया है। परम्परा के अनुसार पितृपक्ष के दौरान पूर्वज पृथ्वी पर आते हैं और श्राद्ध और तर्पण लेकर परिजनों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पितरों का श्राद्ध च तर्पण और पिंड दान करने के लिए हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। पितृ पक्ष में लोग अपने पितरों का श्राद्ध और तर्पण करते हैं। पं शेषमणि चौबे ने बताया कि पितृ पक्ष के दिनों में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सुबह और शाम स्नान कर पितरों को पानी दें। जल देने के बाद भोजन के समय एक रोटी गाय को एक रोटी कुत्ते व एक रोटी कौवा को दें। इस बार पितृ विसर्जन दो अक्तूबर तक रहेगा।

मोटे अनाज को लेकर शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

शिक्षकों को जानकारी देते कृषि विभाग के कर्मचारी व वैज्ञानिक राम गोपाल यादव।

अमृत विचार। जनपद के जलालपुर और भियाव ब्लॉक क्षेत्र के बीआरसी पर मोटे अनाज को लेकर शिक्षकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग ने मोटे अनाज यानी मिलेट्स के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर नए तरीके ढूंढ लिए है। अब अध्यापकों के माध्यम से बच्चों में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिक राम गोपाल यादव ने बताया कि मोटे अनाज के सेवन से सेहत पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। देश के भविष्य को नई दिशा देने वाले शिक्षकों को मोटे अनाज से मिलने वाले पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को पारंपरिक अनाजों सांवा, कोदो, ज्वार आदि के सेवन के बारे में जानकारी दी गई। वैज्ञानिक राम गोपाल यादव ने बताया की प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक जागरूक रहेंगे तो वह बच्चों को भी मोटे आनाज के प्रति जागरूक करेंगे। वहीं बच्चे स्कूल से घर जाएंगे और अपने अभिभावकों को भी मोटे आनाज के बारे में जानकारी देंगे। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर आंनद पांडेय और कृषि विभाग समेत ब्लॉक स्तरीय समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

55 अनाथ बच्चों को शिक्षा के लिए दी गई सहायता राशि

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद की अग्रणी समाजसेवी संस्था आईएमहोप फाउंडेशन द्वारा बीते दिनों 55 अनाथ बच्चों को शिक्षा के लिए दो-दो हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई।

आईएमहोप फाउंडेशन के उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष जलालपुर देवेश मिश्रा रहे। मिश्रा ने कहा कि फाउंडेशन का कार्य अति सराहनीय है। संस्था बच्चों को सहयोग कर शिक्षित कर रही हैं, जो शिक्षित होकर देश और समाज में अपना अहम योगदान निभाएंगे। फाउंडेशन के संस्थापक फैजान मेहंदी ने कहा कि तालीम याफ्ता इंसान ही मुल्क की तरक्की में अहम किरदार निभा सकता है। इंसान अपनी पढ़ाई के बदौलत ऊंचे से ऊंचे मुकाम हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा लगभग पिछले तीन वर्षों से निरंतर 55 अनाथ बच्चों को अच्छी तालीम के लिए दो-दो हजार रुपए सहयोग के रूप में दिया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष अबू तोराब ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नातिक मेंहदी, नासिर अली, नीरज गौड़, सुमित कश्यप सहित आईएमहोप फाउंडेशन के सभी सदस्य और अनेक संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्ती का जयराम वर्मा बापू स्मारक इंटर कॉलेज नाऊसांडा में हुआ आयोजन

मंडलीय कुश्ती में अंबेडकरनगर के पहलवानों का दबदबा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

विजयी पहलवानों के साथ मौजूद प्रधानाचार्य डॉ. विजय वर्मा व साथ में जिला क्रीड़ा सचिव माध्यमिक अजीत सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। माध्यमिक विद्यालयों की अयोध्या मंडल की मंडलीय बालक वर्ग की फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन जयराम वर्मा बापू स्मारक इंटर कॉलेज नाऊसांडा में हुआ। फ्री स्टाइल कुश्ती में मेजबान अंबेडकरनगर के पहलवानों ने दम दिखाया और एकतरफा गोल्ड मेडल अपने नाम किए। बाराबंकी और सुल्तानपुर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय वर्मा ने खिलाडियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया।

अंडर 14 बालक वर्ग फ्री स्टाइल 35 किलो भार वर्ग में अंबेडकरनगर के मोहम्मद फैसल, 38 किलो भार वर्ग में सईद बेग, 41 किलोग्राम भार में मोहम्मद अहमद, 44 किलोग्राम भार में मोहम्मद अख्तर सभी अंबेडकरनगर विजेता रहे। 48 किलोग्राम भार में अंकुश निषाद सुल्तानपुर और 52 किलोग्राम भार में सलीम अहमद बेग अंबेडकरनगर विजेता रहे। वहीं अंडर 17 वर्ष बालक वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती में भी मेजबान अंबेडकरनगर के पहलवान छाए रहे। 45 किलोग्राम भार में अहमद बेग, 48 किलोग्राम भार में सिद्धीक बेग, 51 किलोग्राम भार में अहमद, 55 किलोग्राम भार में विजय चौधरी, 60 किलोग्राम भार में सलीम बेग सभी अंबेडकरनगर के खिलाड़ी विजेता रहे। अंडर-19 आयु बालक वर्ग फ्री स्टाइल कुश्ती में 57 किलोग्राम भार में फरहान बेग, 61 किलोग्राम भार में उस्मान, 65 किलोग्राम भार में फरहान अहमद बेग, 70 किलोग्राम भार में मोहम्मद अयूब बेग और 79 किलोग्राम भार में मोहम्मद अशरफ के सभी पहलवान अंबेडकरनगर विजेता रहे। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल से आपकी भाईचारे का विकास होता है। कुश्ती बहुत ही पुराना खेल है। धीरे-धीरे इसका गौरव वापस आ रहा है। निर्णायक की भूमिका फसील बेग ने निभाई।

जिला क्रीड़ा सचिव माध्यमिक अजीत सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ी अयोध्या मंडल की टीम की तरफ से राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोरखपुर में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर तौहीद खान, फसील बेग, वीरेश कुमार, ओमवीर वर्मा, अभिषेक तिवारी, अमित कुमार, मेहदी हसन, गोरखनाथ वर्मा, अरविंद कुमार समेत शिक्षक मौजूद रहे।

ग्रीको रोमन कुश्ती में बाराबंकी ने मारी बाजी

ग्रीको रोमन स्टाइल बालक वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में बाराबंकी के पहलवानों का दबदबा रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में 45 किलोग्राम भार में मोहम्मद साहिल बाराबंकी, 48 किलोग्राम भार में अंबेडकर नगर के सरफराज बेग, 45 किलोग्राम भार में बाराबंकी के सोनू कुमार, 55 किलोग्राम भार में अंबेडकरनगर के सूरज कुमार, 60 किलोग्राम भार में अंबेडकरनगर के आदित्य चौहान, 65 किलोग्राम भार में बाराबंकी के सलाउद्दीन, 71 किलोग्राम भार में बाराबंकी के विपिन कुमार और 80 किलोग्राम भार में बाराबंकी के ही हर्षित यादव विजेता रहे। ग्रीक रोमन अंडर-19 बालक वर्ग की कुश्ती में 55 किलोग्राम भार वर्ग में बाराबंकी के अनिकेत कुमार, 82 किलोग्राम भार में बाराबंकी के मोहम्मद अकरम विजेता रहे।

एक नजर

आवास के लिए लाभार्थियों का चयन 23 सितंबर से

रुपईडीह : ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किए जाने के लिए आगामी 23 सितंबर से खुली बैठक आयोजित किए जाने के लिए तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इन लाभार्थियों के चयन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में खुली बैठक की तिथि अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। इन बैठकों के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बैठकों के लिए निर्धारित तिथियों के अनुसार आगामी 27 सितंबर तक बैठकों को संपन्न कराए जाने के लिए पंचायत सचिवों को निर्देश दे दिए गए हैं।

मारपीट कर किया घायल

गोंडा। बुधवार की देर रात बकरी बांधने को लेकर कौड़िया थाना क्षेत्र के पूरे पाठक मौहारी गांव निवासिनी माया देवी व उनकी भतीजी रोशनी, सीमा व अनीता को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर माया देवी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना की प्राथमिकी परिवारजनों ने गांव के ही रमेश कुमार सहित पांच लोगों के विरुद्ध कराई है। थानाध्यक्ष निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि घायल सभी लोगों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेज दिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

धारदार हथियार से हमला कर जख्मी किया

गोंडा : रंजिश के चलते कौड़िया थाना क्षेत्र के पूरे निधि गांव निवासी शिवम सिंह को कुछ लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से प्रहार कर जख्मी कर दिया। घटना की रिपोर्ट उन्होंने गांव के ही सोनू सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि घायल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह भेज दिया गया है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

पूर्व विधायक के भट्टे से किशोर लापता

धानेपुर, गोंडा : बलरामपुर जिले के डिहवा रंजीत गांव के रहने वाले विजय वर्मा के मुताबिक वह धानेपुर थाना क्षेत्र के ही राजापुर गांव में संचालित पूर्व विधायक जगराम पासवान के ईंट भट्टे पर परिवार सहित रहकर मजदूरी करता है। विजय वर्मा के मुताबिक बारह रबी उल अव्वल के दिन उसका 14 साल का बेटा लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब नहीं पता चला तो धानेपुर पुलिस शिकायत की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला संज्ञान में है और विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

सिपाही पर जूते से पिटाई करने का आरोप

धानेपुर : थाने में तैनात एक सिपाही पर लखनीपुर के रहने वाले युवक ने जूते से मारने का आरोप लगाया है। पीड़ित राजाबाबू ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के रहने वाले विनोद पांडेय से उसने जरूरत पड़ने पर रुपये उधार लिये थे। जिसको लेकर विपक्षी ने पुलिस से शिकायत की थी। इस पर पुलिस ने उसे थाने बुलाया था। वह थाने पहुंचा और अपनी बात रखी तो हल्का सिपाही नाराज हो गये और हवालात के पास ले जाकर पहले उसका जूता निकलवाया और फिर अपने जूते से उसके पैर की उंगलियों पर मारा। पूरा घटनाक्रम थाने पर लगे सीसीटीवी फुटेज में मिल सकता है।

खराब रैंकिंग वाले विभागों पर डीएम हुईं नाराज

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं की हुई समीक्षा, सुधार करने की हिदायत

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

अमृत विचारः गुरुवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास योजनाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उद्यान, नेडा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, प्रोबेशन, पंचायती राज, कृषि विभाग, शिक्षा, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि की समीक्षा की।

खराब रैंकिग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें,

▶▶ पशु चिकित्सा अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष गौ-संरक्षण के निर्देश

निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को डाटा प्रस्तुत किया जाता है, डाटा फीड करते समय कोई भी फर्जीवाड़ा न किया जाय।

डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये हैं कि इस माह में यदि लक्ष्य के सापेक्ष गौ-संरक्षण नहीं हुआ तो पशुपालन विभाग के अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा बायोमेडिकल उपकरण का रखरखाव, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, सेतुओं का निर्माण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ, दुग्ध उत्पादन अधिकारी आरबी सिंह, डीसी मनरेगा, सेतु निगम, बीएसए, समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, एक्सईएएन सीडी-2, सहायक श्रमायुक्त, एक्सईएएन नलकूप, विद्युत विभाग, डीडी एजी, जिला कृषि अधिकारी, सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पांच परिषदीय विद्यालयों का किया गया स्थानांतरण

गोंडा, अमृत विचार : जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित परिषदीय विद्यालयों के स्थानांतरण के आदेश जारी कर दिए हैं। स्पष्ट किया कि बाढ़ से प्रभावित विद्यालयों के विद्यार्थियों की शिक्षा में कोई बाधा न आए और सभी स्थानांतरित विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से जारी रहे। बाढ़ प्रभावित विद्यालयों में जैसे ही जल स्तर कम होगा, सफाई और मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

विकास खण्ड करनैलगंज, परसपुर, तरबगंज, वजीरगंज और नवाबगंज में आई बाढ़ के कारण कई विद्यालय प्रभावित हुए हैं। इन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए प्रशासन ने इन विद्यालयों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी स्थानांतरित विद्यालयों में शिक्षण कार्य बिना किसी रुकावट के निरंतर चलता रहे। साथ ही, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि जन-जीवन जल्द सामान्य हो सके।

इन विद्यालयों का किया गया है स्थानांतरण

1. बेलसर विकासखण्ड :
- प्राथमिक विद्यालय गढ़ी द्वितीय का संचालन अब प्राथमिक विद्यालय गढ़ी प्रथम में किया जाएगा।
- प्राथमिक विद्यालय गोडियाना का संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐली परसौली में होगा।

2. नवाबगंज विकासखण्ड :
- कम्पोजिट विद्यालय तुरकौली का संचालन अब प्राथमिक विद्यालय बालापुर में किया जाएगा।
- उच्च प्रा. वि. दुल्लापुर का संचालन प्राथमिक विद्यालय दुल्लापुर में होगा।
- प्राथमिक विद्यालय मल्लाहनपुरवा का संचालन प्राथमिक विद्यालय दुल्लापुर में किया जाएगा।

ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवती ने की थी हत्या

फॉलोअप

▶▶ पुलिस ने आरोपी प्रेमिका व उसके माता पिता को किया गिरफ्तार

मसकनवा, अमृत विचारः छपिया के हथनीखास भोपतपुर गांव के रहने वाला संदीप कनौजिया (19) मसकनवा बाजार स्थित गायत्री महाविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र था। संदीप 14 सितंबर की रात अचानक लापता हो गया था।

जांच पड़ताल के दौरान थाना क्षेत्र के तेजपुर सोखाजोत गांव की रहने वाली एक युवती से उसके प्रेम प्रसंग की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने युवती और उसके माता पिता को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होने संदीप की हत्या की बात कबूल कर ली। प्रेमिका अंजू मौर्या के मुताबिक मृतक संदीप कनौजिया पिछले कुछ दिनों से उसे ब्लैकमेल करने लगा था इससे परेशान होकर अंजू ने यह बात अपने माता-पिता को बताई थी। फिर सभी ने मिलकर संदीप को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। इस योजना के तहत 14 सितंबर की रात को अंजू ने संदीप को फोन कर मिलने के लिए बुलाया जब संदीप अंजू से मिलने उसके घर पहुंचा तो वह घर से निकल कर उससे मिलने चली गई। पीछे से संजू के माता-पिता भी आ गए और संदीप के ऊपर ईट से वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को नजदीक ही गन्ने के खेत में फेंक दिया।

थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि आरोपी प्रेमिका अंजू मौर्य उसके पिता लल्लन व मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त की गई ईंट व मृतक की टूटी मोबाइल भी बरामद कर ली गयी है। संदीप कनौजिया का शव बुधवार की देर शाम तेजपुर सोखाजोत गांव के बाहर गन्ने के खेत में पड़ा मिला था।

संदीप कनौजिया (फाइल फोटो)

मार्केटिंग कम्पनी में काम करते समय बढ़ी थी नजदीकी

मृतक संदीप और आरोपित युवती खलीलाबाद स्थित एक नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी में साथ काम करते थे। दोनों एक साथ आते जाते थे। इसी दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ी और वह एक दूसरे से प्रेम करने लगे। चार साल से यह सब कुछ चल रहा था लेकिन संदीप के परिवार वालों को इसकी जानकारी नहीं थी जबकि युवती के परिजन इससे वाकिफ थे। उन्हें दोनों के साथ आने जाने पर कोई एतराज भी नहीं था।

न्यायालय ने दिया हत्यारोपियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

करनैलगंज : बेटे की हत्या के आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर एक मां ने न्यायालय का सहारा लिया। ग्राम भंभुआ निवासिनी नीतू पत्नी राधेश्याम के प्रार्थना पत्र पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज को मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराने का निर्देश दिया है। महिला के मुताबिक उसका 25 वर्षीय पुत्र विवेक गुप्ता ग्राम मसौलिया निवासी एक व्यक्ति के साथ कैटर्स का कार्य कर रहा था। 14 जुलाई को पता चला कि ग्राम चंगेरिया के पास तालाब में उसके बेटे का शव पड़ा है।

सार-संक्षेप

कमिश्नर ने दुकानों, रेस्टोरेंट व मेडिकल स्टोर की मांगी रिपोर्ट

गोंडा : खानपान के प्रतिष्ठानों पर ओवररेटिंग ,गुणवत्ता तथा मेडिकल स्टोर पर नशीली दवा बेचे जाने की बढ़ती शिकायतों को लेकर मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सख्त रूप अपनाया है। सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि को पत्र भेजकर कमिश्नर ने कई जानकारी मांगी है। जिले में खानपान की दुकान व रेस्टोरेंट पर मनमानी की जा रही है। गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ नहीं दिए जा रहे हैं। साफ-सफाई भी नहीं की जा रही है। इसी के साथ-साथ मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट नहीं बैठ रहे हैं। नशीली दवा की बिक्री की जा रही है। ऐसी तमाम शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों पर मंडला आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए सहायक आयुक्त खाद्य औषधि को भेज कर प्रतिष्ठानों व मेडिकल स्टोर के बारे में जानकारी मांगी गई है। सहायक आयुक्त औषधि को जारी पत्र में कहा गया है कि मेडिकल स्टोर संचालक मनमानी करते हुए अधिक पैसा ले रहे हैं इसको देखते हुए निरीक्षकों के साथ छापेमारी की जाए तथा इस पर अंकुश लगाया जाए। इसके अलावा कमिश्नर ने कुल कितने मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं, कितने थोक विक्रेता हैं तथा कितने फार्मासिस्टों का विभाग में पंजीकरण है इसकी भी सूची मांगी है। कमिश्नर ने सहायक आयुक्त खाद्य को भी निरीक्षण करने तथा पंजीकृत रेस्टोरेंट व खानपान के प्रतिष्ठानों की सूची तथा जनवरी से अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। मंडलायुक्त के गंभीर रूप को देखते हुए विभागों में हर काम को देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने बीईओ का किया सम्मान

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की इटियाथोक इकाई ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी से औपचारिक मुलाकात कर उनका स्वागत किया। संघ के जनपदीय कोषाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अखिलेश शुक्ल ने अपने पदाधिकारियों महामंत्री चंद्र प्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष देव प्रभाकर पांडेय के साथ खंड शिक्षा अधिकारी का सम्मान किया। बीईओ से मुलाकात के दौरान डॉ शुक्ल ने वहां उपस्थित सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों का परिचय कराया इसके साथ शिक्षकों की कुछ समस्याओं से भी अवगत कराया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लिया और शीघ्र ही यथोचित समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान सर्वेश शुक्ल आलोक शुक्ल ओविंद सोनकर शिवाकांत शुक्ल सौरभ वर्मा श्रीपति मिश्र सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। ग्रह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र ने दी।

महिला मंडल की वार्षिक बैठक में बनी कार्यक्रमों की रूपरेखा

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : दुर्गा पूजा महोत्सव समिति कैलाश बाग के महिला मंडल की वार्षिक बैठक नगर के श्रीबालाजी शक्ति धाम मंदिर में आयोजित की गई। जिसमें शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस नगर में निकलने वाली भव्य कलश यात्रा एवं रात्रि में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उसे बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए रणनीति तैयार की गई। साथ ही महिला मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जूली सोनी, संयोजक रानी यज्ञसैनी, गायत्री गोस्वामी, रेखा सोनी, रजनी सुल्तानिया, विश्वास पटवा, अनन्य सुल्तानिया, लता सोनी, मंजू सोनी, निशी तिवारी को चुना गया। वहीं कार्यक्रम संयोजिका अनन्या, लकी, जान्हवी को बनाया गया। बैठक में अनीता शुक्ला, किरण खेतान, ममता मौर्या, संगीता गुप्ता, पूनम सोनी, जोगिंदर सिंह जानी, शिवा भट्ट, विनीत पाण्डेय, अभिनव सिंह समेत तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।

बैठक करतीं महिला मंडल की पदाधिकारी।

स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंदू संगठन लामबंद, दिया ज्ञापन

गोंडा : बीते 15 सितंबर को मेडिकल कालेज के वार्ड में भर्ती महिला मरीज की मौत हो गई थी। विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता व परिजनों ने डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों पर पैसा मांगने व पैसे न देने पर इलाज न करने का आरोप लगाया है।

विहिप के प्रांतीय पदाधिकारी राकेश वर्मा गुड्डू ने कमिश्नर से मुलाकात की और आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज के वार्ड में उल्टी दस्त आने के कारण भर्ती महिला मरीज अंजू निषाद का इलाज करने के नाम पर चिकित्सा कर्मियों द्वारा बार-बार पैसा मांगने व पैसा ना देने पर समय से दवा इंजेक्शन न देने पर महिला मरीज की मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद भी डिस्चार्ज सर्टिफिकेट के नाम पर परिजनों से 700 मांगे जाने का विरोध करने पर मारपीट की गई। विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त से भेंट की और एक मांग पत्र देकर चिकित्सा कर्मियों पर हत्या, कर्तव्य के प्रति उदासीनता व रिश्वतखोरी के विरुद्ध मामला दर्ज किए जाने वाले गिरफ्तारी की मांग की है। मंडलायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जांच करवा कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

दो साल से विधवा पेंशन के लिए दौड़ लगा रही महिला

गोंडा, अमृत विचारः विधवा पेंशन के लिए चक्कर काट रही एक महिला ने अधिकारियों से रवैये से निराश होकर सीडीओ के पैर पकड़ लिए। जिले की मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन बुधवार को मुजेहना ब्लाक के औचक निरीक्षण पर गयी थीं। जब वह ब्लाक का निरीक्षण कर बाहर निकल रही थी तो वहीं मौजूद एक महिला ने सीडीओ का पैर पकड़ने की कोशिश की। हालांकि सीडीओ के साथ मौजूद अर्दली ने तत्काल महिला को उठाया और अपनी बात रखने के लिए कहा।

मुजेहना ब्लाक के त्रिलोकपुर की रहने वाली महिला ने सीडीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति का 2015 में निधन हो गया है। पति की मौत के बाद उसकी जिंदगी बेहद मुश्किल से गुजर रही है। विधवा पेंशन के लिए उसने दो साल पहले आवेदन किया था लेकिन उसका विधवा पेंशन नहीं बन पा रहा है। वह लगातार ब्लॉक का चक्कर काट रही है लेकिन अधिकारी उसकी सुनवाई नहीं कर रहे। इस पर सीडीओ ने महिला को पेंशन दिलाने का भरोसा दिलाया है।

सीडीओ अंकिता जैन को अपनी व्यथा बताती महिला। अमृत विचार

निरीक्षण में नदारद मिले कर्मचारी, स्पष्टीकरण तलब

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के निरीक्षण में अभिलेखों का रखरखाव ठीक नहीं मिला। सफाई व्यवस्था भी खराब मिली। सीडीओ के निरीक्षण में एपीओ मनरेगा अमित राव, अवर अभियंता लघु सिंचाई रमेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि रामप्रकाश तिवारी व बोरिंग टेक्नीशियन अनुपस्थित मिले। इस पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने गैरहाजिर कर्मियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। ग्राम विकास अधिकारी देवेश श्रीवास्तव के विकासखंड में योगदान न किए जाने की स्थिति पर भी सीडीओ नाराज दिखीं। उन्होंने संबंधित को दो दिवस में योगदान करने का निर्देश दिया है।

बारावफात में समुदाय विशेष के युवकों ने की देश विरोधी नारेबाजी

गोंडा : परसपुर कस्बे में बारावफात जुलूस के दौरान देश विरोधी नारेबाजी करने का मामला सामने आया है। 16 सितंबर की शाम को परसपुर कस्बे में बारावफात का जुलूस निकाला गया था। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। जुलूस जब कस्बे के चौक बाजार में पहुंचा तो मुस्लिम समाज के युवकों ने देश विरोधी नारेबाजी शुरू कर दिए। पहले फिलिस्तीन और फिर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस नारेबाजी के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी खड़ी रही, लेकिन जब गुरुवार को इस नारेबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद थाने के उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने थाने में अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उप निरीक्षक ने रिपोर्ट में कहा कि जुलूस में मुस्लिम समाज के युवकों ने देश विरोधी नारेबाजी की और शांति व्यवस्था को भंग करने का कार्य किया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

वर्ग पहेली-197

बाएं से दाएं

3. 1. जनसाधारण की नि:स्वार्थ सेवा 2. सरकारी नौकरी।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा हुक्का, गुड़गुड़ी 2. पुरानी चाल की बंदूक का एक पुरज़ा।
7. 1. आज्ञा, आदेश 2. हिदायत या सलाह देना 3. किसी को ठीक रास्ता बतलाना, पथ प्रदर्शन 4. मुशायरों के दौरान गायक द्वारा शेर पेश करने के लिए श्रोताओं द्वारा प्रयुक्त अनुमति सूचक शब्द।
8. निचली मिट्टी।

ऊपर से नीचे

1. 1. दीया
2. 1. ज़बरदस्त 2. बहुत बड़ा या विशाल।
3. जनकल्याण, जनता की भलाई।
4. लोहे आदि की बनी मज़बूत अलमारी जिसमें व्यक्ति रुपया आदि रखता है
6. 1. भरे हुए शरीरवाला 2. कोमल, मुलायम।

■	■	■	1	■	2
3		4		■	
	■	5			■
	■	■		■	6
	■	7			
	■	■	■	■	
■	■	8			

वर्ग पहेली -196 का हल

1 पु	रां	त	क	■	2 रु
■	■	■	■	■	का
3 प	■	■	4 नि	■	व
5 रि	टा	य	र	में	ट
धा	■	■	व	■	■
नी	■	■	6 का	7 ज	ल
य	■	8 रा	श	न	■

सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3				1		2		
7	5		8				1	
		6		9				3
			7		5		8	
2		8				3		7
	4		3		1	6		
9				7		8		
	6				2		4	1
		5		3				6

सुडोकू - 109 का हल

8	1	4	5	6	2	3	7	9
5	7	6	4	3	9	8	2	1
2	3	9	1	7	8	5	4	6
3	4	8	6	5	1	2	9	7
9	5	1	7	2	3	6	8	4
6	2	7	9	8	4	1	3	5
4	9	3	8	1	6	7	5	2
7	6	2	3	4	5	9	1	8
1	8	5	2	9	7	4	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 21.15 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग

शु. 7	के. सू. 6	बु. 5
8	9	4
	3 मं.	
10	12 रा.	2 गु.
श. 11		1 चं.

दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 21 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज का दिन विशेष रूप से लाभप्रद रहेगा। अपने रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पुन: शुरू कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। माताजी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

वृष — आज व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करें। शुभचिंतकों से व्यवहार खराब हो सकते हैं। थायराइड के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी वस्तु या आदत की लत है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

मिथुन — आज विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों को करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। घर में पकवानों का आनंद उठाएंगे।

कर्क — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पुरुष जातकों का महिलाओं के प्रति व्यवहार बहुत अच्छा रहेगा। परिवार के लोग आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे।

सिंह — आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को हितशत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। सुबह कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रिश्तेदारों से अपना व्यवहार अच्छा रखें, लेकिन अपनी भावी योजनाओं पर चर्चा करने से बचें।

कन्या — आज आपको शांत रहने की आवश्यकता है। संयुक्त परिवार में थोड़ी खिटपिट हो सकती है। बच्चों का व्यवहार कुछ उद्दंड हो सकता है। जीवनसाथी की सलाह को अनसुना न करें। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय हो सकता है।

तुला — आज अस्त-व्यस्त चीजों को व्यवस्थित करने की कोशिश करेंगे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां आपके अनुकल रहेंगी। गुरुजनों की सलाह आपको काफी काम आएगी। युवा उत्सव के मूड में रहेंगे।

वृश्चिक — आज व्यापार में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। समाज में आपका दबदबा बढ़ेगा। घर में आप काफी व्यस्त रहेंगे। सुबह सेहत कुछ नरम रहेगी। स्वयं को फिट रखने के लिए अपनी जीवनशैली में योग और सात्विक आहार को अवश्य शामिल करें।

धनु — आज ज्यादा सोच-विचार करने से महत्वपूर्ण अवसर निकल सकते हैं। विद्यार्थी उच्च अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। बच्चों के करियर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके मन में नए व रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

मकर — आज लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखेंगे। अपने आसपास के लोगों के साथ संबंध अच्छे रखें। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। आप कुछ चिड़चिड़े से हो सकते हैं। घर से दूर जॉब कर रहे लोगों को छुट्टी लेने में परेशानी सकती है।

कुंभ — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना उत्तम होगा। अपने आदर्शों पर अडिग रहें। आय के नए स्रोत विकसित करने में सफलता मिलेगी।

मीन — आज किसी जरूरी काम को लेकर अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूसरों की सहायता करने के चक्कर में अपने हितों की अवहेलना न करें। आप मानसिक रूप से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। नया कर्ज लेने से आपको बचना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार — सुबह : 09.00
- रंग — शाम : 06.00

&pictures
- घूमर — सुबह : 10.50
- सजनी शिंदे का वायरल वीडियो — रात : 08.00

SONY PIX
- जिओ स्ट्राम — सुबह : 11.03
- जॉन विक : चैप्टर 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- अंतिम — सुबह : 11.29
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- प्लेयर्स — सुबह : 10.16
- आदमी — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

एक नजर

राशन लेने गई महिला से कोटेदार ने की अभद्रता

धानेपुर : ग्राम पंचायत डेबरीकला के मजरा गुप्तार पुरवा की रहने वाली दलित विधवा महिला राम कला के मुताबिक वह अपने गांव के एक कोटेदार के यहां राशन लाने गई थी। उसका नंबर तीसरा था।आरोप लगाया है कि उसका नंबर आने पर कोटेदार ने राशन देना तो दूर जाति सूचक अपशब्द कहते हुए राशन देने से इंकार कर दिया। अपने हक की बात करते हुए विरोध करने पर कोटेदार ने उसकी बोरी फेंक दी और उसे धक्का देकर भगा दिया। जिस पर तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों पक्षों को तलब किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट मामले में महिला सहित छह पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज : कस्बा के पड़ाव मोहल्ला निवासी संदीप कुमार सिंह थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते 25 अगस्त की रात्रि में नौ बजे के करीब वह अपने गांव खानपुर से अपने घर को आ रहा था कि वीरपुर गांव के पास एक स्कूल के सामने पहुंचने पर लव्वाबीर निवासी संजय तिवारी तथा सतीश तिवारी ने उन्हें रोक लिया और गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। राहगीरों ने बीच-बचाव करके उन्हें छुड़ाया। दोनों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। वहीं दूसरी घटना में परसापुर गांव निवासी ने दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि बीते 11 अगस्त की रात्रि में करीब आठ बजे भूमि विवाद को लेकर गांव के दयाराम यादव, विजय, शिवकुमार पुत्रगण सीताराम तथा इनकी बहन सुनीता उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे शोर सुनकर उसकी लड़की कोमल बीच-बचाव करने आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में एक महिला सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रो. मंशाराम वर्मा विवि शिक्षक संघ के प्रत्याशी घोषित

गोंडा : श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में गुरुवार को आम सभा की बैठक हुई। इसमें प्रोफेसर मंशाराम वर्मा को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ अयोध्या के निर्वाचन में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। मंशा राम वर्मा ने शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो शैलेन्द्र नाथ मिश्र, मंत्री डॉ मनीष शर्मा, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ महामंत्री प्रो जितेंद्र सिंह, प्रो राम समुझ सिंह, प्रो शिव शरण शुक्ल, प्रो राजीव कुमार अग्रवाल, प्रो जितेंद्र बहादुर पाल, प्रो अमन चन्द्रा, डॉ रंजन शर्मा, प्रो अभय श्रीवास्तव, प्रो संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों ने समर्थन किया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रो मंशाराम वर्मा ने सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों एवं आम सभा के सम्मानित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यदि उन्हें इस पद पर कार्य करने का अवसर मिलता है तो वह पूरी निष्ठा से यह प्रयत्न करेंगे कि शिक्षकों व कर्मचारियों को कभी निराश ना होना पड़े।

बच्चों को स्वच्छता की सीख दी, रोपे पौधे

नवाबगंज : कनकपुर प्राथमिक विद्यालय में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा कटरा भोग चंद के सौजन्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण तथा स्वच्छता अभियान चलाया गया। बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल शर्मा तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय ने विद्यालय परिसर में पांच छायादार पौधे का रोपण किया। प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय ने सभी बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से स्वच्छ समाज बनता है।

घाघरा की कटान रोकने में जुटा बाढ़ खंड विभाग

36 घंटे में 92 सेंटीमीटर घट गया नदी का जलस्तर, कटान तेज

करनैलगंज, अमृत विचार : जिस गति से घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ा था उसी गति से जलस्तर के घटने का क्रम जारी है। विगत चार दिनों में घाघरा नदी का जलस्तर 92 सेंटीमीटर घट खतरे के निशान के बराबर पहुंच गया है। ग्राम बहुवन मदार माझा के पास घटते जलस्तर के साथ कटान तेज हो गई।

कटान रोकने को लगाई जा रही परखोपाइन। अमृत विचार

बाढ़ खंड द्वारा कटान को काबू में रखने के लिए लगाए गए बंबू कैरेट, ब्रेकरोरा सहित अन्य सामग्री को अपनी धारा में समाहित कर लिया है। बृहस्पतिवार को बाढ़ खंड के अधिकारियों ने फिर से वही उपाय करते हुए कटान को रोकने की जद्दोजहद तेज करते नजर आए। बृहस्पतिवार को फिर से कटान रोकने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उधर सरयू नदी तीन दिन पहले खतरे के निशान से 92 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई थी और मंगलवार शाम से जलस्तर घटने का सिलसिला शुरू हुआ तो जिस गति से नदी का जलस्तर बढ़ा था उसी गति से उसमें गिरावट भी आई है। बृहस्पतिवार की शाम तक सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के बराबर आ गया और डिस्चार्ज भी करीब ढाई लाख क्यूसेक हो गया है। जिससे अनुमान है कि इस वर्ष अब जलस्तर में बढ़ोतरी नहीं होगी और बारिश की संभावना भी कम होने के नाते बाढ़ का भी अंतिम दौर माना जा रहा है। बांध पर बचाव कार्य में लगे सहायक अभियंता अमरेश सिंह, अवर अभियंता रवि वर्मा का कहना है कि जो भी सामग्री कटान को रोकने के लिए नदी के किनारे लगाया गया था वह सामग्री नदी में बैठ गई है। फिर से बंबू कैरेट, ब्रेक रोरा और पेड़ की डालियों को डालकर कटान को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि कटान रोकने में काफी हद तक सफलता मिली है।

ग्रामीणों ने आवागमन किया ठप

निजी गोदाम मालिकों के मनमानी से सड़क पूरी तरीके से ध्वस्त हो गई। ग्रामीणों को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों ने सड़क मार्ग पर बैरियर लगाकर आवागमन बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाने का कोशिश की लेकिन ग्रामीण नहीं माने। जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सड़क सही कराए जाने का आश्वासन दिया है। नगर कोतवाली अंतर्गत सुभागपुर माल गोदाम के समीप गोदाम बने हुए हैं। यह गोदाम दत्तनगर बिसेन के शिवबख्श पुरवा पूर्व तथा प्रणवी कृपाल के मजरे रघुनाथ पुरवा के गांव को जाने वाले सड़क पर ही हैं।

सीएम को विधायक ने बताईं बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां

गोंडा, अमृत विचारः जिले की तरबगंज व करनैलगंज तहसील में बाढ़ की विभीषिका झेल रहे पीड़ितों की परेशानी लेकर तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक ने सीएम को बाढ़ के वास्तविक हालात से अवगत कराया और उन्हे पीड़ितों की दुश्वारियां बताईं। विधायक ने बाढ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने, राहत सामग्री का वितरण करने, बाढ से कट चुके संपर्क मार्गों का स्थलीय परीक्षण कराकर विशेष मरम्मत कराने तथा बाढ क्षेत्र में स्थायी बाढ़ राहत केंद्र की स्थापना कराए जाने की मांग की है।

सीएम योगी आदित्यनाथ मिलते तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय। साथ में गौरा विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

पीड़ितों को राहत सामग्री के वितरण के साथ स्थायी बाढ़ राहत केंद्र की स्थापना कराने की मांग

मुख्यमंत्री ने विधायक को उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश संबंधित अधिकारियों के दिया है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने लिखा है कि तरबगंज का लगभग एक तिहाई भाग बाढ़ की भीषण प्रकोप के कारण डूब चुका है। लोग अपने घरों की छतों पर रहने को मजबूर हैं। जिनके पास छत नहीं है ऐसे लोग मजबूरन घर से पलायन कर बंधे पर रह रहे हैं। बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों के लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

विधायक ने बाढ़ पीडितों को तत्काल उनके नुकसान का मुआवजा दिलाने, टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाने की अनुमति देने व बाढ़ क्षेत्र में स्थायी बाढ़ राहत केंद्र की स्थापना की मांग की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस दौरान उनके साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा भी मौजूद रहे।

शराब पिलाकर जमीन बैनामा कराने का आरोप

धानेपुर, गोंडा: मेहनौन गांव की रहने वाली महिला रजकला पत्नी शिवनारायण के मुताबिक उसके गांव के रहने वाले दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों ने मिलकर उसके बेटे सुरेश कश्यप को शराब पिलाकर और उसकी एक बीघा भूमि धोखाधड़ी करते हुए बैनामा करा लिया है। होश में आने पर बेटे ने आपबीती बताई है जिस पर पुलिस व सीओ सदर शिल्पा वर्मा से शिकायत की गई है। सीओ सदर ने धानेपुर पुलिस को प्रकरण के जांच की आदेश दिए हैं। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को तलब किया गया है।

केवाईसी कराने में कोटेदार फिसड्डी

गोंडा, अमृत विचारः जनपद में राशन कार्ड केवाईसी का कार्य चल रहा है। जिले में अभी तक करीब 13 लाख 40 हजार यूनिट की ही केवाईसी हो पायी है। जो करीब प्रचलित राशन कार्ड यूनिटों की 50 फ़ीसदी होती है।

केवाईसी कम होने की वजह से जिले में तैनात पूर्ति निरीक्षकों व कोटेदारों को जिला पूर्ति अधिकारी ने नोटिस जारी करते हुए कम केवाईसी होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। अंगूठा ना लगने से उनकी केवाईसी नहीं हो पा रही थी, जिसकी वजह से वह सुबह आधार कार्ड केंद्र पर आकर लाइन में लग जा रहे हैं। जिले में करीब 26 लाख 58 हजार के आसपास राशन कार्ड की यूनिट है जिसमें से सभी की केवाईसी

अब तक 13 लाख 40 हजार यूनिटों की ही हो पायी है केवाईसी

पूर्ति निरीक्षक को नोटिस भेजकर मांगा गया स्पष्टीकरण

करनी है। प्रदेश स्तर पर देखा जाए तो जिले का केवाईसी करने की स्थिति ठीक नहीं है। कोटेदारों को पूर्ति विभाग लगातार निर्देश दे रहा है कि जल्द से जल्द सभी लोगों की केवाईसी कर ली जाए।पूर्ति विभाग की ओर से प्रतिदिन केवाईसी किए जाने की समीक्षा हो रही है। शासन की ओर से केवाईसी कम किया जाने को लेकर सख्ती बरती जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने केवाईसी प्रतिशत कम होने की वजह से नोटिस जारी की है। पूर्ति निरीक्षक दिनेश वर्मा , जुगल किशोर, रवि रंजन, महेश प्रसाद, सुनील दिवाकर समेत सभी पूर्ति निरीक्षक तथा 50 फीसदी से कम केवाईसी करने वाले कोटेदारों नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे बताया हैं कि जनपद में करीब प्रचलित में यूनिटों में 50 फीसदी केवाईसी हो गई है। जिले में करीब 26 लाख 58000 के आसपास यूनिट है। अभी तक लगभग 13 लाख 40 हजार यूनिट की केवाईसी हुई है। उन्होंने बताया कि सभी पूर्ति निरीक्षकों व कई कोटेदार को नोटिस जारी कर केवाईसी कम होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जितनी यूनिट प्रचलित है उन सभी यूनिटों का केवाईसी होना है।

कबड्डी में अलीगढ़, प्रयागराज और मिर्जापुर की टीमें रहीं अव्वल

गोंडा, अमृत विचार: जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरे दिन अलीगढ़, प्रयागराज और मिर्जापुर की टीमों ने दमदार प्रदर्शन किए।

दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन अलीगढ़ और झांसी के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें अलीगढ़ (19-08) से विजयी रही। दूसरा मैच प्रयागराज बनाम मुरादाबाद के मध्य हुआ जिसमें प्रयागराज (37-13) से विजयी रही। तीसरा मैच मिर्जापुर बनाम चित्रकूट के मध्य हुआ जिसमें मिर्जापुर (21-05) से विजयी रही। चौथा मैच

कबड्डी खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

लखनऊ बनाम आजमगढ़ के मध्य हुआ जिसमें लखनऊ (34-31) से विजयी रही। पांचवां मैच अयोध्या बनाम मेरठ के मध्य हुआ जिसमें मेरठ (27-09) से विजयी रही। छठा मैच गोरखपुर बनाम कानपुर के मध्य हुआ जिसमें गोरखपुर (28-26) से विजयी रही। सातवां मैच देवीपाटन बनाम बरेली के मध्य हुआ जिसमें देवीपाटन (25-09) से विजयी रही। आठवां मैच सहारनपुर बनाम चित्रकूट के मध्य हुआ जिसमें सहारनपुर (15-03) से विजयी रही। नौवां मैच मिर्जापुर बनाम प्रयागराज के मध्य हुआ जिसमें मिर्जापुर (32-33) से विजयी रही। सेमीफाइनल व फाइनल मैच कल आयोजित होगा व साथ-साथ पुरस्कार वितरण का आयोजन किया जायेगा।

असर

अमृत विचार की खबर का आयुक्त ने लिया संज्ञान

आरटीओ से ई-रिक्शा संचालन की मांगी रिपोर्ट

गोंडा, अमृत विचारः सड़कों पर अवैध रूप से दौड़ रहे ई-रिक्शा के चलते हो रही दुश्वारियों पर अमृत विचार में प्रकाशित खबर का आयुक्त देवी पाटन मंडल ने संज्ञान लिया है और गोंडा समेत मंडल के चारों जिलों के आरटीओ से ई रिक्शा संचालन की रिपोर्ट तलब की है। आयुक्त ने ई रिक्शा संचालन और उनकी जांच के लिए अधिकारी वार, मार्ग वार एवं तिथि वार रोस्टर निर्धारित करने तथा पकड़े गये या चालान किये गये विभिन्न प्रकार के वाहनों के पंजीयन नम्बर, वाहन स्वामी के नाम व पता तथा प्रवर्तन स्वरूप वसूल की गई धनराशि की सूचना दैनिक रूप से उनके कैम्प कार्यालय को भेजने का

ई-रिक्शे की सवारी बन रही सड़कों की लाचारी
जाम और हादसों के बन रहे सबब, परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं 6 हजार ई-रिक्शा, टैक्स परमिट में छूट
अमृत विचार में छपी खबर।

निर्देश दिया है।

परिवहन विभाग ने पूरे जिले में 6 हजार ई-रिक्शा को परमिट दे रखा है, लेकिन सड़कों पक इनकी संख्या परमिट से दो गुना है। इनमें से अधिकतर ई रिक्शा बिना नंबर प्लेट व रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। अमृत विचार ने पांच सितंबर के अपने अंक में इस समस्या पर "ई-रिक्शे की सवारी बन रही सड़कों की लाचारी" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इस खबर का आयुक्त देवी पाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने संज्ञान लेते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी से ई रिक्शा संचालन की रिपोर्ट तलब की है। आयुक्त ने अमृत विचार की खबर का उल्लेख करते हुए लिखा है कि लगभग यही स्थिति शहर में दौड़ रहे ई रिक्शा की है। गोंडा-लखनऊ रोड से दीवानी न्यायालय व आयुक्त कार्यालय से विकास भवन तक सड़क पर प्रायः जाम लगा रहता है। आयुक्त ने मंडल के चारों जिलों गोंडी, बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती के संभागीय परिवहन अधिकारी से ई रिक्शा संचालन की नियमित जांच कराने और उनके खिलाफ की गयी।

सार-संक्षेप

सांसद ने सदस्यता अभियान में लिया हिस्सा

सदस्यता अभियान की समीक्षा करते सांसद करनभूषण सिंह। अमृत विचार

रुपईडीह : कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह ने संसदीय क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान ब्लॉक रुपईडीह के छितौनी गांव में पूर्व प्रधान तिलक सिंह के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने रुपईडीह में सेवानिवृत्त नलकूप चालक हरिराम मौर्य के पुत्र डा पंकज कुमार मौर्य, सरहरा में भाजपा सेक्टर संयोजक राकेश कुमार मिश्र की मां, बनगाई में नरेंद्र मिश्र व कौड़िया में कृष्ण देव तिवारी के निधन पर उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इसके पश्चात कौड़िया मे प्रधान रिंकू मिश्र के कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कटौली चौराहे पर सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। तत्पश्चात बसंतपुर गांव में रामरूप तिवारी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सांसद प्रतिनिधि ज्योति पांडेय, भाजपा मंडल रुपईडीह के अध्यक्ष रमाकांत मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल, प्रधान रिंकू मिश्र, आनंद मोहन मिश्र व अनिल कुमार पांडेय, हरीश शुक्ल, महेश शुक्ल, पुनीत चौबे, राजू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

न्यूनतम पेंशन धनराशि में वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन

गोंडा, अमृत विचार : न्यूनतम पेंशन राशि को बढ़ाए जाने तथा सभी कर्मचारियों का आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को मांग पत्र भेजा है। भारतीय मजदूर संघ के जिला इकाई के अध्यक्ष रामानंद तिवारी तथा मंत्री अरुण भानु तिवारी के अगुवाई में कर्मचारी इकट्ठा होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र दिया है। मांग पत्र में कहा गया है कि कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के मुताबिक न्यूनतम पेंशन 1000 है जो बहुत ही काम है समय बीतने के साथ ही महंगाई बढ़ी है। इसलिए इसको 5000 करते हुए जोड़कर न्यूनतम पेंशन धन राशि बनाई जाए। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी का कहना है कि विगत 10 वर्षों में काफी महंगाई हो गई है, जिससे कर्मचारियों का गुजर बसर नहीं हो पा रहा है। न्यूनतम पेंशन धन राशि महंगाई को देखते हुए अत्यंत कम है इसको तत्काल बढ़ाया जाए। कर्मचारियों का आरोप है कि इन सभी समस्याओं को लेकर पूर्व में भी ज्ञापन सौपा गया है, लेकिन अभी तक उसे पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया है। मांग पत्र में सभी कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा दिलाए जाने की भी मांग की गई है। कर्मचारियों की ओर से कहा गया है कि इस समय सरकार की ओर से जो पेंशन की धनराशि दी जा रही है उससे करीब 78 लाख कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में न्यूनतम पेंशन राशि मे बढ़ोत्तरी जाने से इन सभी लोगों को जीवन यापन करने में सहायता होगी।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पंत्राकः / के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2678–83 /2024–25/ दिनांक – 19.09.2024

(निविदा सूचना)

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक/11308/2022–23 दिनांक–14.02.2023 तथा शासनादेश संo–2805/68–5–2023–5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश संo–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.10.2024 की सांय 5:00 बजे तक निर्धारित शर्तो के आधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

क्र0 सं0	पदनाम	शैक्षिक योग्यता	कुल रिक्त पद	वर्गवार रिक्त पदों का विवरण				मानदेय प्रतिमाह (रू0 में)
				अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु जाति	अनु0ज0 न जाति	
1	पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान)	विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	03	01	01	01	00	24200/–
2	पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित)	गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	02	02	00	00	00	24200/–
3	पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय)	समाजिक विषय (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	01	01	00	00	00	24200/–
4	अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा)	स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि)	03	01	00	02	00	10780/–
5	अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर शिक्षा	कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक, प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षित सम्मलित हो। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर पी0जी0डी0सी0ए0/ बी0सी0ए0/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / एड्वलेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी।	03	02	01	00	00	10780/–
6	अंशकालिक शिक्षिका (कला/संगीत)	कला, क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिये शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि होगी।	02	01	01	00	00	10780/–
7	पूर्णकालिक लेखाकार	स्नातक वाणिज्य विषय के साथ, एम0एस0 ऑफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा को वरीयता।	01	01	00	00	00	12100/–
8	मुख्य रसोइया	कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए	01	01	00	00	00	7590/–
9	सहायक रसोइया	कक्षा–08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए	04	01	02	01	00	5693/–

अर्हता एवं शत :– 1. यह चयन पूरी तरह अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं शासनादेश संख्या 2805/68–5–2023–5/2020 दिनोंक 01.02.2023 में जारी विषयगत योग्यता एवं निर्देशों के अधीन रहेगी।

2. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।

3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 25 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. क0गा0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो आवेदित पद हेतु निर्धारित आर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर आयु सीमा में क0गां0आ0बा0वि0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी किन्तु यह प्रतिबन्ध है कि सम्बंधित अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

5. क0गा0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर उन्हें क0 गां0आ0बा0वि0 में पूर्व में कार्यरत रहने के प्रत्येक शैक्षिक सत्र हेतु 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।

6. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।

7. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

8. अभ्यर्थी को अन्तिम शैक्षिक संस्था / किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं जो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों / वित्तीय अनियमिता / गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

9. अभ्यर्थी को तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सीय परीक्षणोपरान्त फिजिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह कार्य करने में अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं है।

10. चयन उपरान्त, पूर्णकालिक शिक्षकाओं, का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।

11. पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

12. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद कन्नौज के वेबसाइट https://kannauj.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

13. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है. स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

14. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक. 05/10/2024 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज पिन कोड–209727 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) प्रमाण–पत्र, सामान्य निवास प्रमाण–पत्र जाति प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र. आधार कार्ड, टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्यक संलग्न करें।

16. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

17. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन रहेगी।

18. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जायेगा।

19. उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय/ उच्चतम न्यायालय में योजित विभिन्न याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

(रोहित कुमार)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा कन्नौज

(संदीप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

एक नजर

आज आयेंगे कृषि मंत्री

बहराइच। प्रदेश के प्रभारी मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही जी का 20 को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री श्री शाही 20 सितम्बर को प्रात: 08 :30 बजे लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों से भेंट के उपरान्त प्रात: 09 :30 बजे जिला प्रशासन द्वारा महसी तहसील के अन्तर्गत चिन्हित बाढ़ प्रभावित दो ग्रामों का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितो को बाढ़ राहत सामग्री का वितरण करेगें। प्रभारी मंत्री पूर्वान्ह 11 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

नेपाली महिला को चरस के साथ पकड़ा

बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर एक नेपाली महिला को एसएसबी और पुलिस ने चरस के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक जितेश कुमार सिंह, महिला उप निरीक्षक रोशनी वर्मा और अन्य की टीम और एसएसबी जवानों ने चेकिंग के दौरान हरिकला पुन मगर पुत्री जयप्रकाश घर्ती मगर निवासी थबाड जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान 1 किलो 170 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुआ है। जिसे सीज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दुकान में घुसकर मारपीट, 23 पर केस

बहराइच। कोतवाली नगर के अस्पताल चौराहा के निकट कपड़े की दुकान में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने तीन नामजद और 20 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। कानूनगोपुरा में चौकी से 50 मीटर की दूरी पर इशांत पंजवानी की कपड़े की दुकान है। व्यापारी ने बताया कि उनके यहां का एक स्टाफ सामने की दुकान पर काम करने लगा। जिस पर उन्होंने दुकान मालिक इंद्रपाल सिंह से स्टाफ का हिसाब करवाने के बाद काम लेने की बात कही। इससे वे नाराज हो गए। सभी ने रात करीबी पौने 11 बजे फोन पर धमकी दी। इसके बाद 20 से 25 की संख्या में अज्ञात लोग दुकान के अंदर घुस आए। कपड़ा व्यापारी को पीटा, जिससे उनको गंभीर चोटें आईं।

चार वारंटी गिरफ्तार

बहराइच। कोतवाली मूर्तिहा पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल अमितेंद्र कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक जय प्रकाश सिंह और पंकज चौरसिया की टीम ने मनगने पुत्र टिहुरी, मौकू पुत्र भरोसे, गौतम पुत्र कन्ने और अमन पुत्र कन्ने उर्फ ज्ञानसागर निवासी बोझिया थाना मुर्तिहा को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शोकपिट के गड्ढे में गिर कर बालक की मौत

मिहींपुरवा, बहराइच। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्रामसभा ज़ालिमनगर में पानी एकत्रित करने के लिए ग्राम प्रधान द्वारा जगह जगह गड्ढा बनवाया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा बनवाए गए गड्ढे आम लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। गांव निवासी रंजीत पुत्र लालाराम उम्र लगभग डेढ़ वर्ष खेलते हुए सरकारी योजना के तहत बनाये गये शोकपिट में गिर गया। जिससे गड्ढे में भरे पानी में डूब कर मौत हो गयी। पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मौके पर एसडीएम संजय कुमार ने पहुँच कर जायजा लिया। इस मौके पर राजस्व निरक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल समेत अन्य मौजूद रहे।

कीर्तनकार का निधन

बाबागंज, बहराइच। जिले के मशहूर कीर्तनकार के निधन से शोक की लहर दौड़ गई है। तहसील नानपारा अंतर्गत जगन्नाथपुर पूरे बेचईपुरवा निवासी निवासी केशवराम जिद्दी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक अयोध्या में जवाबी कीर्तन के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

100 से अधिक लोगों को मकान खाली करने का नोटिस

संवाददाता, बहराइच

एडीएम से वार्ता करते सपा के विधायक। अमृत विचार

कलेक्ट्रेट में डीएम को व्यथा सुनाने आए गांव के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के सराय जगना गांव में रहने वाले 100 से अधिक लोगों को मकान खाली करने की नोटिस तहसील द्वारा दी गई है। इसको लेकर हड़कंप मच गया है। यह सभी सरकारी जमीन पर वर्षों से रह रहे हैं। ग्रामीणों ने सपा विधायक के साथ गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। एडीएम से अपनी व्यथा बताई।

कैसरगंज तहसील के फखरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय जगना में गाटा संख्या 92, 211 और 212 की जमीन खलिहान और रास्ते के लिए अंकित है। लेकिन इसी जमीन पर गांव के लोगों ने कब्जा जमाया है। किसी ने पक्का तो किसी ने फूस की झोपड़ी रख ली है। 100 से अधिक लोग अपना निवास स्थान बनाकर रह रहे हैं। इनमें बड़े से लेकर बच्चे भी शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सभी 50 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे हैं। लेकिन अब इस जमीन को राजस्व कर्मियों ने कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। नोटिस बुधवार को जारी कर जमीन खाली करने की चेतावनी दी है। जमीन खाली न करने पर तहसील प्रशासन अपने हिसाब से कब्जा हटवाएगी। इसको लेकर गांव के सैकड़ों लोग गुरुवार को सपा विधायक अनिल यादव और पूर्व विधायक शब्बीर अहमद के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव से अपनी बात रखी। एडीएम ने कहा कि बिना जांच के कोई कार्यवाई नहीं होगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एक वर्ष पूर्व मिला था नोटिस

सराय जगना गांव निवासी कुलसुम समेत अन्य को 10 नवंबर 2023 को बेदखली का नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी कब्जा नहीं छोड़ा गया। प्रमुख सचिव के आदेश के बाद तहसील प्रशासन ने तेजी पकड़ी है। इससे गांव के 100 से अधिक ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

सराय जगना गांव के लोग विधायक के साथ आए थे। उनकी समस्या सुनी गई है। लेकिन खलिहान और रास्ते की जमीन पर कब्जा कोई नहीं कर सकता है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार की जांच के बाद आगे की कार्रवाई राजस्व विभाग करेगा।

–गौरव रंजन श्रीवास्तव, एडीएम

मरीज के भाई ने डॉक्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप

नवाबगंज, बहराइच

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में तैनात डॉक्टर पर मरीज के भाई ने अभद्रता करने का आरोप लगाया है। इसके लिए उसने पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है। सीएचसी अधीक्षक ने जांच शुरू कर दी है।

रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बरगदहा चिलबिला गांव निवासी शिबू सिंह ने चरदा अस्पताल में डॉक्टर पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों को शिकायत कर जांच की मांग की है। पीड़ित मरीज के भाई ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र तथा आईजीआरएस के माध्यम से किए शिकायत में लिखा कि वह 15 सितंबर की रात को हादसे में घायल अपने छोटे भाई सुनील का इलाज कराने सीएचसी चरदा गए थे। जहां तैनात डॉक्टर ने अभद्रता की तथा कहा कि रात में सोने को नहीं मिलता है। पीड़ित ने बताया कि भाई की तबीयत ज्यादा खराब थी। इलाज के लिए कहने पर डॉक्टर ने 112 नंबर पुलिस को बुला लिया। धीरे-धीरे भाई की हालत और बिगड़ती गई जिसे इलाज लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अधीक्षक डॉक्टर राम नरायण वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत करा दिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

नदी और नाले में डूबने से युवक समेत दो की मौत

फखरपुर थाना क्षेत्र में युवक का तालाब में मिला शव

फखरपुर/हरदी, बहराइच

हरदी थाना क्षेत्र में किशोरी का शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस।

अमृत विचार। जिले के फखरपुर और हरदी थाना क्षेत्र में नदी और नाले में डूबने से युवक समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फखरपुर में एक निजी तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बरामद हुआ है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाबूकापुर के मजरा कंठूपुरवा निवासी रोहित कुमार (30) पुत्र देवता दीन के घर से कुछ दूरी पर भग्गड़वा पुल स्थित है। सरयू नदी पर बने पुल की रेलिंग पर रोहित गुरुवार सुबह जाकर बैठ गया। इसके बाद वह मछुआरों द्वारा किये जा रहे मछली का शिकार देखने लगा। इसी दौरान रोहित असंतुलित होकर सरयू नदी में गिर गया। उसकी पानी में डूबकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर फखरपुर थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने तलाश शुरू की तो सुबह 11 बजे युवक का शव मिला। जहां शव मिला है, वह क्षेत्र कोतवाली देहात में आता है। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली देहात पुलिस नहीं पहुंची थी। फखरपुर थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि पुल से गिरकर युवक की मौत हुई है। मालूम हो कि युवक के दो पुत्र और एक बेटी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

हरदी थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटिया निवासी मोनी बाजपेयी (17) पुत्री रमाशंकर बाजपेयी बुधवार शाम सात बजे के आसपास मे अपने घर से नित्य क्रिया के लिए निकली थी। नाले के निकट बने पुल के पास पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने लगी। आसपास के लोगों ने शोर मचाया। स्थानीय गोताखोरों के द्वारा काफी तलाश की गई थी लेकिन उसका पता नहीं चल सका। दूसरे दिन गुरुवार सुबह होते ही मौके पर पहुंचे एसडीम महसी अखिलेश कुमार सिंह व थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने पीएसी बटालियन के नौजवानों को बुलाया। नाव के द्वारा नाले में नौजवानों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को नाले से निकाला जा सका।

उधर फखरपुर थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव के जैतापुर संपर्क मार्ग पर बने तालाब में एक युवक का शव पड़ा लोगों ने देखा। उसकी पहचान बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिसवा निवासी रंजीत कुमार अवस्थी पुत्र मनोज अवस्थी के रूप में हुई। वह अपने नानी के साथ रहता था। परिवार के मुताबिक नानी की मौत बुधवार को हो गई थी। जिस पर वह बस बुक कराने के लिए जिला मुख्यालय आया था। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई यह रहस्य बन गया है। प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि जांच के बाद सही जानकारी हो सकेगी।

बिना नाती के नानी का हुआ अंतिम संस्कार

बौंडी थाना क्षेत्र के बिसवा गांव निवासी रंजीत अपनी नानी के साथ रहता था। लेकिन नानी की मौत एक दिन पूर्व हुई। गुरुवार को रंजीत घर नहीं आया तो परिवार के लोग बिना रंजीत के ही नानी का शव लेकर अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

मैगला गांव में दिखा भेड़ियों का नया झुंड, दहशत

बौंडी, बहराइच

अमृत विचार। जिले में आखिरी आदमखोर भेड़िये की तलाश के बीच महसी तहसील के मैगला गांव में एक फार्म हाउस के पास चार भेड़ियों का झुंड देखा गया। स्थानीय लोग भेड़ियों के इस नए झुंड में एक लंगड़ा भेड़िया होने का भी दावा कर रहे हैं, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह आदमखोर झुंड का वही भेड़िया है जिसकी वन विभाग को तलाश है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी के फार्म हाउस पर बुधवार शाम चार भेड़ियों का एक झुंड देखा गया, जिनमें से एक भेड़िया लंगड़ा बताया जा रहा है। जिस स्थान पर भेड़ियों का नया झुंड दिखाई दिया वह भेड़ियों के आतंक को लेकर सर्वाधिक संवेदनशील सिसैया चूरामनि गांव से मात्र पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित है। चौधरी ने बृहस्पतिवार को बताया, 'बुधवार शाम चार बजे ग्रामीणों को चार भेड़ियों का एक झुंड हमारे आम के बगीचे में दिखाई दिया है, इनमें एक भेड़िया लंगड़ा है। ग्रामीणों ने भेड़ियों को घेरना शुरू किया तो वे हमारे मक्के के खेत से होते हुए पड़ोसी के खेत में चले गये। अब संभवतः किसी खेत में ही भेड़िए छिपे हैं। थोड़ी देर बाद अंधेरा होने पर भेड़िए दिखना बंद हो गये थे। हालांकि प्रभागीय वन अधिकारी अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि ऐसा नहीं लगता कि इस नये झुंड में आदमखोर भेड़िया शामिल होगा। उन्होंने आशंका जताई कि भेड़ियों का यह झुंड अगर नरभक्षी नहीं है, फिर भी इसे पकड़ने की कवायद हुई तो इसके सदस्य भेड़िये भी बदले की भावना से इंसानों पर हमलावर कर एक नयी समस्या खड़ी कर सकते हैं

जंगली जीव के हमले में छात्र घायल, भर्ती

जिला अस्पताल में भर्ती छात्र।

महसी, बहराइच, अमृत विचार। जिले के ग्राम पंचायत पचदेवरी के मजरा मंगलपुरवा निवासी कक्षा चार का छात्र बृहस्पतिवार को स्कूल पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी भेड़िया ने हमला कर दिया। छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र के गांवों में जंगली जीव का हमला थम नहीं रहा है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचदेवरी के मजरा मंगलपुरवा गांव निवासी सरल मिश्रा (10) पुत्र जवाहर लाल गांव के शिशु मंदिर में कक्षा चार का छात्र है। गुरुवार सुबह वह स्कूल पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में जंगली जीव ने हमला कर दिया। बालक के शोर मचाने पर भेड़िया छात्र को छोड़कर चला गया। छात्र को परिवार के लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल छात्र की मां का कहना है कि भेड़िया ने हमला कर बेटे को घायल किया है। वहीं डीएफओ अजीत प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने भेड़िए के हमले से इंकार किया। उन्होंने कहा कि किसी अन्य जंगली जीव ने हमला किया है।

गुस्साए ग्रामीणों ने सियार को पीट-पीट कर मार डाला

संवाददाता, जरवल, बहराइच

अमृत विचार। जनपद के ग्राम करनईडीहा में बृहस्पतिवार को एक पागल सियार पहुंच गया। उसने आधा दर्जन मवेशियों पर हमला कर घायल कर दिया, इसके बाद एक युवक पर हमला कर दिया। इससे गुस्साए गांव के लोगों ने सियार को पीटकर मार डाला। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सियार के शव को कब्जे में ले लिया है।

जिले के गांव में भेड़िया के हमले के बाद अब सियार भी हमला करने लगा है। विकासखंड जरवल अंतर्गत ग्राम पंचायत करनईडीहा में पागल सियार का आतंक बृहस्पतिवार को देखने को मिला। पागल सियार ने विनोद कुमार सैनी के गाय के बच्चे को नोच डाला। इसके बाद राम मनोरथ राव के गाय के बछड़ा, सुरेश सिंह के भैंस के बच्चे समेत आधा दर्जन मवेशियों पर हमला किया। सियार ने खेत जा रहे गांव निवासी अक्षय प्रताप सिंह (20) वर्ष पुत्र श्याम बहादुर सिंह पर भी झपटकर उसके हाथ को नोचा। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने युवक को बचाया। ग्रामीणों ने हमले की सूचना वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह को दिया। मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के हमले में सियार की मौत हुई है। जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

मंगेश यादव एनकाउंटर से समाज के लोगों में रोष

मंगेश यादव एनकाउंटर को लेकर प्रदर्शन करते यादव समाज के लोग।

बहराइच, अमृत विचार। वीर अहीर निर्माण सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में मंगेश यादव एनकाउंटर के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने कहा कि एसटीएफ ने फर्जी एनकाउंटर किया है। इसकी जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। वीर अहीर निर्माण सेना के पदाधिकारी बृहस्पतिवार दोपहर में कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने डीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया सभी का कहना है कि जौनपुर में मंगेश यादव का एनकाउंटर एसटीएफ की ओर से फर्जी तरीके से किया गया है। कहां की एनकाउंटर की जांच किसी न्यायिक अधिकारी द्वारा करवाया जाए, जिससे पुलिस के झूठ का खुलासा हो सके। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी अलग अलग बातें लिखकर वायरल किया जा रहा है। इससे समाज के लोगों की छवि धूमिल हो रही है। इस पर सरकार रोक लगवाए। मंगेश यादव एनकाउंटर की जांच और परिवार को न्याय दिलाने के लिए सभी ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान काफी संख्या में वीर अहीर निर्माण सेना के लोग मौजूद रहे। सभी ने जय यादव जय माधव का नारा भी लगाया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चलाया स्वच्छता अभियान

पीएचसी में झाड़ू लगाते भाजपा जिलाध्यक्ष।

बहराइच, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्यता और स्वच्छता अभियान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमवापुर में चलाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। भारतीय जनता पार्टी संगठन की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहा सेवा पखवाड़ा 24 जून तक चलेगा। इसी क्रम में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने मंडल गोकुलपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमवापुर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर में अपने पार्टी पदाधिकारी के साथ कार्यक्रम किया। सभी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा सदस्यता अभियान के अंतर्गत लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान सहित मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आय बढ़ाने के लिए उपज की बनाएं वैल्यू

बलहा विकास खंड में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

बहराइच, अमृत विचार। कृषि सूचना तंत्र के सुदृणीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड बलहा में 1 दिवसीय विकासखंड स्तरीय किसान मेलाका आयोजन हुआ। किसान मेला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा ने की। बलहा विकास खंड सभागार में आयोजित किसान मेला में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा ने उपस्थित किसानों को कहा कि अपने कृषि उत्पादन का वैल्यू एडिशन करके विक्रय जब तक नहीं करेंगे तब तक आपकी आय नहीं बढ़ेगी। उन्होंने प्रगतिशील किसानों से कहा कि अधिक से अधिक जैविक खेती का उत्पादन कर अपनी उपज का दोगुना लाभ प्राप्त करें। उन्होंने उपस्थित किसानों से कहा कि एफपीओ गठित कर समूह में खेती करें, जिससे अधिक उत्पादन की बिक्री कर लाभ अर्जित करें। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा ने किसानों की आय वृद्धि बढ़ाने की जानकारी दी तथा उपस्थित किसानों से अनुरोध किया कि वर्तमान खरीफ फसल की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को जलाई नहीं अपित उसे मिट्टी में मिलाकर कंपोस्ट खाद तैयार करके अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं तथा अधिक उपज प्राप्त करें। कैसरगंज संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा ने उपस्थित किसानों को कृषक उत्पादक संगठन (FPO) गठित कर आय वृद्धि करने की जानकारी दी। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार अमर सिंह ने किसानों को बीज भंडार पर उपलब्ध हो रहे कृषि निवेशों की जानकारी दी। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह बीटीएम तकनीकी सहायक सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

सफाईकर्मी के अभाव में ग्रामीण स्वयं कर रहे हैं नाली की सफाई

बिछिया, बहराइच

गांव में नाले की सफाई करता ग्रामीण।

अमृत विचार। ग्राम पंचायत बड़खडिया में सफाई कर्मी नहीं है, जिसके चलते नालियां जाम है। परेशान होकर ग्रामीण स्वयं नालियों की सफाई कर रहे हैं।

विकासखंड में मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़खड़िया में चारो तरफ गंदगी फैली हुई है। नालियां साफ न होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे गंदा पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर रहा है। इसको देखते हुए ग्रामीण काफी परेशान हैं। समस्या के निजात के लिए गांव के लोगों ने एडीओ पंचायत को शिकायती पत्र भी दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते गांव के लोगों ने समस्या से छुटकारा पाने के लिए स्वयं सफाई शुरू कर दी है। क्षेत्र निवासी प्रमोद आर्य ने बताया कि सफाई कर्मी न होने से काफी समस्या हो रही है। हजारों की आबादी गंदगी से परेशान है।

हर घर जल योजना को अमली जामा पहनाएंगे कर्मी

संवाददाता, बहराइच

विकास भवन में एक युवक को सम्मानित करते सीडीओ। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के विकास भवन सभागार में हर घर जल योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें 40 गांव के आपरेटर और प्लंबर शामिल हुए।

विकास भवन सभागार में गुरुवार को आगा खां फाउडेशन की ओर से कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रहे। मुख्य विकास अधिकारी का एक्सईएन जल निगम कमल शंकर ने स्वागत किया। डीपीएमयू देवेश मिश्रा ने जल संरक्षण और उसके उपयोग के बारे में बताया। इसके बाद जिला विकास अधिकारी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण में शुध्द पेयजल आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की 2019 में शुभारंभ किया गया है। अतः इसी मिशन के अंतर्गत इस परियोजना की धरातल पर साकार हो, इसीलिए यह प्रशिक्षण सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण कार्यशाला में सीडीओ ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना में प्रत्येक गाँव में पम्प ऑपरेटर एवं प्लंबर रखे गए हैं, उनमें से 40 ग्राम पंचायत के ऑपरेटर और प्लंबर को आज दिया गया है। इसके बाद सभी को सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम समेत अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम नवाबगंज कस्बे में मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, जलसे का हुआ आयोजन

दुनिया के लिए शांति का दूत बनकर आए पैगंबर मोहम्मद

नवाबगंज, बहराइच

नवाबगंज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मौलाना। अमृत विचार

अमृत विचार। नवाबगंज कस्बे में बुधवार रात को जश्ने ईद मिलाद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छावनी चौराहा पर जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमाओं ने पैगम्बर मुहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब सारी दुनिया के लिए शांति का दूत बनकर आए।

कस्बे के छावनी चौराहा से ईद मिलाद-उल-नबी का जूलूस निकाला गया जुलूस का नेतृत्व अल्ताफ रसूल हास्मी ने किया जूलूस कांजी हाउस, बक्शी गांव रोड, थाना रोड, बस अड्डा, हज्जिन मस्जिद चौराहा होते हुए चौक घंटाघर पर पहुंचा जहां पर भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य व नवाबगंज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेचेलाल जायसवाल ने जूलूस में शामिल लोगों का जल पान से स्वागत किया। जूलूस का समापन अपने गंतव्य स्थान छावनी चौराहा पर हुआ। उसके बाद छावनी चौराहा पर जलसे को मुस्लिम विद्वानों ने सम्बोधित किया जलसे को संबोधित करते हुए अल्लामा मौलाना इश्तियाक साहब बरांव शरीफ ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब का व्यक्तित्व महान था उन्होंने अपनी जिंदगी में पूरे संसार को शांति का संदेश दिया उन्होंने कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब दुनिया के लिए शांति का दूत बनाकर भेजे गए थे। मौलाना रिजवान खान ने कहा कि अल्लाह तआला ने अपने हबीब पैगम्बर मुहम्मद साहब दुनिया में को भेजकर हम मुसलमानों पर बहुत बड़ी कृपा की है। जलसे का संचालन मौलाना इश्तियाक ने किया। जलसे में हाफिज नासिर हुसैन, अब्दुल मन्नान ,मौलाना मतीन ,सरीफ शाह,अशफाक खान, दानिश, नसीम शाह ,साबिर शाह, सफीक अहमद, साबिर शाह, मोबीन अहमद ,अकील सिद्दिकी,आदि मौजूद जलसे का समापन सलातो सलाम के साथ हुआ।

वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार। बार एसोसिएशन कैसरगंज के अधिवक्ताओं ने द्वितीय दिन भी उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद के व्यवहार व अमर्यादित भाषा के विरोध में उनके न्यायालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। वकीलों ने एसडीएम के कोर्ट का बहिष्कार जारी रखा।

बार एसोसिएशन कैसरगंज के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर तहसील के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी व न्यायिक अधिकारी तथा कर्मचारी अधिवक्ताओं से कुछ सीखना चाहते है तो हम अधिवक्ता ऐसे लोगों का सहयोग करते हुए अपना न्याय कार्य सुचारू रूप से करते रहेंगे। लेकिन अगर कोई तहसील में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी अधिवक्ताओं से अमर्यादित भाषा व दुर्व्यवहार करेगा तो ऐसे लोगों के खिलाफ संगठन आंदोलन करने में व कड़े से कड़े निर्णय लेने में सक्षम है। पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी को अगर अधिवक्ताओं का सम्मान नहीं करना है तो तहसील छोड़कर चले जाएं या स्वतः अपना ट्रांसफर करा लें। प्रदर्शन में बृजेश प्रसाद मिश्र, ज्ञान बाबू वर्मा, विजय प्रताप सिंह, राज किशोर यादव, विनोद कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

एक नजर

निजी स्कूलों में आरटीई से निःशुल्क प्रवेश 1 दिसंबर से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 फीसदी सीटों पर अगले शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह के अनुसार1 दिसंबर से लेकर 27 मार्च 2025 तक चार चरणों में दाखिले की प्रक्रिया चलेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) व खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में अभिभावकों की मदद को हेल्प डेस्क बनेगी। इस बार अभिभावकों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाएगा और उनके फॉर्म में कमियों को हेल्प डेस्क की मदद से पूरा कराया जाएगा। वर्तमान शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 3 .57 लाख बच्चों के आवेदन फार्म आए थे।

महाकुंभः स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम

अमृत विचार, लखनऊ : महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ स्नानर्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि मेला में घाटों की संख्या का विस्तार होने की वजह अब नदियों में आठ किलोमीटर लंबी डीप वाटर बैरिकेटिंग बनाई जाएगी। नदियों की सतह और जल के अंदर की सुरक्षा पीएसी और जल पुलिस को सौंपी गई है। डीआईजी पूर्वी जोन पीएसी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पहली बार निगरानी के लिए अंडर वाटर ड्रोन लगाए जाएंगे। दुर्घटना के समय इस बार सोनार रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाएगा। जलीय क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक जरूरत में क्विक रिएक्शन के लिए पहली बार 25 वाटर स्कूटर की ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी। इसके लिए 6 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन भी बनेंगे। इन्हे संगम और वीआईपी घाट में बनाया जाएगा।

एसटीएफ को सौंपना चाहिए भेड़िये पकड़ने का जिम्मा

सपा प्रमुख ने मृतक के आश्रितों और घायलों को मदद देने में पक्षपात का लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे जानवरों का आतंक बढ़ा है। सरकार अगर आदमखोर भेड़ियोंको नही ढूंढ पा रही है तो ठोको नीति के तहत यह जिम्मेदारी एसटीएफ को सौंप देना चाहिए।

यह बात गुरुवार को सपा प्रमुख ने राज्य मुख्यालय में बहराइच के महसी क्षेत्र में भेडिया के हमलों में शोक संतप्त परिवारीजनों को आर्थिक सहायता देने के बाद कही। अखिलेश यादव ने भेडिया के हमलों में जान गवांने वाले 10 लोगों में, सात शोक संतप्त परिवारीजनों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी। घायलों को 25-25 हजार रूपये की मदद दी गई।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक के आश्रितों और घायलों को मदद देने में भी जाति-धर्म देखकर पक्षपात और भेदभाव किया जा रहा है। विशेष समुदाय के दो मृतक बच्चों का शव नहीं मिला है। मृतक बच्चों के परिवार को 10 लाख व घायलों को एक लाख रुपये की मदद और पूरे इलाज का खर्च सरकार को उठाना चाहिए।

अखिलेश यादव

भेडिया हमले में मृतक के परिवारीजनों को 50-50 हजार, घायलों को 25-25 हजार दिए सपा ने

प्रदेश के मठाधीश मुख्यमंत्री है

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि मैंने कभी किसी संत महंत सन्यासी पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अगर अपने ऊपर लेते हैं तो मैं यही कहूंगा कि वो हमारे मठाधीश मुख्यमंत्री हैं, जब से बीजेपी हारी है तब से उनकी भाषा बदल गई है। योगी के भस्मासुर वाले बयान पर कहा कि भाजपा अपने भष्मासुर को खोज रही है। माफियाओं के सवाल पर कहा,टॉप टेन सूची से पता चल जाएगा कि माफिया किस दल के साथ हैं।

एससी-ओबीसी को शासन-प्रशासन में भागीदारी दिलाएंगे

बसपा प्रमुख ने विधानसभा उपचुनाव में भाजपा से नाराजगी का फायदा उठाने पर दिया जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी एससी-एसटी व ओबीसी को शासन-प्रशासन में समुचित भागीदारी दिलाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में भाजपा से जनता की नाराजगी का फायदा उठाकर बसपा जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पैठ मजबूत करने के निर्देश दिए।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पदाधिकारियों की बैठक में बसपा प्रमुख ने पिछली बैठक में दिए-गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा व विपक्षी दल जनहित के ज्वलंत मुद्दों के बजाय सांप्रदायिक व जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति कर रहे हैं। करोड़ों गरीबों, बेरोजगारों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों व अन्य मेहनतकश लोगों को राहत, सुविधा व सुरक्षा की काफी कमी है। अधिकतर मामलों में सरकारी वादे-दावे कागजी हैं। इस कारण आम जनता त्रस्त है।

मायावती

पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पार्टी की पैठ मजबूत बनाने के दिए निर्देश

बिहार की घटना पर दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

बसपा प्रमुख ने बिहार के नवादा में दबंगों ने अनुसूचित वर्ग के लोगों के घरों को जलाने के दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि यह घटना अति दुखद व गंभीर है। सरकार को दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ितों को पुनः बसाने की व्यवस्था के लिए पूरी आर्थिक मदद भी करनी चाहिए।

ऊर्जा निगमों में चतुर्थ श्रेणी में मृत सेवकों के आश्रितों को नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नियमावली-1975 में किया संशोधन, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों में अब चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों की नियमावली-1975 में संशोधन कर दिया गया है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

पावर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह की ओर से जारी आदेश में निदेशक मंडल की ओर लिए गए निर्णय का उल्लेख किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब मृतक आश्रितों को तृतीय श्रेणी में नियुक्ति दी जाएगी। इनमें वेतन मैट्रिक्स लेवल-पांच ग्रेड पे 2600 के टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद शामिल हैं।

इस आदेश में 2010 में हुए शासनादेश का उल्लेख किया गया है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी के रिक्त होने वाले पदो के सम्बन्ध में केवल आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि मृतक कर्मी की मृत्यु के पांच साल के अंदर तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक अर्हता पूरी करने पर ही नियुक्ति दी जाएगी। पावर कॉरपोरेशन को छोड़कर अनुकंपा पर नियुक्ति उसी इकाई में दी जाएगी, जहां पर मृत कर्मी सेवायोजित थे।

दूसरे निगमों में सेवायोजन के लिए अध्यक्ष अधिकृत

मृतक आश्रित की कठिनाइयों को देखते हुए अन्य वितरण निगमों में सेवायोजन के लिए कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति में सीधी भर्ती के समान एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण व 11 माह की ऑन जॉब प्रशिक्षण यानी कुल एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद दो साल की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है। तृतीय श्रेणी के जिन पदों पर टंकण अनिवार्य है, उसमें टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट अनिवार्य किया गया है। आदेश के तहत 25 जून 2015 तक नियमावली संशोधित मानी जाएगी। बाकी नियम व शर्तें पूर्व की तरह लागू रहेंगी।

उत्पादन निगम में हो चुका फैसला

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति में चतुर्थ श्रेणी में न किए जाने का फैसला करीब एक माह पहले ही हो चुका है। उत्पादन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में फैसला लेते हुए इस तरह का आदेश जारी किया गया था। कॉरपोरेशन की तरह उत्पादन निगम में भी टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक पदों पर नियुक्ति का उल्लेख है।

2027 की सरकार का कार्यकाल 2 साल का होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में साल 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद जिस भी राजनीतिक दल की सरकार बनेगी, उसकी उम्र दो साल की ही होगी। दरअसल, एक राष्ट्र-एक चुनाव की व्यवस्था लागू होने पर यहां दो साल के भीतर दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे। उप्र. में इससे पूर्व साल 1991 व 1996 में भी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के मुताबिक, रामनाथ कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि साल 2024 के बाद देश में जिस भी राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे, उसका कार्यकाल 2029 में लोकसभा के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाएगा।

पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत पर फैसला आज

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दुराचार के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत पर फैसला शुक्रवार को दोपहर एक बजे होगा। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गायत्री प्रजापति के साथ-साथ आशीष कुमार शुक्ला व अशोक तिवारी के जमानत प्रार्थना पत्र भी 10 सितम्बर को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

अभियुक्तों की ओर से मामले के तथ्यों के साथ-साथ मुख्य रूप से उनके द्वारा जेल में बिताई गयी अवधि को भी जमानत का आधार बताया गया है। वहीं राज्य सरकार ने बहस के दौरान जमानत दिये जाने का विरोध किया है। हालांकि गायत्री कई आपराधिक मामलों में जेल में निरुद्ध है लेकिन उसके खिलाफ दर्ज यह मामला सबसे संगीन माना जाता है। 18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर दिया था। पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर गैंगेरप का आरोप लगाते हुए अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी जबरन शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था।

दुराचार केस में मिली थी उम्रकैद जमानत पर 10 सितंबर को कोर्ट ने सुरक्षित किया था फैसला

सीएचसी व ब्लॉक की देखी व्यवस्था

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविन्द सिंह पटेल ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला और आदर्श नगर पालिका विकास खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की सच्चाई जानी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुँचाया जाए। निरीक्षण के दौरान अरविन्द सिंह पटेल ने विकास खंड उतरौला कार्यालय में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, समूह योजनाओं और अन्य चल रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने सीधे रोगियों से संवाद किया और उनके इलाज की स्थिति जानी। इसके अलावा, दवा स्टॉक, पर्ची काउंटर, एक्स-रे विभाग और प्रसव वार्ड के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक सीपी सिंह और उनकी टीम मौजूद रही। नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी भी पटेल को दी गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने सड़क निर्माण से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

सीएचसी उतरौला का निरीक्षण करते अरविंद सिंह पटेल। अमृत विचार

पूर्वांचल बोर्ड सदस्य ने सीएचसी का किया निरीक्षण

ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत

बलरामपुर, अमृत विचार: गुरुवार सुबह नगर के अंबेडकर तिराहे पर गिट्टी लदे ट्रक ने दो बाइक सवारों को कुचल दिया। घटना में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहल्ला पुरैनिया तालाब निवासी शेखू (40) और राजू (45) बाइक से अंबेडकर तिराहे पर आ रहे थे। बाइक अनियंत्रित होने पर पीछे बैठे राजू बगल से गुजर रही ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए। राजू की मौके पर यह मौत हो गई। बाइक चालक शेखू बच गए। बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार: दुष्कर्म के दोषी को न्यायालय ने 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषी के ऊपर 12000 का अर्थ दंड भी लगाया गया है।

बताते चलें कि 6 अगस्त 2017 को वादी द्वारा थाना पचपेड़वा पर दी गई तहरीर के आधार पर घर में घुसकर वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आधार पर विपक्षी नसीम पुत्र चिनगूद निवासी खदगौरा थाना पचपेड़वा बलरामपुर के खिलाफ थाना पचपेड़वा में मुकदमा दर्ज हुआ। अभियोग की विवेचना निरीक्षक अभिषेक कुमार सिरोही द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोग की पैरवी विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ला, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेन्द्रनाथ एवं पचपेड़वा पुलिस ने की। पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों तथा पैरवी के आधार पर न्यायालय बलरामपुर द्वारा धारा 376, 506 भादवि के अपराध में अभियुक्त नसीम पुत्र चिनगूद निवासी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 12,000 रु अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

सार-संक्षेप

सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने पर सख्त चेतावनी

संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार : जिले के उतरौला क्षेत्र में पुलिस ने नागरिकों को सख्त चेतावनी जारी की है कि वे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित हो रही खबरों की पुष्टि किए बिना उन्हें आगे न भेजें। यदि कोई व्यक्ति गलत या भ्रामक जानकारी प्रसारित करता है, तो उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। हाल ही में 12 रबीउल अव्वल के अवसर पर उतरौला में दो समुदायों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, जिससे तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति को नियंत्रण में रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपदीय पुलिस, सोशल मीडिया सेल और साइबर सेल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार गहन निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे केवल सत्यापित सूचनाओं को ही साझा करें ताकि क्षेत्र में शांति और सद्भाव बना रहे।

चीनी मिल मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत

संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में एक चीनी मिल मजदूर की बुधवार की शाम संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मजदूर बलराम मिश्र (17) के पिता जितेंद्र प्रसाद ने ठेकेदार मनीष श्रीवास्तव और राहुल चौधरी पर हत्या का आरोप लगाया है। जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि उनके बेटे को ठेकेदार मनीष श्रीवास्तव और राहुल चौधरी ने चीनी मिल में काम पर रखा था। बुधवार की शाम को राहुल चौधरी ने फोन करके बताया कि बलराम की हालत गंभीर है और उसे मेमोरियल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचने पर बलराम ने अपने पिता को बताया कि लोगों ने उसे मार दिया, और इसके बाद वह बेहोश हो गया। कुछ देर बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शैलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही बरतने वाले चालक पर 35 हजार का अर्थदण्ड

संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार : बस संचालन में लापरवाही करने वाले संविदा चालक पर 35 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। चालक के मानदेय से प्रतिमाह आसान किस्तों में यह धनराशि वसूल की जाएगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि बलरामपुर डिपो के संविदा चालक बृजेश यादव ने लापरवाही से बस चलाते हुए दुर्घटनाग्रस्त कर दी। कार से टकराने से बस (नंबर यूपी 47 टी 2611) को काफी क्षति पहुंची। 21 दिनों तक बस का संचालन भी नहीं हो सका। यह बस बलरामपुर-कैसरबाग-बेलभरिया मार्ग पर चलती थी। दुर्घटना के संबंध में चालक से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन चालक ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जांच कराए जाने पर पाया गया कि चालक की लापरवाही से बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। ऐसे में बस की मरम्मत व बस के ऑफ रूट रहने से निगम को जो राजस्व का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई चालक से होगी। निगम को 41201 रुपये का नुकसान पहुंचा है, लेकिन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चालक से सिर्फ 35000 रुपये की ही वसूली की जाएगी। एआरएम ने बताया कि चालक के मानदेय से प्रतिमाह आसान किस्तों में इस धनराशि की कटौती करने का निर्देश दिया गया है।

टायर फटने से पलटी डीसीएम, बचे चालक व क्लीनर

संवाददाता, पचपेड़वा बलरामपुर अमृत विचार : गुरुवार सुबह एक डीसीएम सेब बाराबंकी से लोड करके राष्ट्र नेपाल के लिए निकली थी जो कि दोपहर लक्ष्मी नगर चौराहा पहुंचते ही दाहिना टायर फट जाने के कारण पलट गई। गाड़ी चालक बाराबंकी निवासी मोहम्मद शान व क्लीनर अशफाक ने बताया हम लोग सुरक्षित हैं। उक्त जानकारी गाड़ी मालिक को दे दिया गया है अब उनके आने का इंतजार हो रहा है।

पूर्व महाराजा की पुण्य तिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

जिला महिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करते लोग।

संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार : गुरुवार को बलरामपुर राज के पूर्व महाराजा श्रीमन धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह की छठी पुण्यतिथि पर नगरवासियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। ऐसे जनप्रिय,न्यायप्रिय मनीषी महाराजा को याद करते हुए नगरवासियों ने नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा डॉ. राजीव रंजन की अगुवाई में नगर के चिकित्सालयों में फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संयुक्त जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकुमार वर्मा, डॉ. एके यादव, डॉ.राकेश पाण्डेय, डॉ. अवनीश दीक्षित, सुरेन्द्र दूबे, पूनम, एकता पाठक, महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमन गौतम, डॉ.सारिका, डॉ. मेधावी सिंह व डॉ.रशीद तथा मेमोरियल चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.शारदा रंजन, डॉ.ऋषि श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, जनमेजय सिंह व धर्मेश श्रीवास्तव आदि के साथ मरीजों को फल व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मरीजों ने भी अपने पूर्व महाराजा को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

चोरी के 3 आरोपी नकदी और जेवर समेत गिरफ्तार

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार: नगर क्षेत्र के गणपति ऑटो पार्ट्स की दुकान पर बीते चार दिन पहले हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी व अन्य सामान बरामद किया है।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आरोपी अभिषेक उर्फ विकास पत्थरकट्ट तथा शनी पत्थकट्ट आपस में रिश्तेदार हैं। तीसरा आरोपी अंकुश चौहान इनका मित्र है और बलरामपुर नगर में ई रिक्शा चलाता है। अंकुश दुकानों पर माल लाता ले जाता है तथा कुछ दुकानदारों का पैसा भी लाता ले जाता है। आरोपी अंकुश द्वारा अपने सहयोगियों को गणपति आटो पार्टस में नगद रुपये रखे होने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी थी। सभी आरोपियों को रानी धर्मशाला के पीछे रेलवे लाइन से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की निशादेही पर घटना में चोरी हुए 1 अदद मंगलसूत्र, पीली धातु तथा कुल रुपये 16900 के साथ ही कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई एक अन्य चोरी से संबंधित 1 अदद सीलिंग फैन भी बरामद किया गया। सभी आरोपियों को न्यायिक आप अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

नगर क्षेत्र में चार दिन पहले हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

डीएम ने विकास कार्यों व स्कूलों का लिया जायजा

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार: शासकीय योजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनपद के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाए जाने तथा सरकारी कार्यालयों को दलालों से मुक्त कराने, जन सामान्य का कार्य सुविधाजनक रूप से कार्यालय में हो इसके लिए डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निरंतर निरीक्षण जारी है।

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड गैंडास बुजुर्ग, उतरौला, कस्तूरबा गांधी बालिका बालिका विद्यालय में निर्माणधीन हॉस्टल एवं एकेडमिक ब्लॉक, गौ संरक्षण केंद्र गैंडास बुजुर्ग, निर्माणधीन थाना गैंडास बुजुर्ग का निरीक्षण किया गया। कार्यालय खंड विकास अधिकारी गैंडास बुजुर्ग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय को देखा एवं विकासखंड स्तर पर समूहों के गठन एवं सीसीएल, आरएएफ सेंटर के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी अभिलेखों को नियमित मेंटेन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों का जायजा लिया। उन्होंने सभी पटलों पर पटल सहायक के कार्यों का विवरण एवं अलमारी में रखे अभिलेखों का विवरण चस्पा किए जाने का निर्देश दिया। मनरेगा सेल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश के मौसम में खेत तालाब निर्माण कार्य मनरेगा से विशेष रूप से कराए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गैंडास बुजुर्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में नियमित स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से पाठ्यक्रम से संबंधित सवाल पूछ कर शैक्षिक गुणवत्ता परखा। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निर्माणाधीन हॉस्टल एवं एकेडमिक ब्लॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ना पाए जाने पर डीएम कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम के अभियंता को कड़ी फटकार लगाई एवं कार्य दोबारा कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।

गायों को गुड़ व केला खिलाते डीएम पवन अग्रवाल। अमृत विचार

एनसीसी कैडेटों को दी गई हेल्थ मिशन की जानकारी

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के एनसीसी कैडेटों के लिए नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कैडेटों को मिशन के उद्देश्य एवं आभा कार्ड के बारे में विधिवत जानकारी दी गई।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कैडेटों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन या आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), स्वास्थ्य और चिकित्सा डेटा के त्वरित हस्तांतरण के लिए एक ऑनलाइन बुनियादी ढांचा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को उनके रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए वर्चुअल परामर्श और रोगी की सहमति जैसी सेवाओं की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने कैडेटों को आभा कार्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आभा कार्ड या आभा स्वास्थ्य कार्ड एक स्वास्थ्य सेवा पहचान पत्र है। यह भारत सरकार द्वारा पात्र नागरिकों को प्रदान किया जाता है। कार्ड में 14 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है जो आपको भारत के डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में एक सक्रिय भागीदार के रूप में पहचानती है। आभा कार्ड में व्यक्ति की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट, डायग्नोसिस रिपोर्ट, दवाइयों और पर्चियों का रिकॉर्ड आसानी से एक साथ सेव किया जा सकेगा। पीएम हेल्थ कार्ड के जरिए नागरिकों को आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी उपचार में भी सहायता मिलेगी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कैडेटों से अपील की गई कि स्वयं इसका फायदा लेने के साथ ही अपने आस-पास के लोगों को भी आभा कॉर्ड के बारे में जानकारी प्रदान करें। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर वीरेन्द्र कुमार, विनय पाण्डेय, विजय वर्मा, दीपक कुमार, तनु मिश्रा, गणेश यादव सहित कई कैडेट्स मौजूद रहे।

नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन की जानकारी लेते एनसीसी कैडेट।

सड़क पर कूड़ा फेंकते हैं नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

अमृत विचार: प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सभी जगह पर स्वच्छता अभियान चलाकर शहर और गांव को पूरी तरह से स्वच्छ बनाया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत पचपेड़वा के सफाई कर्मियों द्वारा नगर पंचायत का कूड़ा इकट्ठा करके जूडी कुइयां जैतापुर मार्ग के किनारे प्रतिदिन फेंक दिया जाता है।

यहां अक्सर आवारा जानवर भी जमा हो जाते हैं, जिससे राहगीरों के आवागमन में बाधा होती हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से सड़क के किनारे फेक जा रहे हैं कूड़े को रोके जाने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पचपेड़वा अवनीश कुमार सिंह ने बताया बारिश की वजह से कूड़ा गाड़ी वहां तक नहीं पहुंच पा रही थी इसलिए रोड के साइड में फेक देते थे। अब कचरा को सीधे कूड़ा घर में ही प्रतिदिन फेंका जाएगा।

सड़क के किनारे फेंका गया कूड़ा

शैले शैले न माणिक्यं,मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र,चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

संपादकीय

समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती ताकत भारत की व्यापक समुद्री रणनीति का पूरक बन रही है। भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए, देश के सामरिक परिदृश्य की वजह से नौसेना की भूमिका बढ़ती जा रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना की बढ़ती सामर्थ्य को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि भारत को एक समय समुद्री तटों से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीपीय देश के रूप में देखा जाता है। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसैन्य क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। वास्तव में भारत की समुद्री जागरूकता के विकास को लेकर जो सबक मिलते हैं, वो हमें देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लक्ष्य हासिल करने में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई केंद्रीय भूमिका बेहतर ढंग से स्वीकार करने का संकेत देते हैं। हाल के वर्षों में, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि देखी गई है। क्षेत्र में तीव्र भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और लगातार विकसित हो रही रणनीतिक स्थिति के साथ-साथ, हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में विदेशी पक्षों की ओर से समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न गैर-पारंपरिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। इस बीच भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझेदारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से जुड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हिंद महासागर के तटीय देशों के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वर्तमान में विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक संरचनाओं के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है। हिंद और प्रशांत महासागर में द्वीपों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत की गतिशील और कार्रवाई उन्मुख, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने विस्तारित भौगोलिक पहुंच और रणनीतिक सार के साथ विस्तारित पूर्वी पड़ोसियों के साथ भारत के सहयोग को बढ़ावा देने का एक दशक पूरा कर लिया है।

देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए भारतीय नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल को और अधिक समन्वय की आवश्यकता है। साथ ही नौसेना में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के तरीके तलाशने की जरूरत है। उम्मीद है नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होगा। हालांकि पिछले पांच वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा इकोसिस्टम का त्वरित विकास संभव हुआ है।

लेबनान पेजर ब्लास्ट: हम कितने सुरक्षित हैं

डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था,लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुन: प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था।

17 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे लेबनान और सीरिया में एक संचार यंत्र पेजर में एक साथ हुए विस्फोटों से 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 2750 लोग घायल हो गए। 18 तारीख को फिर हुए विस्फोटों में 9 लोगों की मृत्यु हो गई और 300 घायल हो गए। इन मरने वालों में अधिकांश लोग वहां के राजनीतिक दल और आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्य थे, कुछ लोग विस्फोटों के आसपास खड़े हुए अन्य लोग भी थे।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था। मोबाइल फोन को ट्रेस करना बहुत आसान होता है,क्योंकि यह अनेक प्रकार के सॉफ्टवेयर और चिप्स पर काम करता है। इसके अतिरिक्त यह इंटरनेट का इस्तेमाल भी करता है। जबकि पेजर को ट्रेस करना बहुत कठिन होता है,क्योंकि यह केवल कुछ रेडियो तरंगों पर कार्य करता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार यह काम इजरायल की गुप्तचर संस्था 'मोसाद' ने इन पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर और उसमें बैटरी के पास में ईपीटएन विस्फोटक फिट करके किया था। यह पेजर बनाने वाली कंपनी ताइवान की थी,लेकिन उसने कहा है कि उसके नाम से यह पेजर यूरोप में बनाए गए थे। हिजबुल्लाह ने उस कंपनी से 5 हजार पेजर्स मंगाए थे। इस तरह से पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर,उसमें विस्फोटक फिटकर देना किसी गुप्तचर संस्था के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोसाद ने पहले भी बहुत कठिन कार्यों को अंजाम दिया है और इस बार फिर उसने आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। यद्यपि अनेक लोग इस कार्य को गलत भी कह सकते हैं, लेकिन यहां पर मेरा उद्देश्य मोसाद को सही अथवा गलत ठहराना नहीं है। मैं इस कार्य के औचित्य पर नहीं जा रहा हूं। यहां पर मेरा उद्देश्य हमारी स्वयं की सुरक्षा पर विचार करना है। हम लोग अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इसमें मोबाइल फोन, कंप्यूटर्स, सीसीटीवी, राउटर्स और अन्य अनेक उपकरण आते हैं। स्मार्ट घरों को रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जाता है। घर के तमाम उपकरण दूर से ही नियंत्रित किए जा सकते हैं।

इन सब चीजों को हैक करके अपने नियंत्रण में ले आना बहुत आसान कार्य है। कुछ समय पहले हम एक सर्वर में कमी के कारण संसार के तमाम कंप्यूटर्स के निष्क्रिय हो जाने को देख ही चुके हैं। अनेक प्रकार के साइबर फ्रॉड भी सामने आते ही रहते हैं। यहां तक कि हमारे मोबाइल के कैमरे से हमारी गतिविधियों को भी देखा जा सकता है। हमारे घर में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल में लेकर हमारे घरों में हमको देखा जा सकता है। हमारे राउटर्स को भी दूर से ही अपने नियंत्रण में लेकर हमारी निजी जिंदगी में सेंध लगाई जा सकती है। इंटरनेट पर आधारित हमारी मोबाइल बैंकिंग भी सुरक्षित नहीं है। हमारे कंप्यूटर और मोबाइल में सुरक्षित हमारी फोटोज और वीडियोज को भी हैकर्स अपने नियंत्रण में ले सकते हैं और हैकर्स के अतिरिक्त एक संभावना यह भी है कि कोई सुपर कंप्यूटर इन सब यंत्रों को अपने नियंत्रण में ले ले और मानव के विरुद्ध प्रयोग में लाए। यह बाद वाली संभावना तो बहुत कम है,मुख्य खतरा तो हमें मानव से ही है।

सत्य तो यह है कि हम जितने अधिक इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर निर्भर होते जाएंगे, उतनी ही हमारी समस्याओं में घिरने की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। अनेक प्रकार के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर और धोखाधड़ी से बचने के तरीके निकाले जाते हैं,लेकिन हैकर्स उनसे एक कदम आगे ही रहते हैं। तू डाल डाल मैं पात पात। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच का कोई मामला सामना आने पर जब तक उसका तोड़ निकाला जाता है,तब तक एक नया तरीका सामने आ जाता है। मनुष्य का मस्तिष्क इन अपराध कार्यों में लगा ही रहता है।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं। हम क्या कर सकते हैं इस स्थिति से बचने के लिए?

सच पूछें, तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हम आधुनिक साधनों का इस्तेमाल तो करेंगे ही,हम पुनः आदिम युग में नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर खतरे तो होंगे हैं और आदिम युग में ही हम कौन सा सुरक्षित थे। तब तो खतरे अब से कहीं ज्यादा थे। तब आदमी अपनी जान बचाए फिरता था। तब उसे हर बात से डर था- जंगली जानवरों से, वर्षा से, आंधी-तूफान से, बिजली से, शीत से, तथाकथित भूत-प्रेतों से, देवी-देवताओं से, ईश्वर के कोप से और सबसे बढ़कर भूख से। अब तो फिर भी हम पहले से बहुत बेहतर स्थिति में हैं। यद्यपि अब विनाश के भयंकर साधन भी बन चुके हैं फिर भी हम उस समय से बेहतर हैं। क्या कोई उस समय की स्थिति में जाकर रहना चाहेगा? जो लोग कहते हैं कि हर कार्य ईश्वर ही करता है, वह यही कहेंगे कि यह सब युद्ध, बम विस्फोट, हत्याएं,धोखाधड़ी इत्यादि ईश्वर ही करवाता है।

तीर्थयात्रा को जाते हुए लोगों, देव-दर्शन को जाते हुए लोगों को वही मरवाता है। हत्याएं और बलात्कार भी वही करवाता है। यह सब उसकी प्रेरणा और इच्छा से ही होता है और मरने वालों ने पूर्व जन्म में कोई कुकर्म किए होंगे,जिनका उन्हें दंड मिल रहा है या इस जन्म में जो कुकर्म किए जा रहे हैं उनका अगले जन्म में दंड मिलेगा। जिन लोगों की ऐसी सोच हो,वह अपनी सोच के साथ प्रसन्न रह सकते हैं। एक उचित तरीके से सोचने वाला व्यक्ति केवल यह कामना और प्रयास कर सकता है कि मनुष्य की सोच उचित मार्ग पर लगी रहे। मनुष्य और मनुष्य के बीच ये युद्ध समाप्त हों और मनुष्य-मनुष्य के प्राण लेने को उद्यत न हो।

प्रसंगवश

जेल और केजरीवाल

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल गत दिनों लगभग छह मास आबकारी नीति घोटाले के आपराधिक मामले में जेल में रहे। इसके पहले अब तक जब-जब कोई पदासीन मुख्यमंत्री जेल गया था,तो उसने अपने पद से इस्तीफा दिया था,किंतु इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पदासीन मुख्यमंत्री जेल तो गया,किंतु त्यागपत्र नहीं दिया और बिना काम राजकोष से वेतन भी ग्रहण किया। राज्य कर्मचारियों के लिए नियम है कि यदि वह 48 घंटे कारागार में रह ले तो स्वयमेव निलंबित मान लिया जाता है, किंतु मुख्यमंत्री या मंत्री आदि के लिए ऐसे किसी कानूनी प्रावधान का अभाव है। यह जनता के साथ सरासर धोखा है और लोक धन का खुलमखुल्ला दुरुपयोग। केजरीवाल पदलोलुपता के चलते कुर्सी से चिपके रहे, भले ही उन्हें इस पद का कार्य करने की अदालती रोक थी और केंद्र सरकार व उप राज्यपाल उन्हें पद से बर्खास्त करने से इसलिए कतराते रहे कि उन्हें इससे कहीं जन सहानुभूति न मिल जाए, जिससे वे चुनाव में फायदा उठा लें। दोनों की इन कूट चालों से नुकसान तो जनता का ही होता रहा, जिसकी परवाह किसी को नहीं। अब जब वह जमानत पर छोड़ दिए गए हैं, तब इस्तीफा दिया है, क्योंकि कुछ मास बाद ही दिल्ली में चुनाव होने हैं। सोचा कि त्यागमूर्ति भी बन लें। हालांकि यह जनता की आंखों में धूल झोंकना ही है, क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने जमानत देते समय शर्त लगाई है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं जाएंगे। वे परोक्षतः अदालत के आदेश को चैलेंज करने वाला बयान देते हुए यह भी कह रहे हैं कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता बिठाएगी। अर्थात चुनाव में पार्टी की जीत होने पर वे फिर अपने को नेता चुनवाएंगे और सांविधानिक गतिरोध पैदा करेंगे, क्योंकि आपराधिक केस तो गतिमान है और बेल पर रहते यदि सुप्रीमकोर्ट की शर्त भी प्रचलित रहती है, तब जनता उन्हें सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा पाएगी? फिलहाल चुनाव बाद की स्थिति तो अभी अस्पष्ट है, पर इतना स्पष्ट है कि किसी मुख्यमंत्री/मंत्री के जेल जाने पर उसके पद पर बने रहने/हटने विषयक कोई कानून नहीं है, जिसकी सख्त जरूरत है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

एक देश, एक चुनाव की व्यावहारिक कठिनाई

केंद्र सरकार की कैबिनेट की ओर से सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन-वन इलेक्शन को हरी झंडी दी है। इसके बाद संसद, संविधान संशोधन और राज्यों के सहयोग के साथ सरकार आगे इस दिशा में रास्ता तय करेगी।

भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को दोबारा एक साथ कराने का मुद्दा साल 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद साल 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। उस वक्त केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही थी। साल 2014 में बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पहल की है, लेकिन विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते रहे हैं। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकार कोई नई योजना लागू नहीं कर सकती है। आचार संहिता के दौरान नए प्रोजेक्ट की शुरुआत,नई नौकरी या नई नीतियों की घोषणा भी नहीं की जा सकती है और इससे विकास के काम पर असर पड़ता है। एक चुनाव होने से चुनावों पर होने वाले खर्च भी कम होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ट्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे।

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी।

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। इस सरकार को उस वक्त की केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगाकर हटा दिया था। केरल में दोबारा साल 1960 में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके अलावा साल 1972 में होने वाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार,उत्तर प्रदेश, राजस्थान,पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। इस तरह से साल 1967 के बाद बड़े पैमाने पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने का सिलसिला टूट गया। भारत की मौजूदा केंद्र सरकार इसे दोबारा एक साथ कराना चाहती है।

इसमें समस्या यह है कि अब भारत में कांग्रेस जैसी कोई एक पार्टी नहीं है, जिसकी केंद्र के साथ ही ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकार हो। ऐसे में केंद्र और राज्य से बीच सामंजस्य आसान नहीं होगा। दोनों चुनाव साथ कराना संभव है। इसके लिए सरकार को चार काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा। इसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए 'अविश्वास प्रस्ताव' की जगह 'रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव' की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो,ताकि पुरानी सराकर गिरने के बाद भी नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

सोशल फोरम

भूतपूर्व एनजीओ

दिल्ली की नव प्रस्तावित मुख्यमंत्री के साथ मैं एक कार्यक्रम में शिरकत कर चुका हूं, लेकिन दूर से। जब से मुझे उनके बारे में पता चला है कि वह भूतपूर्व एनजीओ हैं, तब से अनेक आशंकाएं तथा आश्वस्तियां मेरे दिमाग में तैर रही हैं।

एनजीओ के बारे में मेरे गहन शोध विश्लेषण का सार इस प्रकार है : एनजीओ बिजली के एसी और डीसी करंट की तरह विरोधाभासी होता है,जो कभी करंट मारकर अपने साथ चिपका देता है और फिर झटका मारकर दूर फेंक देता है। एनजीओ अगर पुरुष है तो वह दाढ़ी बढ़ा लेता है और अगर महिला है तो वह पुरुष जैसी ड्रेस पहनता है। बाल कटवाकर पुरुष की तरह दिखने का प्रयास करता है। सिगरेट आदि खुलकर पीता है तथा मीटिंग, ईटिंग और चीटिंग का एक्सपर्ट होता है। वह गोष्ठियों में उंगली उठा कर ललकरता है तथा मंच और लंच का अभ्यासी होता है। वह अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का भी अभ्यासी होता है। गांव अथवा स्लम इसकी चरागाह होते हैं, लेकिन स्वयं शहर में कोठी बनाकर रहता है। राजनीति अथवा व्यापार या प्रशासनिक सेवाओं में असफल रहने वाला पढ़ा लिखा जातक एनजीओ बन जाता है तथा पिछले दरवाजे से सत्ता और संपत्ति का सुख भोगता है।

एक एनजीओ को यदि साल में कम से कम एक पुरस्कार न मिले तो वह भारी डिप्रेशन में चला जाता है। तब डॉक्टर उसे कोई फर्जी पुरस्कार दिलाने की सलाह देते हैं, जिससे वह ठीक हो जाता है। एक एनजीओ में पैदल चलने तथा ग्रामीणों तथा स्लम्स के निवासियों के बीच घुलने-मिलने की अपार क्षमता होती है। वह प्रोजेक्ट बनाने में माहिर होता है तथा एक आध दिन की भूख हड़ताल आराम से झेल लेता है। वह बगैर प्रोजेक्ट पास कराए अपने बच्चों की स्कूल ड्रेस भी नहीं सिलवाता तथा अपने घरेलू नौकरों की तनख्वाह भी पर्चे पर साइन करवा के उसे किसी प्रोजेक्ट के पेटे में डाल देता है। एनजीओ सरकार से बजट लेकर ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करता है। यह एनजीओ पर मेरे शोध का सारांश है।

राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

-फेसबुक वॉल से

पितृपक्ष माने स्मृतियों का महोत्सव

प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

समाज का मतलब माता-पिता,भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं,जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके।

पितृपक्ष माने स्मृतियों का पाक्षिक महोत्सव। श्राद्ध पक्ष में पुरखे याद आते हैं,जिनको याद नहीं आते वे महान हैं। पुरखों को याद करने का एक रूप है श्राद्ध करना, उनके बहाने सगे-संबंधियों और अच्छे गुणीजनों को बढ़िया भोजन कराना। याद करने की यह कला या पद्धति बेहद रोचक और श्रम-साध्य है,जिसने सबसे पहले श्राद्ध किया होगा और पितरों के नाम भोज दिया होगा,वो निश्चित तौर पर बेहद अक्लमंद इंसान होगा। श्राद्ध में पितर की स्मृति प्रमुख है,भोजन गौण है, गऊ ग्रास गौण है। श्राद्ध माने पितरों की स्मृतियों को याद करने, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर पितरों के अनुभवों के आदान-प्रदान करना। यह पर्व 15 दिन चलता है।

पुरखों का श्राद्ध करना, श्राद्ध के बहाने ब्रह्मभोज करना, यह सब सनातन धर्म का असर है,लेकिन पुरखों को याद करना उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करना यह सब भौतिकवादी प्राचीन परंपरा है। परंपरा ज्ञान से परिवार के इतिहास को जिंदा रख सकते हैं, सनातन धर्म का तो स्मृतियों से बैर है। ठीक वैसे ही जिस ब्रिटिश हुकूमत का स्मृतियों से बैर था,इन दिनों बहुराष्ट्रीय निगमों के सांस्कृतिक नजरिए का स्मृतियों से बैर है। हमारे समाज में सनातन धर्म का असर गहरा है। इसके कारण पितरों की स्मृतियों पर घरों में इस मौके पर संवाद नहीं होता, सिर्फ खाना होता है और पितर विदा कर दिए जाते हैं। समाज को बचाने के लिए पितरों की स्मृतियों को याद रखना जरूरी है,इससे समाज को परंपराविहीन होने से बचाया जा सकता। हमारे राजनेताओं के यहां भी गांधी-आंबेडकर आदि का औपचारिक कर्मकांड से अधिक महत्व नहीं है इसीलिए वे उनके विचारों और स्मृतियों पर जोर नहीं देते, मूर्तिपूजा और सामाजिक-राजनीतिक पाखंड पर जोर देते हैं। सामाजिक और वैचारिक परंपराएं धर्म या कर्मकांड से नहीं बचतीं,बल्कि संबंधित व्यक्ति के विचारों और स्मृतियों पर संवाद से बचती हैं। संसार की प्रकृति का निर्धारण उन सब चीजों, व्यक्तियों और संस्कारों से होता है, जिनको समाज ने सैकड़ों सालों से सजाया-संवारा है।

समाज का मतलब माता-पिता,भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं,जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके। सवाल यह है जब ईश्वर के बारे में सच बोलते हैं और कहते हैं कि वह है तो हम मान लेते हैं वो है। सवाल यह है सच बोलने के दायरे में हम सिर्फ ईश्वर को ही क्यों रखना चाहते हैं? हम समाज के बाकी पहलुओं के बारे में सच क्यों नहीं बोलते? यदि ईश्वर है,यह सत्य है तो जीवन भी तो सत्य है, समाज, संस्कृति, राजनीति, धर्म, दर्शन आदि को भी सत्य की कसौटी पर रखकर परखने की कोशिश क्यों नहीं करते? ईश्वर के साथ धोखा नहीं करते, लेकिन जीवन में पग-पग पर धोखेबाजी करते हैं,जो लोग ईश्वर को धोखा देते हैं, ईश्वर के साथ पाखंड रचते हैं, ईश्वर को वस्तु बनाकर बेचते हैं,वे ही असल जीवन में धोखाधड़ी करते हैं। ईश्वर माने स्वयं को जानने की कला। ईश्वर माने भगवान नहीं, कोई मूर्ति नहीं। मूर्ति तो बहाना है,असल में ईश्वर के बहाने स्वयं को पाने,अर्जित करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमने जीवन में कुछ ऐसा विभाजन किया है कि ईश्वर पर जो चीज लागू होती है ,वह जीवन पर लागू नहीं होती। जीवन पर जो लागू होती है वह ईश्वर पर लागू नहीं होती। ईश्वर और जीवन में भेद की दीवार के कारण तमाम किस्म के सामाजिक भेदों को हमने ईश्वरकृत बना दिया। असल में ईश्वर तब तक है जब तक मनुष्य का जीवन है,मनुष्य खत्म तो ईश्वर खत्म! ईश्वर की सत्ता का आधार है मनुष्य की सत्ता, लेकिन पढ़ाया उलटा गया है।

हमें बताया गया कि ईश्वर ही समाज का रचयिता है। सच एकदम उलट है, वह तसल्ली के आदिम उपायों की देन है। पितर असल में हमारे को ईश्वर रचित आख्यान से मुक्त करने में मदद करते हैं। स्मृतियों को जितनी बार व्याख्यायित किया जाएगा उतनी ही तेजी से वे रूढ़ियों और जड़ता से मुक्त होंगी। पितरों की स्मृतियां शाश्वत नहीं होतीं,वे भी परिवर्तनीय हैं। उनका आख्यान कहने वाले की शैली के अनुसार बदलता रहता है। उसमें नए आख्यान का जन्म होता रहता है। मरने के बाद नए आख्यान की सृष्टि करने की कला सिर्फ मनुष्य के पास है और इसी के गर्भ से सभी किस्म के पुरा-आख्यानों का जन्म हुआ। ईश्वर का होना, उसके बारे में संशय का आना, अपने आप में नए विचारों और नए किस्म की सामाजिक-वैचारिक संवेदना को जन्म देता है। इसी तरह जब आप अपने पुरखों को याद करते हैं,उनके आख्यान बनाते हैं, उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करते हैं तो नए आख्यान की सृष्टि करते हैं।

असंगत संवैधानिक परिकल्पना

आतिशी को दूसरे की महत्वाकांक्षा का बंधक क्यों बनाते हो? मुझे राजनीतिक पार्टियों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी भी पार्टी का सदस्य नहीं हूं, लेकिन देश का एक नागरिक हूं,जिससे अपने देश से बहुत मोहब्बत है और खास तौर से अगली पीढ़ी से,क्योंकि हमारी पीढ़ी का काम तो बहुत कुछ निपट गया है। बचा खुचा देश के प्रधानमंत्री अच्छी तरह निपटा ही रहे हैं। दिल्ली में अभी-अभी एक घटना हुई।

आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री खास परिस्थितियों के चलते पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बना दिया। इस बात का हल्ला है और प्रामाणिक है कि उन्हें अगले चुनाव तक जो लगभग चार-पांच महीना बाद हो सकता है, की अवधि के लिए मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं,बल्कि मनोनीत किया गया है। अगले चुनाव में यदि आम आदमी पार्टी जीत जाती है। तब उन्हें हटना पड़ेगा। वह भरत के खड़ाऊं की तरह राम की प्रतीक्षा करने वाली मुख्यमंत्री बताई जाती हैं। मैं समझता हूं यह फूहड़ राजनीतिक परिकल्पना है। एक युवा काबिल सुशिक्षित मुख्यमंत्री को एडवेंचर के साथ काम करते देना भी तो आम आदमी पार्टी का मकसद होना चाहिए। केजरीवाल काफी दिन रह लिए और वैसे भी वह मुख्यमंत्री कहां हैं। अब तो राष्ट्रीय नेता बन रहे हैं। पंजाब जो दिल्ली से बड़ा प्रदेश है, जिसके मुख्यमंत्री को दिल्ली के मुख्यमंत्री से ज्यादा संवैधानिक अधिकार हैं। वह भगवंत सिंह मान केजरीवाल के सामने दोयम दर्जे के नेता हैं। यह तो असंगत संवैधानिक परिकल्पना है। फेडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। अरविंद केजरीवाल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्हें उसका ही विकास करना चाहिए। छोटे मकान में आ जाएंगे। अपनी पुरानी नीले रंग की वैगन आर कार में शायद चलेंगे और बहुत कुछ करेंगे। करतब करने के लिए माहिर खिलाड़ी हैं, लेकिन शुद्ध राजनीति और संविधान के तकाजों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने एक साहसिक फैसला किया है। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर ऐलान करना चाहिए कि उनका बदलाव नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल की कोई वसीयत नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कि जिसे चाहे उसे दे सकते हैं।

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

यह संवैधानिक परंपराओं का उन्मूलन और अपमान है। आम आदमी पार्टी वैसे भी राजनीतिक आईडियोलॉजी की पार्टी नहीं है। वह तो केवल व्यवस्था और सहूलियतें देने के नाम पर आगे बढ़ने की बात करती है। यह पार्टी अजीब बात करती है। मानो मुख्यमंत्री की कुर्सी एक पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक है,जिसका नगदीकरण चाहे जब किया जाए। एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते यह हिंदुस्तानी लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि संभावित काबिल मुख्यमंत्री को चुनाव के बाद जीतने पर इस तरह काम करने दिया जाए। वरना राजनीति का इतना व्यवसायीकरण हो गया है। वह भी तो एक तरह का कारपोरेटीकरण हो गया है नेताओं के अंगूठे के नीचे। युवा उम्र में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को संभालना कई नेताओं का अनुभव तो रहा है।

एक नजर

अभियान में 10 बकाएदारों के कटे कनेक्शन

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कस्बे के निराला नगर मोहल्ले में गुरुवार को आयोजित कैंप में एसडीओ महेंद्र सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। टीम ने 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन का निरीक्षण किया। जिसमें से 10 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। कैंप में एक लाख 30 हजार रुपए की बकाया बिल की वसूली की गई। मौके पर अवर अभियंता दीनदयाल यादव, टीजीटू प्रदीप कुमार यादव व रामबदन मौजूद रहे।

अधिवक्ता परिषद ने मनाया 32वां स्थापना दिवस

सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद इकाई सुलतानपुर द्वारा अधिवक्ता परिषद के 32वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन गुरुवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद हाल दीवानी सुलतानपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रणजीत सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद सुलतानपुर रहे। जिन्होंने अधिवक्ता परिषद की स्थापना के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। संचालन सर्वेश कुमार मिश्र एडवोकेट ने किया और अध्यक्षता हरिश्चन्द्र दुबे एडवोकेट ने की। इस अवसर पर नितेश मिश्र, देवेंद्र मिश्र, देवेंद्र पाठक, पुष्पलता मौर्या समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

26 को बाइक रैली निकाल करेंगे विरोध प्रदर्शन

सुलतानपुर, अमृत विचार : अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने एनपीएस, यूपीएस का विरोध करते हुए गुरुवार को प्रदर्शन किया। उधर, पुरानी पेंशन हासिल करने के लिए बड़े संघर्ष की चेतावनी दी। अटेवा जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने कहाकि केन्द्र सरकार वन नेशन वन ओल्ड पेंशन लागू करें। उन्होंने 26 को बाइक रैली निकालकर आक्रोश मार्च की चेतावनी दी।

अपहरण व दुराचार के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

न्यायालय ने 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

अमृत विचारः बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के मामले में दोषी कोचिंग टीचर हरीश तिवारी को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को 10 साल की कैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी नर 35 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का आदेश भी अदालत ने दिया है।

एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक एक मई 2023 को बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का कोचिंग टीचर ने अपहरण कर दुराचार किया था। पीड़िता के परिजनों ने केस दर्ज कराया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण आरोपी की जमानत नहीं हो सकी थी। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को दोषी ठहराये गये आरोपी हरीश को गुरुवार को जेल से तलब कर सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

राहुल गांधी के मानहानि के केस में फिर टली सुनवाई, अगली तारीख 21 को

संवाददाता, सुलतानपुर : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गुरुवार को विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट के यहां परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने व्यस्तता के कारण मौके का प्रार्थनापत्र दिया। कोर्ट ने मौके का प्रार्थनापत्र स्वीकार कर सुनवाई के लिए 21 सितम्बर की तारीख नियत की है। बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिस पर कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मामला परिवादी के साक्ष्य में नियत है। वहीं, समुदाय विशेष पर अभद्र टिप्पणी के मामले में मोहम्मद अनवर की तरफ से कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ दायर परिवाद में सुनवाई नही हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तारीख नियत की है।

लहूरी सिंह पर हमले के आरोपियों की जमानत खारिज

कुड़वार के पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरभद्र सिंह के पिता लहूरी पर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी अभय सिंह और चंद्रभान शर्मा की जमानत पर गुरुवार को हुई सुनवाई में आरोपों को गंभीर पाते हुए जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने जमानत खारिज कर दी।

वादी पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कुड़वार थाने के उतमानपुर गांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरभद्र सिंह के पिता श्याम सुंदर सिंह उर्फ लहूरी सिंह पर बीते 11 अगस्त को बाइक से कुड़वार बाजार जाते समय चार पहिया वाहन पर सवार असलहाधारियों ने जानलेवा हमला कर दिया था। लहूरी सिंह ने कुड़वार थाने के भंडरा गांव निवासी अभय सिंह, नीरसहिया गांव के राजवंत सिंह और भगवानपुर गांव निवासी चंद्रभान शर्मा व हरिश्चंद्र शर्मा के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को अभय सिंह और चंद्रभान शर्मा की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद जमानत खारिज कर दी है।

प्रतिबंधित मांस के साथ दो गिरफ्तार

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः चांदा थाने के गारवपुर चौकी पुलिस को सूचना मिली कि हाजीगंज गांव निवासी बबलू मौलवी के खेत के पास गो वध किया जा रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गो वध कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों में से एक ने अपना नाम मो. अयाज तो दूसरे ने मो. अयाज उर्फ अरमान निवासी हाजीगंज थाना चांदा के रुप में हुई। मौके पर पुलिस को तीन बोरी में 75 किलो प्रतिबंधित मांस, दो लोहे का बांका, दो चाकू व एक लकड़ी का ठीहा मिला। चांदा थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए लोगों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य पर जानलेवा हमला, रेफर

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः भतीजे के साथ सुलतानपुर से घर लौटते समय क्षेत्र पंचायत सदस्य पर जानलेवा हमला हो गया। वहीं साथ रहा भतीजा भागकर बचने में सफल रहा। घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

गुरुवार को मुड़हा गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य अवधेश सिंह (45) अपने भतीजे अभिषेक सिंह के साथ बाइक से सुलतानपुर गए थे। जिला मुख्यालय से काम निपटा कर वह भतीजे के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मोतिगरपुर दोस्तपुर मार्ग पर स्थानीय थाना

▸▸ गोपालपुर बड़ागांव के पास हुई घटना

क्षेत्र के गोपालपुर बड़ागांव के पास पहुंचे थे कि पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने हमला कर दिया। अभिषेक किसी तरह भाग कर बच निकले, लेकिन अवधेश को हमलावरों ने लोहे की राड से पीट दिया। घायल अवधेश सिंह को सीएचसी मोतिगरपुर ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मोतिगरपुर थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि मारपीट हुई है। घायल का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

भाजपाइयों ने कलेक्ट्रेट गेट पर फूंका राहुल गांधी का पुतला

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

● भाजपा पदाधिकारियों और पुलिस के बीच हुई नोकझोंक, कई कार्यकर्ता झुलसने से बचे

अमृत विचारः नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर विदेशों में भारत की छवि खराब करने और अमेरिका में सिक्खों के प्रति दिये गए आपत्तिजनक बयान को राष्ट्र विरोधी होने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को भाजपाइयों ने कलेक्ट्रेट गेट पर उनका पुतला जलाया। इस दौरान पुलिस से भाजपा कार्यकर्ताओं को जमकर नोकझोक हुई। पुतला छीनने के प्रयास में कोतवाल समेत कई पुलिस कर्मी झुलस भी गए।

गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाइयों ने राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में सिक्ख समाज को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर तिकोनिया पार्क से कलेक्ट्रेट गेट तक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपाइयों ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचते ही राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोंकझोंक और छीना झपटी भी हुई। यहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने अमेरिका में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा भारत में सिक्खों को पगड़ी पहनने, गुरुद्वारे जाने और कड़ा पहनने से रोकने वाले बयान की कड़े शब्दों में भर्त्सना व निंदा की है। उन्होंने कहा राहुल गांधी विदेश

भाजपा कार्यकर्ताओं से जलता हुआ पुतला छीनने का प्रयास करती पुलिस।

में जाकर भारत की छवि व प्रगति को लेकर झूठा नैरेटिव चलाकर देश को बदनाम करतें हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा भारत में सिक्ख समाज शान से रहता है और उनका भारत की आजादी व विकास में शानदार योगदान है। राहुल की बयानबाजी देश को तोड़ने और कमजोर करने की साज़िश है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार से आग्रह करूंगा कि नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए जो देश का सम्मान नहीं कर सकता उसे ऐसे पद पर रहने का अधिकार नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के खिलाफ जो बयान दिया है वह 1984 के दंगों की याद दिला देता है। इन दंगो में दिल्ली में ही 3 हजार सिक्खों का कत्लेआम हुआ था।

यहां पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ.एमपी सिंह, प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ नेता रामचन्द्र मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, संजय सोमवंशी, अफजल अंसारी, प्रवीण मिश्रा, अभिनव सिंह, अजय वर्मा, सचिन चोपड़ा आदि रहे। इस दौरान पुतला छीनने के चक्कर में नगर कोतवाल व कुछ महिला सिपाही झुलस भी गए।

मानक के अनुरूप रखें डीजे की ध्वनिः डीएम

संवाददाता, सुलतानपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचारः आगामी त्यौहारों, विशेष रूप से दुर्गा पूजा और दशहरा की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम बल्दीराय गामिनी सिंगला सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 15 सितम्बर 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावी जनसुनवाई, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, जनप्रतिनिधियों से संवाद, लॉ एंड आर्डर, सफाई व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, यातायात और महिला सुरक्षा आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी ने दुर्गा पूजा पंडालों की स्थापना के स्थानों का चिन्हांकन, पंडालों की ऊंचाई, डीजे की ध्वनि मानक के अनुरूप रखने और मूर्ति विसर्जन यात्रा के रूट निर्धारण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थलों पर बिजली, पानी, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

● आगामी त्योहारों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम करने और मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने ध्वनि प्रदूषण, विद्युत सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम (वि./रा.) एस. सुधाकरन, सीआरओ बाबू राम, सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, और थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः कस्बे में लगी गणेश प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को देर रात तक गोमती नदी के देवाढ़ घाट पर संपन्न हुआ।

कादीपुर कस्बे में गणेश जी की पांच प्रतिमाये स्थापित की गई थी। जिसमें से एक प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को दिन में ही कर दिया गया था। शेष चार प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक गोमती नदी के देवाढ़ घाट पर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसके पूर्व कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कस्बे के पटेल चौक पर महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने गणेश जी

▸▸ देर रात तक होता रहा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

की महा आरती में प्रतिभा किया। काशी से पधारे आचार्य ने गणेश की महा आरती का कार्यक्रम संपन्न कराया। ढोल नगाड़े और डीजे की धुन पर थिरकते भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए गोमती नदी के देवाढ़ घाट पर पहुंचे। जहां पर देर रात मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शांति पूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, रमेश मोदनवाल, राहुल गुप्ता, कुन्नू जायसवाल, घनश्याम चौहान, शिमला साहू, बृजेश सिंह चौहान, शिवम मोदनवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

परिषदीय विद्यालय बुढ़ाना कादीपुर में परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुई सत्रीय परीक्षा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय विद्यालयों में सत्रीय परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय बुढ़ाना में संस्कृत विषय की सत्रीय परीक्षा हो रही थी। परीक्षा में कक्षा एक के आठ छात्र छात्राओ की मौखिक परीक्षा हो रही थी। वहीं पर कक्षा दो से लेकर कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं की संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न हुई। हेडमास्टर शकुंतला वर्मा ने बताया कि परीक्षा में कक्षा दो के 11, कक्षा तीन के 17, कक्षा चार के 16 तथा कक्षा पांच के 20 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा तीन के दो छात्र अनुपस्थित पाए गए।

डेंगू मरीज मिलने पर अलर्ट हुआ महकमा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर के पीढ़ी गांव में डेंगू का मरीज मिलने से स्वास्थ्य कर्मी एलर्ट हो गए। गांव पहुंच कर चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीज के परिजन व पड़ोसियों की जांच करते हुए बचाव के लिए छिड़काव कराया है। पीढ़ी गांव निवासी काशी प्रसाद की पत्नी सुमित्रा देवी (40) बुखार से पीड़ित थी। जांच के दौरान डेंगू से पीड़ित पाएं जाने पर परिजनों ने राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती करा दिया। वहीं, डेंगू के मरीज की जानकारी मिलते ही चिकित्सा अधिकारी जयसिंहपुर डा. दिग्विजय सिंह, लैब टेक्नीशियन देवी प्रसाद तिवारी व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गुरुवार को पीढ़ी गांव पहुंच गई। पीड़ित मरीज के परिजनों व पड़ोसियों की जांच करते हुए डेंगू से बचाव के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया।

एक हजार में नहीं होता गुजारा, बढ़ाई जाए पेंशन

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार को राष्ट्रीय मजदूर संघ ने पीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2014 से कर्मचारी पेंशन स्कीम के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन एक हजार रुपए मिलता है। 10 वर्ष बीत गए। महंगाई दर बढ़ गई है, लेकिन न्यूनतम मासिक पेंशन स्कीम में इजाफा नहीं हुआ है। जिससे पेंशन धारकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ की मांग थी कि मासिक पेंशन स्कीम में इजाफा करते हुए पांच हजार प्रति माह किया जाये।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष व अन्य।

केएनआई को मॉक नैक मूल्यांकन में ए डबल प्लस ग्रेड

मूल्यांकन रिपोर्ट साझा करते प्राचार्य व उप प्राचार्य।

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान सुलतानपुर ने मॉक नैक मूल्यांकन में ए डबल प्लस ग्रेड प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने एक बैठक के दौरान शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के साथ साझा किया। गुरुवार को संस्थान के अम्बेडकर हाल में आयोजित बैठक में मॉक नैक पियर टीम की मूल्यांकन रिपोर्ट साझा की गई। इस रिपोर्ट को प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह, उप प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह, और आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। प्रो. राधेश्याम सिंह ने बताया कि प्रो. दिलीप कुमार दुरेहा के नेतृत्व में 13-14 सितम्बर 2024 को मॉक नैक पियर टीम ने गहन निरीक्षण एवं परीक्षण किया। संस्थान को नैक के सातों मापदंडों पर 3.51 अंक प्राप्त हुए, जिससे इसे ए डबल प्लस श्रेणी में स्थान मिला। प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने इस सफलता का श्रेय संस्थान की आईक्यूएसी टीम और सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को दिया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के विकास और शैक्षिक स्तरोन्नयन के लिए बौद्धिक संबल का कार्य करेगी। बैठक में प्रो. बिहारी सिंह, प्रो. रंजना सिंह, प्रो. वाई वी सिंह, मुख्य अनुशासक सुधांशु प्रताप सिंह, प्रो. प्रतिमा सिंह, डॉ. शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता में विजय प्रथम व श्रद्धा रहीं द्वितीय

सुलतानपुर, अमृत विचारः गनपत सहाय पीजी कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल ने विजय यादव को प्रथम, श्रद्धा सिंह को द्वितीय और सानिया अंसारी को तृतीय स्थान पर विजेता घोषित किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना को चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप प्रदान किया। निर्णायक मंडल ने विजेताओं की घोषणा की। प्रतियोगिता में प्रो. नीलम तिवारी, प्रो. गीता त्रिपाठी, विशाल विश्वकर्मा निर्णायक मंडल में रहे। प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा ने छात्र छात्राओं को काकोरी ट्रेन एक्शन के ऐतिहासिक संदर्भों की जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दे कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यहां डॉ. भोलानाथ, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि, राजकुमार पाण्डेय, आशुतोष श्रीवास्तव, दिनकर प्रताप सिंह, नंदलाल एवं छात्र छात्राओं में महविश, सानिया, शुभम, कौशिकी, मानसी, भूमि, खुशी, पलक, प्रियंका, अर्चना, स्नेहा, शालिनी, नाजिया रहे।

दिव्यांग बच्चों का बनेगा प्रमाणपत्र

सुलतानपुर, अमृत विचारः बीएसए उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर कुड़वार ब्लाक संसाधान केंद्र पर 21 सितंबर, जयसिंहपुर 23, पीपी कमैचा 24, कूरेभार 26, बल्दीराय 3 अक्टूबर, दोस्तपुर 10, उच्च प्राथमिक विद्यालय अमहट दूबेपुर 17, प्रावि शिवगढ़ लंभुआ 24 और कादीपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर 31 अक्टूबर को कैंप आयोजित किया गया है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्याम सुंदर ने बताया कि पीएमश्री विद्यालय के दिव्यांग बच्चों का उक्त स्थानों पर प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लाक संसाधन केंद्र कुड़वार पर 21 सितंबर, जयसिंहपुर पर 23 और 24 को प्रतापपुर कमैचा बीआरसी पर दिव्यांग बच्चों को उपकरण के लिए चिन्हाकित किया गया है।

दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर हुई बैठक

बल्दीराय, सुलतानपुर

केंद्रीय पूजा समिति की बैठक को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

● जल्द ही एसडीएम से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

अमृत विचारः बल्दीराय बाजार के कस्बा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति बल्दीराय के अध्यक्ष महेश जायसवाल की अगुवाई में बैठक हुई। महेश ने कहा कि 3 अक्टूबर को कलश स्थापना होगी। 9 अक्टूबर को दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू होगा। 17 अक्टूबर को मां अंबे की प्रतिमा का विसर्जन अमेठी जनपद निजामुद्दीनपुर घाट पर किया जाएगा।

सामूहिक रूप में बल्दीराय क्षेत्र के विभिन्न पूजा समितियां के कार्यकर्ताओं द्वारा कहा गया कि प्रशासन दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी को 116/7 में पाबंद कर रहा है। साथ ही विसर्जन के दौरान प्रशासन के लोग हम लोगों को जल्दी-जल्दी घाट की तरफ भेजते हैं। डीजे धीमे बजाने को कहते हैं। सही से पूजा पाठ नहीं करने देते हैं। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक सूर्यभान पांडेय आचार्य ने कहा कि महोत्सव शुरू होने से पूर्व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम बल्दीराय से मुलाकात कर दुर्गा महोत्सव के परेशानियों समस्याओं को दूर करने के लिए अवगत कराएगा। बिजली, पानी, साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था आदि व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

आयोजन उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ता व आशा संगिनी सम्मानित

स्वास्थ्य विभाग की प्रथम कड़ी हैं आशा कार्यकर्ता

बल्दीराय, सुलतानपुर

आशा बहू सम्मेलन को संबोधित करते विधायक मो. ताहिर खान। अमृत विचार

अमृत विचारः ब्लाक सभागार में वृहस्पतिवार को आशा बहू सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान व भाजपा नेता राम चंद्र मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन में बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं व आशा संगिनी को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा कि आशा पर गांव की गर्भवती की जांच से लेकर समय से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने तक की जिम्मेदारी होती है। विशिष्ट अतिथि विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की प्रथम कड़ी होती हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन में आशा की अहम भूमिका होती है। भाजपा नेता राम चन्द्र मिश्रा ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में काम करने वाली आशाएं अपनी सहभागिता से जन जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का काम कर रही है। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाली आशा बहू शमा बानों प्रथम, अनुपम यादव द्वितीय और सुमन जायसवाल को तृतीय पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम (आईएएस) गामिनी सिंगला, बीडीओ (आईएएस) वैशाली, बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ रमेश यादव, डॉ मीर अली, वीरेंद्र सिंह, डॉ नन्दलाल यादव, बिनीत सिंह, डॉ आकांक्षा मिश्रा, डॉ गरिमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

वन्य जीवों पर हमला करने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः सियार के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। परिवार की सुरक्षा के साथ मवेशियों की भी चिंता सता रही है। वहीं गुरुवार को प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वन्य जीव को चोट न पहुंचाने की बात कही है।

जिले के जयसिंहपुर, कादीपुर व बल्दीराय तहसील तहसील के कुछ गांव में सियार का आतंक है। बुधवार की रात मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा गांव निवासी अमर बहादुर को सियार ने काट लिया। साथ ही अन्य शिकार के लिए होटल में घुस गया तो ग्रामीणों ने

▸▸ प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने की अपील

दरवाजा बंद कर दिया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय वन अधिकारी जयसिंहपुर टीम के साथ रेस्क्यू कर सियार को पकड़ लिया। मुड़हा गांव में भी बुधवार को सियार ने महिला को काट लिया वहीं इसी गांव में एक सियार मृत पाया गया। जिसका वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराते हुए केस दर्ज कर लिया है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग अमित कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है किसी भी वन्य जीव पर हमला न करे नहीं तो विधिक कार्यवाही की जायेगी।

एक नजर

घर में घुसकर बालिका से छेड़खानी, युवक पर केस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी नगर पंचायत अंतर्गत एक गांव में 12 वर्षीय बालिका से एक युवक ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। चेयरमैन चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी गांव के एक युवक ने उसकी बेटी छेड़छाड़ की है। केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई।

चोरी के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि की सजा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व गोल्हौरा पुलिस की पैरवी से चोरी के आरोपी को 2 वर्ष 5 माह 26 दिन जेल में बितायी गयी अवधि से दण्डित किया गया। न्यायाधीश सिद्धान्त यादव, न्यायालय जेएम प्रथम बांसी द्वारा अभियुक्त रामकुबेर को सुनायी गयी।

सीएचसी अधीक्षक ने शिविर का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विकास खण्ड भनवापुर के सिंगारजोत में आयोजित वीएचएसएनडी टीकाकरण शिविर का सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा की अगुवाई में ब्लॉक स्तरीय टीम ने निरीक्षण किया। एचईओ राजीव त्रिपाठी, बीसीपीएम मेराज अहमद तथा बीएमसी सूर्यदेव सिंह, एएनएम राखी तथा आशा सुशीला के साथ स्वास्थ्य चौपाल का आयोजन कर आनाकानी करने वाले परिवार को टीकाकरण के को प्रेरित किया।

निर्धारित समय से देरी से चलेंगी कई ट्रेनें

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन दाउदपुर स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग एवं नियंत्रण किया जायेगा। गाड़ी संख्या 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी 2 अक्टूबर को दरभंगा से 50 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 05443 छपरा कचहरी-मऊ अनारक्षित विशेष गाड़ी 6 अक्टूबर को छपरा कचहरी से 45 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 05155 छपरा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 6 अक्टूबर को 30 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस 6 अक्टूबर को 60 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 2 अक्टूबर को पूर्व मध्य रेलवे में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी 2 अक्टूबर को मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

बिना मान्यता संचालित 36 स्कूलों को बंद करने का नोटिस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों को बंद करने और न मानने पर अन्य कार्रवाई करने का अभियान शुरू किया है। इसके तहत बिना मान्यता के संचालित मिठवल ब्लॉक में 20 और बांसी ब्लॉक के 16 विद्यालयों को नोटिस देकर स्कूल बंद करने का निर्देश दिया गया है।

शिक्षकों के प्रशिक्षण का तृतीय चरण पूरा

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। निपुण भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण का तृतीय चरण पूरा हुआ। सौ प्रतिभागी शिक्षकों का अलग-अलग दो कमरों में रजिस्ट्रेशन किया था। प्रशिक्षक एआरपी उमेश कुमार, अरविन्द कुमार आर्य, ध्रुव नारायण सिंह, राम नरायन ने विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षामित्र को निपुण विद्यालय बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया।

आधुनिक सोच के साथ विकास व रोजगार का हब बन रहा गोरखपुर : योगी

मुख्यमंत्री ने रामगढ़ताल में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट फ्लोट का किया उद्घाटन, ग्रीनवुड अपार्टमेंट के सात आवंटियों को दिया आवंटन पत्र

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस गोरखपुर के नाम से 15-20 साल पहले भय होता था, सात वर्ष पूर्व जहां सुविधाओं की कल्पना ही बेमानी थी, वही गोरखपुर अब आधुनिक सोच के साथ विकास और रोजगार का संगम और नया पर्यटन हब बन रहा है।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को रामगढ़ताल में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 'फ्लोट' का बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद ताल की जेटी पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गोरखपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय परियोजना ग्रीनवुड अपार्टमेंट के सात आवंटियों को आवंटन प्रमाण पत्र का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आवंटियों को शुभकामनाएं देते हुए जीडीए के अफसरों को निर्देशित किया कि अपार्टमेंट का निर्माण क्वालिटी को ध्यान में रखते हुए समय से छह माह पूरा करें। उन्होंने कहा कि जीडीए ने इसे जुलाई 2027 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है लेकिन कोशिश होनी चाहिए कि 2027 में मकर संक्रांति के पूर्व ही निर्माण पूर्ण कर आवंटियों को सौंप दें। ग्रीनवुड अपार्टमेंट रामगढ़ताल के समीप 5.20 एकड़ में बनाया जा रहा है। 374.49 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट में श्री बीएचके के 300 तथा फोर बीएचके एचआईजी के 179 फ्लैट बनेंगे।

रामगढ़ताल की जेटी पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की छत से जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

ये मिलेंगी सुविधाएं

- **05** स्टार सुविधाएं मिलेंगी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में
- **03** मंजिल का बनाया गया है रेस्टोरेंट
- **02** सरा फ्लोर ओपेन रूप टॉप बनाया गया है
- **100** से 150 आगंतुक एक साथ बैठ सकते हैं
- **10** करोड़ की लागत आयी है रेस्टोरेंट के निर्माण में
- **9600** वर्गफुट क्षेत्रफल में हुआ है निर्माण

मुख्यमंत्री ने किया फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का सघन निरीक्षण

रामगढ़ताल की जेटी पर बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में पहुंचे। यहां उन्होंने प्रवेश द्वार पर फीता काटा और सभी स्टाफ को रेस्टोरेंट के शुभारंभ की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के सभी तलों पर भ्रमण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और प्रसन्नता जताई। इस दौरान फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के प्रबंध निदेशक आलोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को यहां दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

रामगढ़ताल पर बना फ्लोटिंग रेस्टोरेंट। अमृत विचार

मुंबई से ज्यादा गोरखपुर लगता है सुंदर : रविकिशन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि गोरखपुर पहले क्या था, यह किसी से छिपा नहीं है और अब क्या हो गया है यह भी सभी लोग देख रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मात्र सात साल में गोरखपुर में ऐतिहासिक विकास हुआ है। गोरखपुर में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सौगात सीएम योगी की प्रेरणा से ही मिली है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म स्टार होने के चलते मैं मुंबई से भी जुड़ा हूं लेकिन अब मुझे गोरखपुर मुंबई से भी सुंदर लगता है।

उत्तर भारत का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट होने का जीडीए का दावा

रामगढ़ताल में बना फ्लोटिंग रेस्टोरेंट फाइव स्टार सुविधाओं वाला है। जीडीए का दावा है कि यह उत्तर भारत का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट है। 'फ्लोट' का संचालन करने वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक आलोक अग्रवाल ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर से पहले और दूसरे फ्लोर तक लिफ्ट की भी सुविधा है। ग्राउंड फ्लोर पर बने फूड कोर्ट में शुद्ध शाकाहारी लजीज व्यंजनों की लंबी श्रृंखला है। जबकि पहले फ्लोर पर संगीतमय अंदाज में पार्टी की जा सकेगी। दूसरा फ्लोर ओपन रूफटॉप का है जहां खुले में बैठकर ताल का दीदार करने के साथ व्यंजनों का स्वाद लिया जा सकता है। पूरे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में बैठने वालों को रामगढ़ताल की खूबसूरती पूरी तरह दिखेगी।

कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

समारोह में डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, जीडीए बोर्ड के सदस्य दुर्गेश बजाज, पवन त्रिपाठी, राधेश्याम श्रीवास्तव, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और ग्रीनवुड अपार्टमेंट प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी।

सात वर्ष पूर्व तक विकास से कोसों दूर था गोरखपुर : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोग आज से डेढ़ दशक पहले गोरखपुर के नाम से डरते थे। सात वर्ष पूर्व तक भी गोरखपुर विकास से कोसों दूर था। आज जिस स्थान (रामगढ़ताल क्षेत्र) पर यह आयोजन हो रहा है, वहां तो आना ही सपना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल गोरखपुर की गंदगी और अपराध का गढ़ बन चुका था। सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों और मंत्रियों के लिए अलग से फोर्स लगानी पड़ती थी। गोरखपुर का खाद कारखाना बंद हो चुका था। यहां का बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्वयं बीमार हो गया था। गोरखपुर के लोगों को दिनभर जाम में फंसना पड़ता था।

गोरखपुर में जल्द ही बनेगा कन्वेंशन सेंटर : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब गोरखपुर आने वाले अतिथियों और पर्यटकों को फाइव स्टार सुविधा मिलेगी। रामगढ़ताल के चारों तरफ रिंग रोड बन रही है। इससे लोगों को परिवार के साथ निकलने, गेस्ट और पर्यटकों के लिए दिनभर का कार्यक्रम बन जाएगा। झील की खूबसूरती को देखने के बाद क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट चले गए और फिर चिड़ियाघर जाकर प्रकृति के साथ आनंद उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शानदार लाइटिंग से गोरखपुर में रात्रि का नजारा आकर्षक लगता है। योगी ने विश्वास व्यक्त किया कि फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थानीय लोगों और देश-दुनिया के पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां होटलों की चेन खुलने जा रही है। जल्द ही कन्वेंशन सेंटर भी बनने जा रहा है।

मृतप्राय हो चुकी झील नयी आभा के साथ लोगों को लुभा रही

बीते सात साल में आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज गोरखपुर में फोर और सिक्सलेन की सड़कें हैं। यहां का एयरपोर्ट देश के व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक है। गोरखपुर में रेलवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। खाद कारखाना फिर से चालू हो चुका है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का बेहतरीन केंद्र बन गया है। साथ ही एम्स भी संचालित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल कभी मृतप्राय हो चला था। जबकि आज 1800 एकड़ में फैली यह प्राकृतिक झील पर्यटकों को नई आभा के साथ आकर्षित कर रही है। यहां नए-नए होटल खुल रहे हैं। रामगढ़ताल में क्रूज की सुविधा पहले ही शुरू हो गई थी। आज फ्लोटिंग रेस्टोरेंट भी खुल गया।

रेलवे लाइन पर लकड़ी के टुकड़े रखने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर, अमृत विचार। आरपीएफ गाजीपुर सिटी एवं अपराध आसूचना शाखा बनारस ने बीती 16 सितम्बर को गाजीपुर सिटी-गाजीपुर घाट के मध्य गाड़ी संख्या-12561 के आगे लकड़ी के टुकड़े रखने के मामले में आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। बीते मंगलवार को आरपीएफ व जीआरपी ने गोरखपुर स्टेशन के गेट संख्या-1 से दो चोरों को चोरी के 4 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। इसी दिन आरपीएफ कप्तानगंज एवं अपराध आसूचना शाखा, भटनीने सौरहा खुर्द बाजार स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 44 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

पीलीभीत-शाहजहांपुर अनारक्षित विशेष ट्रेन कल से

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा 05447/05448 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन पीलीभीत तथा शाहजहांपुर से 21 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक 102 फेरों के लिए किया जायेगा।

05447 पीलीभीत-शाहजहांपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 21 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन पीलीभीत से 12.10 बजे प्रस्थान कर भोपतपुर से 12.32 बजे, बीसलपुर से 12.51 बजे, निगोही से 13.10 बजे तथा शाहबाजनगर से 13.32 बजे छूटकर शाहजहांपुर 13.55 बजे पहुँचेगी। 05448 शाहजहांपुर-पीलीभीत अनारक्षित विशेष गाड़ी का 21 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन शाहजहांपुर से 14.40 बजे प्रस्थान कर शाहबाजनगर से 14.53 बजे, निगोही से 15.10 बजे, बीसलपुर से 15.33 बजे तथा भोपतपुर से 15.50 बजे छूटकर पीलीभीत 16.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में साधारण श्रेणी के 10 एवं एसएलआर के 2 कोचों सहित कुल 12 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

ढंडारी कलां स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की अवधि बढ़ी

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु निम्नलिखित एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव उत्तर रेलवे के ढंडारी कलां स्टेशन पर पूर्व में दिया गया था, जिसका अवधि विस्तार निम्नवत किया जायेगा। 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस का ढंडारी कलां स्टेशन पर ठहराव का अवधि विस्तार 29 दिसम्बर तक किया गया है। यह गाड़ी ढंडारी कलां स्टेशन 15 .05 बजे पहुंचकर 15 .15 बजे छूटती है।14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस का ढंडारी कलां स्टेशन पर ठहराव का अवधि विस्तार 25 दिसम्बर तक किया गया है। यह गाड़ी ढंडारी कलां स्टेशन पर 15 .45 बजे पहुंचकर 15 .53 बजे छूटती है। 15332 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस का ढंडारी कलां स्टेशन पर ठहराव का अवधि विस्तार 30 दिसम्बर तक किया गया है। यह गाड़ी ढंडारी कलां स्टेशन पर 20 .35 बजे पहुंचकर 20 .45 बजे छूटती है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

हिंदी में दक्षता प्राप्त करें छात्र:प्रो.दुबे

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सिद्धार्थ विवि में चल रहे हिंदी पखवाड़े के तहत गुरुवार को छात्रों के लिएपत्र-लेखन कार्यशाला हुई। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सत्येन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि हिंदी पखवाड़े के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में दक्ष बनाना है हिंदी में कार्यदक्षता प्राप्त कर अपने को ही सक्षम नहीं बना रहे होते हैं राजभाषा को भी सशक्त कर रहे होते हैं। संयोजक प्रो. हरीशकुमार शर्मा ने कहा कि पत्र-लेखन की महत्ता आज भले घटी है, पर आवश्यकता आज के डिजिटल दौर में भी हमें विभिन्न स्तरों पर पड़ती है। पत्र-लेखन के अनेक प्रकार हैं और उन सबकी अपनी-अपनी प्रविधि है।

सार-संक्षेप

राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने उप राष्ट्रपति से की मुलाकात

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने बुधवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। इस दौरान राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने उप राष्ट्रपति को अपनी स्वलिखित दो पुस्तकें-"डेढ़ विश्वा ज़मीन- उत्तरप्रदेश क्राइम फाइल" और बुद्धकालीन काला नमक धान की बालियों से बनी कलाकृति भेंट की। उन्होंने कहा कि यह धान सिद्धार्थनगर में मेरे खेत में उगाई गयीं है और मेरे भाई ने बालियों की कलाकृति बनायीं।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को धान की बनी बालियों से कलाकृति भेंट करते बृजलाल।

यह बुद्धकालीन धान है, जिसकी पुष्टि "पिपरहवा (कपिलवस्तु) में पुरातत्व सर्वेक्षण की 1972 में खुदाई के दौरान मिले कार्बोनाइज्ड चावल के मिलान हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धार्थनगर ज़िले के लिए इसे एक ज़िला, एक उत्पाद की श्रेणी में लिया, जिससे इसका उत्पादन काफी बढ़ गया है। इसे बुद्ध ब्राण्ड राइस के नाम से निर्यात किया जा रहा है। इसका निर्यात मुख्यत: दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को किया जा रहा है, जहां महात्मा बुद्ध के अनुयायी हैं।

सेवानिवृत्ति पर संयुक्त निदेशक अभियोजन को दी विदाई

सेवानिवृत्ति पर संतकबीरनगर के संयुक्त निदेशक (अभियोजन) दयानन्द पटेल को कलेक्ट्रेट सभागार में दी गयी विदाई। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार। संतकबीरनगर के संयुक्त निदेशक अभियोजन दयानन्द पटेल के सेवानिवृत्त होने पर जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री पटेल गोरखपुर, देवरिया, सिद्धार्थनगर तथा संत कबीर नगर में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे। सिद्धार्थनगर से पदोन्नति होने के बाद इनका स्थानांतरण संत कबीर नगर में हुआ था। वह लोकप्रिय अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। श्री पटेल के सेवानिवृत्त होने पर जनपद संत कबीर नगर में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गयी। आयोजन किया गया।

बच्चों को पुरस्कार वितरण के साथ स्वच्छता पखवारे का समापन

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विकास क्षेत्र के विद्यालयों में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा का समापन बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय में शिक्षकों की देखरेख में स्वच्छता शपथ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण कर पखवाड़े का समापन हुआ। विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के प्राथमिक विद्यालय महथा में प्रधान अध्यापिका प्रीति मिश्रा ने सहयोगी शिक्षिका सरिता देवी व मोहन के साथ पखवाड़े के समापन पर बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल आदि देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान एआरपी मुस्तन शेरुल्लाह, पुष्कल मिश्रा, विष्णु, अर्चना, रवि, बैजू, आफरीन आदि मौजूद रहे।

नोएडा में सहायक अध्यापिका प्रार्थना सम्मानित

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सदर ब्लॉक नौगढ़ के प्राथमिक विद्यालय सनई लंगड़ी में कार्यरत सहायक अध्यापिका प्रार्थना मिश्रा को नोएडा में आयोजित एक सम्मान समारोह में एडूलीडर्स यूपी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 75 ज़िलों के कुल तीन सौ शिक्षकों को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। आरआर ग्लोबल व हेमा फाउंडेशन के सहयोग से टीम एडूलीडर्स यूपी द्वारा बीती 16 सितंबर को नोएडा के एक होटल में आयोजित समारोह में प्रदेश के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, पूर्व सांसद व असम भाजपा प्रभारी हरीश द्विवेदी, अभिनेता मोहन जोशी और अति विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। प्रार्थना के सम्मानित होने पर बीएसए देवेन्द्र कुमार पांडेय तथा बीईओ नौगढ़ धर्मेन्द्र कुमार पाल व शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

रेलवे अधिकारी क्लब में दीप जलाकर संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

बीमारियों से बचाएगा संतुलित आहार: पाण्डेय

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा सप्ताह के अन्तर्गत गुरुवार को रेलवे अधिकारी क्लब में जीवन शैली जनित रोग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप जलाकर की। मुख्य राजभाषा अधिकारी ने कहा कि यदि हम संतुलित आहार लेते हैं, पाजिटिव सोच रखते हैं तो हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. बीएन चौधरी ने कहा कि यदि किसी भाषा में तकनीकी का प्रयोग नही होता है तो वह भाषा पीछे रह जायेगी। स्वागत सम्बोधन राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी गोपाल प्रसाद गुप्ता, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अनुवादक/प्रभारी, अनामिका सिंह ने किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

रेलकर्मियों को दिलायी स्वच्छता की शपथ

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को मुख्यालय एवं मंडलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

मुख्यालय में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री मनोज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में यांत्रिक सभागार में यांत्रिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात स्वच्छता संवाद किया गया, जिसमें स्वच्छता संवाद के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। डीआरएम लखनऊ आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल में स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण का आयोजन किया गया। डीआरएम वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर मैराथन का आयोजन किया गया। डीआरएम इज्जतनगर रेखा यादव के मार्गदर्शन में इज्जतनगर मंडल में स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली, एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण, विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला, निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन तथा गहन साफ-सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

रेल कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

निर्देश पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक ने दोहरीकरण, तीसरी लाइन निर्माण समेत अन्य कार्यों की बैठक में की समीक्षा

समय से पूरा करें परियोजनाओं का निर्माण कार्य : जीएम

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर की अध्यक्षता में महाप्रबन्धक सभाकक्ष, में गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रहे दोहरीकरण, तीसरी लाइन निर्माण, आमान परिवर्तन एवं नई रेल लाइन निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने कहा कि गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के तहत गोंडा कचहरी-करनैलगंज का कार्य कमीशन हो गया है तथा करनैलगंज से गोंडा तीसरी लाइन के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि परियोजना के शेष कार्य को शीघ्रता से निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाये। उन्होंने डोमिनगढ़-गोरखपुर कैंट के मध्य चल रहे तीसरी लाइन निर्माण को भी लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि परियोजनाओं के समय से पूरा होने से परिचालनिक सुगमता बढ़ेगी। उन्होंने बइराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खंड के आमान परिवर्तन को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता से पूरा करने का निर्देश दिया। महाप्रबन्धक ने भटनी-औड़िहार दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत पिवकोल-बेलथरा रोड एवं मऊ-सादात खंडों तथा फेफना-इंदारा, मऊ-शाहगंज दोहरीकरण के तहत मऊ-खुरहट एवं फरीहा-शाहगंज खंडों के दोहरीकरण कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने झूंसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. खंड का दोहरीकरण, जिसमें गंगा नदी पर रेल पुल का निर्माण सम्मिलित है, को लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूरा करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने कहा कि आनन्द नगर-घुघली वाया महाराजगंज, सहजनवा-दोहरीघाट तथा बहराइच-खलीलाबाद नई लाइन निर्माण परियोजनाओं के लिये भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से पूरा किया जाये। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रही अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर रंजन यादव, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजेश कुमार पांडेय, मुख्य पुल इंजीनियर राजीव वर्मा, मुख्य इंजीनियर/एस.डी. पन्ना लाल सहित निर्माण संगठन के सभी मुख्य इंजीनियर उपस्थित थे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर।

प्रधानाचार्य से मांगा स्पष्टीकरण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। माध्यमिक विद्यालयों के औचक निरीक्षण में डीआईओएस सोमारू प्रधान ने स्कूलों के समय से खुलने समेत कई बिंदुओं पर पूछताछ की। निरीक्षण के समय एक वित्तविहीन विद्यालय पर कक्षा एक से पांच तक बगैर मान्यता के कक्षा संचालन पर नाराजगी जताई और प्रधानाचार्य को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने गुरूवार को सिद्धार्थ जन सेवा शिक्षण संस्थान बनकटा रिठिया का औचक निरीक्षण किया। यहां कक्षा एक से पांच तक की कक्षाएं संचालित थी, जबकि मान्यता कक्षा छह से 12 तक ही है। जिस पर इन कक्षाओं का संचालन बंद करने का निर्देश दिया।

विवाद की स्थिति में सक्षम अधिकारी को करें सूचित

जिलाधिकारी ने सम्पत्ति के क्रेताओं और विक्रेताओं के हितों के लिए जारी किए निर्देश

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार: जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर सहायक महानिरीक्षक निबंधन देवेंद्र कुमार ने जनपद के समस्त अचल सम्पत्ति के क्रेताओं और विक्रेताओं को उनके हितों को देखते हुए जागरूक रहने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया है कि जमीनों, प्लाटों और भवनों की रजिस्ट्री हो जाने के बाद कुछ मामलों में जानकारी के आभाव में क्रेताओं और विक्रेताओं को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डीएम ने निर्देश दिया कि कोई भी दस्तावेज लेखक विक्रय-विलेख तैयार करते समय अगर कोई विक्रेता नशे में है अथवा विपक्षी के बीच कोई झगड़ा या विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई हो तो दस्तावेज लेखन का कार्य रोक कर सक्षम अधिकारी को सूचित करेगा।

मंदबुद्धि या अनपढ़ विक्रेता के साथ उसकी पत्नी, बच्चों या करीबी व्यक्ति की गवाही अनिवार्य

महेंद्र सिंह तंवर, डीएम।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि करापवंचन में शामिल पक्षकारों के साथ दस्तावेज लेखकों और लेखपत्र को तैयार करने वाले विधि व्यावसाई के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारियों द्वारा विक्रय-विलेखों के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में दस्तावेज लेखकों से उक्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित दिया है कि जहां किसी विक्रय-विलेख में प्रतिफल और बाजारी मूल्य के बीच भारी अन्तर हो अथवा बाजारी मूल्य की तुलना में प्रतिफल बहुत कम हो वहां विक्रेता से सघन पूछताछ कर स्वयं और विक्रेता के संतुष्ट होने के बाद ही रजिस्ट्रीकरण कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। किसी विक्रेता के नशे में होने, कम चतुर होने, अनपढ़ होने, पत्नी और बच्चों की आपत्ति होने पर विक्रय-विलेख की रजिस्ट्री में कोई जल्दबाजी न करते हुए जहां तक सम्भव हो उसके परिवार के किसी पढ़े-लिखे समझदार व्यक्ति या पत्नी और बच्चों की गवाही कराकर रजिस्ट्री की कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। क्योंकि भूमि की रजिस्ट्री के दौरान उनकी गवाही अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि किसी विवाद की स्थिति में या विक्रेता पक्ष को धमकावे, बहकावे या अनुचित दबाव से मुक्त कराकर पूर्ण होशो हवास और स्वस्थ मस्तिष्क की दशा में निष्पादन स्वीकार करने की स्थिति में लेखपत्र को रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा। रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी द्वारा उक्त दिशा निर्देशों का अनुपालन कराते समय अगर किसी पक्ष द्वारा जोर जबरदस्ती या अनुचित दबाव बनाया जाता है तो रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी लेखपत्र ग्रहण करने से मना करने के सम्बन्ध में आपत्ति पर्ची के साथ लेखपत्र के दावेदार को लेखपत्र वापस कर देगा। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की सम्भावना में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को मोबाइल फोन पर सूचित किया जाएगा।

विक्रय-विलेख में प्रदर्शित प्रतिफल से सम्बन्धित साक्ष्य चेक, आरटीजीएस, यूटीआर नम्बर या ड्राफ्ट का विवरण सहित स्पष्ट उल्लेख लेखपत्र में जरूर करें और रजिस्ट्रीकरण के समय साक्ष्य की प्रमाणित प्रति रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। इसके साथ ही क्रेता, विक्रेता और गवाहों के वैध परिचय-पत्र और मोबाइल नम्बर आदि का उल्लेख भी विलेख में दर्ज किया जायेगा। पहचान पत्र की मूल व छायाप्रति रजिस्ट्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। दस्तावेज लेखक द्वारा विक्रय-विलेख में क्रेता और विक्रेता की जाति का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा। क्रेता और विक्रेता की अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र लेखपत्र के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। विक्रेता के नाबालिग होने की स्थिति में संरक्षक की हैसियत से बैनामा करने वाले के पास वैध अधिकार पत्र होना आवश्यक है। कृषि भूमि से सम्बन्धित विक्रय-विलेख में विक्रेता का अंश और उसमें से विक्रित भाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। क्रेता बैनामा के समय ही बैनामा के अंश का शत-प्रतिशत रकबे का भौतिक कब्जा प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

जिस लाइसेंसधारी दस्तावेज लेखक द्वारा उक्त निर्देशों का सम्यक अनुपालन नहीं किया जाएगा और एक से अधिक बार गलती पाए जाने की स्थिति में उसकी अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जाएगी। किसी लेखपत्र से सम्बन्धित पक्षों, गवाहों, लेखपत्र तैयार करने वाले दस्तावेज लेखकों, वकीलों के अलावा अनाधिकृत व्यक्तियों और दलालों का निबंधन कार्यालय में प्रवेश वर्जित रहेगा।

एक नजर

8 शिक्षकों को मिला एडूलीडर्स यूपी कर्मयोगी सम्मान

बस्ती : एडूलीडर्स यूपी द्वारा नोएडा में आयोजित कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के आठ शिक्षकों को कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र के संयोजन में चयन किया गया। कार्यक्रम में उप्र लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, प्रख्यात फिल्म अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, हेमा फाउंडेशन के मुखिया महेंद्र काबरा और एडूलीडर्स यूपी के संस्थापक डॉ सर्वेष्ट मिश्र की ओर से देश के 302 शिक्षकों को एडुलीडर्स से सम्मानित किया गया। जिसमें जिले आठ शिक्षकों को कर्मयोगी सम्मान मिला है।जिसमें किसान इंटर कॉलेज भानपुर के अरविंद सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय इटई खजुरी, परशुरामपुर के बृजेश कुमार, डायट प्रवक्ता शशि दर्शन त्रिपाठी, पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रामपुर रेवटी के बृजेश कुमार गुप्ता, पीएम श्री विद्यालय मूड़घाट आराधना श्रीवास्तव, रुधौली के पीएम श्री नटाई कला के रमेश विश्वकर्मा, बहादुरपुर के अगई भागड़ से राजीव उपाध्याय, उच्च प्राथमिक विद्यालय जटौलिया से अजय पांडेय को एडूलीडर्स यूपी कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया।

शोहदों को सबक सिखाने के लिए पुलिस को कॉल करें छात्राएं

कार्यशाला में छात्राओं को संबोधित करते थानाध्यक्ष संजय कुमार। अमृत विचार

संवाददाता, कुशीनगर

▶▶ महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान को थानाध्यक्ष ने किया संबोधित

अमृत विचार: मेन पावर हेल्प लाइन 1090 पर दी गई सभी सूचनायें पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती हैं। ऐसे में छात्रायें निर्भीक होकर इस नंबर पर कॉल कर अपनी सुरक्षा के लिये पुलिस से मदद ले सकती हैं। उक्त बातें तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने निकटवर्ती छहूं स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक इण्टरमीडिएट कालेज में वृहस्पतिवार को महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहीं।

थानाध्यक्ष ने छात्राओं से कहा कि सरकार और पुलिस सभी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर दृढसंकल्पित हैं।महिलाओं के साथ होने वाला किसी भी प्रकार का अमर्यादित व्यवहार सभ्य समाज के लिये अभिशाप व अक्षम्य है।उन्होंने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विद्यालय में आवागमन के साथ ही कहीं भी मारपीट,छेड़छाड़,आदि की घटनाओं पर वह तुरन्त 1090 या 181 पर काल कर सकती हैं।पुलिस उक्त स्थल पर पहुँचकर उनकी पूरी मदद करेगी।किसी घटना के बाद किसी भय या बहकावे में आने बिना झिझक अपनी परेशानियाँ पुलिस को बतायें।आपके द्वारा दी गयी सारी सूचनायें पूरी तरह गोपनीय रखते हुए आरोपी के साथ कड़ाई से निबटा जायेगा। संजय कुमार ने प्रबन्धक धर्मेन्द्र श्रीवास्तव से विद्यालय में एक शिकायत पेटिका रखने के साथ ही अपना सीयूजी नम्बर सभी छात्राओं को दिया।

इस अवसर पर महिला कांस्टेबल ज्योति झा,अनामिका सिंह,व प्रियंका सिंह ने भी छात्राओं को सुरक्षा अपनाने के साथ ही व्यक्तिगत तौर पर अलग से उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। कार्यशाला आयोजन के दौरान विद्यालय के प्रबन्धक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, एसआई आशीष सिंह, गौरव राय सहित विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

पोर्टल पर अपलोड होगा विद्यालय के अच्छे खिलाड़ियों का ब्योरा

▶▶ सभी स्कूलों से खेल सुविधाओं का मांगा गया ब्योरा

बस्ती: प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाई के साथ अच्छे खिलाड़ी भी तैयार किए जाएंगे। सरकारी व निजी स्कूलों में खेल सुविधाओं के बारे में जानकारी के लिए डाटा मांगा गया है। विभाग ने एक वेब पोर्टल तैयार किया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने डीआईओएस और बीएसए को निर्देशित किया है कि जिले के सभी स्कूल अपने यहां खेल शिक्षक, मैदान और अन्य खेल सुविधाओं से जुड़े विवरण इस पर पोर्टल पर अपलोड करेंगे। जिससे जिला, मंडल व राज्य स्तर पर अलग-अलग खेलों की टीमें तैयार किया जा सके।

जिले में 2206 परिषदीय और 401 माध्यमिक स्कूल संचालित होते है। एक विद्यालय एक खेल प्रोग्राम के तहत स्कूलों से अच्छे खिलाड़ी तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने डीआईओएस और बीएसए को पत्र भेज कर निर्देशित किया है कि वे सभी सरकारी व निजी स्कूलों में खेल सुविधाओं से जुड़ा ब्योरा वेब पोर्टल पर अपलोड करें। शत-प्रतिशत विद्यालयों का इस पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

वहीं डीआईओएस जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मुख्यालय से पत्र आया सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को भेज दिया गया है। वह पोर्टल पर अपने स्कूल के संनसाधनो की पूरी जानकारी अपलोड करेंगे।

स्वच्छता अभियान के तहत नागरिकों को दिलाई शपथ

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार: नगर पंचायत मगहर की चेयरमैन अनवरी बेगम के निर्देशन और अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह के संयोजन में नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 तिवारी टोला में गुरुवार को सभासद अवधेश सिंह ने सफाई कर्मियों और वार्ड के निवासियों के साथ सफाई कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वछता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिस आजाद भारत का सपना महात्मा गांधी ने देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं बल्कि एक स्वच्छ व विकसित देश की भी कल्पना किया था।

उन्होंने लोगों से कहा कि हर सप्ताह सिर्फ दो घण्टे श्रमदान कर स्वछता के इस संकल्प को चरितार्थ करें। हम गंदगी न करते हुए लोगों को भी गंदगी करने से रोकें। इसकी शुरूआत हमें अपने घर, परिवार, मुहल्ले, गांव और कार्यस्थल से करनी होगी। साफ सफाई रहेगी तो हम निरोगित होने के साथ ही स्वस्थ भी रहेंगे और हमारा समाज व देश भी स्वस्थ होगा। जो देश स्वछ दिखता है वहां के नागरिक न गंदगी करते हैं न करने देते हैं। हमें चाहिये कि स्वच्छता को अपनाकर गली गली, मुहल्ले मुहल्ले और गांव गांव जाकर स्वछता मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर साधू त्रिपाठी, अजय सिंह बर्मा, दिनेश गिरि, आलोक कुमार, विक्की खान, अशोक कन्नौजिया, नीरज तिवारी, अश्विनी त्रिपाठी, विशाल बर्मा, राहुल कन्नौजिया, गोविंद यादव, घनश्याम तिवाड़ी, सत्यवान मिश्रा, अम्बरीष तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान के दौरान शपथ दिलाते सभासद। अमृत विचार

स्वच्छता अभियान के तहत हुई बैठक

सांथा, संतकबीरनगर, अमृत विचार : बेलहर विकास क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत बेलहरकला में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर 4 के बेलहर खुर्द में नगर पंचायत चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार निषाद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। अपने सम्बोधन में चेयरमैन ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर पंचायत के कर्मचारी लगे हुए हैं। उनके द्वारा दिन रात सफाई का कार्य किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है। अरुण राय, दिलीप कुमार, निरंकार मिश्र, दीनानाथ चौधरी, लक्ष्मण कनौजिया, विजय साहनी, मोहम्मद समीर, कुलदीप लाल, रामकरन, संतोष, रीता देवी, सुभद्रा, सरिता निषाद, प्रेम देवी, उर्मिला देवी रहीं।

ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी के बिना ही सोशल ऑडिट की बैठक संपन्न

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार : विकास खण्ड खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा स्थित पंचायत भवन पर गुरुवार को सोशल ऑडिट टीम की खुली बैठक की गई। यह बैठक ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की अनुपस्थिति में ही कागजी कारवाई के साथ सम्पन्न हो गई। ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा में सोशल ऑडिट टीम की खुली बैठक गुरुवार को तय होना सुनिश्चित थी। सोशल ऑडिट टीम निर्धारित दिन व समय पर अष्टभुजा सिंह के नेतृत्व में पंचायत भवन पर पहुंच गई। उसके बाद दर्जनों ग्रामीण भी बैठक में पहुंच गए। इस दौरान आडिट टीम के हीरा लाल चौधरी ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक और पंचायत सहायक की नियुक्ति अभी नहीं हुई है। ग्राम पंचायत में महज चार कच्चा कार्य ही कराया गया है। बैठक में उनकी अनुपस्थिति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। सोशल ऑडिट की खुली बैठक में ऑडिट टीम के अलावा नीलम, हीरालाल चौधरी, राज कुमार, आदित्य तिवारी दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

मंडल मुख्यालय में पीपीपी मॉडल पर खुलेंगे सैनिक स्कूल, मांगा गया प्रस्ताव

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार: जिले को सैनिक स्कूल की सौग़ात मिलने की संभावना बढ़ गई है। सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर सैनिक स्कूल खोलने की तैयारी शुरू हो रही है।

जिले में राजकीय माध्यमिक, अशासकीय सहायता प्राप्त और निजी माध्यमिक स्कूलों को सैनिक स्कूलों में परिवर्तित करने या फिर नया स्कूल खोलने का प्रस्ताव मांगा गया है। डीआइओएस को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर जल्द से जल्द रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजें।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने डीआईओएस को पत्र भेजा है। जानकारी के अनुसार मंडल मुख्यालय पर पीपीपी मॉडल पर सैनिक स्कूल खोलने का शसन ने प्रस्ताव मांगा है। जिसमें पहले चल रहे सरकारी या निजी माध्यमिक स्कूलों के साथ ही अलग भवन बनाकर सैनिक स्कूल संचालित किया जाएगा। अगर कोई संस्था नया सैनिक स्कूल स्थापित करना चाहेगी तो उसे वह भी छूट मिलेगी। निजी संस्थाओं को इसके लिए अधिक से अधिक प्रेरित करने निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस स्कूल प्रबंधक के साथ बैठक कर सैनिक स्कूल खोलने के लिए प्रबंधकों से लेंगे और फिर इसे रक्षा मंत्रालय भेजा जाएगा।

वहीं डीआईओएस जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मुख्यालय से पत्र आया है। दो वर्ष पहले सैनिक स्कूल खोलने के लिए प्रस्ताव मांगा गया था। तत्कालीन डीआईओएस ने राजकीय इंटर कालेज में सैनिक स्कूल खोलने का प्रस्ताव भेजा था। पुनः सभी स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक करके सैनिक स्कूल के मानक के अनुसार प्रस्ताव तैयार करके भेजा जाएगा।

उत्सव में बच्चों का हुनर देख निहाल हुए अफसर

बस्ती: राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार को मंडलीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. ओमप्रकाश मिश्र ने दीप प्रज्जलन कर किया। उत्सव में बस्ती, संतकबीर नगर और सिद्धार्थनगर के छात्र -छात्राओं ने विभित्र विधाओं का प्रदर्शन किया।

बालक वर्ग में लोकगीत की प्रतियोगिता में संतकबीरनगर के हरेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय वादन में सिद्धार्थनगर के विवेक शर्मा ने प्रथम हासिल किया। शास्त्रीय गायन बालक वर्ग में बस्ती के अनमोल चौधरी, नाटक में बालिका वर्ग में बस्ती की काजल चौधरी और समूह गायन में बस्ती की निकिता ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पारंपरिक कहानी बालिका वर्ग में संतकबीरनगर की निकहत सिराज, नौटंकी में वहीं की सादिका खातून व लोक नृत्य में बस्ती के रवि कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में शास्त्रीय नृत्य में बस्ती की संजना व दृश्य कला में बस्ती के मोहम्मद कैफ को प्रथम स्थान मिला।

ब्लॉक मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

धनघटा, संतकबीरनगर

▶▶ कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही मंत्री ने किया पौधरोपण

अमृत विचार: जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम गुरुवार को अचानक ब्लॉक मुख्यालय नाथन पहुंचीं। ब्लॉक प्रमुख रामबृक्ष यादव, पूर्व प्रमुख दिगपाल पाल और बीडीओ के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत हुआ। विकास कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही प्रभारी मंत्री ने परिसर में पौधरोपण भी किया। ब्लॉक क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं के शानदार क्रियान्वयन पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त किया।

जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम क्षेत्रीय विधायक गणेश चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव के साथ गुरुवार को अचानक नाथनगर ब्लॉक पहुंचीं। ब्लॉक मुख्यालय के गेट पर ही ब्लॉक प्रमुख रामवृक्ष यादव और खंड विकास अधिकारी विवेकानंद मिश्र के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री का ऐतिहासिक स्वागत हुआ। बाद में प्रभारी मंत्री ने बीडीओ विवेकानंद मिश्र से ब्लॉक क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी लिया। श्रीमती गौतम ने कहा कि विकास योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के साथ ही पारदर्शिता बेहद आवश्यक है। बीडीओ विवेकानंद मिश्र द्वारा विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में दी गई जानकारी से प्रभारी मंत्री संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने योजनाओं को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने ब्लॉक परिसर में आंवले के पौधे रोपित करके उन पौधों को संरक्षित करने का भी निर्देश दिया। ब्लॉक मुख्यालय पर हुए भव्य स्वागत से प्रभारी मंत्री प्रफुल्लित नजर आईं। इस दौरान एडीओ पंचायत मैनुद्दीन, एपीओ मेराजुल हक, अकाउंटेंट दीपक सिंह, संजय पांडेय, ग्राम प्रधान श्रीप्रकाश यादव, राजू यादव, अरविंद यादव पिंकू, भुअर यादव, संदीप शुक्ला, रामराज, हनुमान शुक्ला, विनय तिवारी, दिलीप कुमार, जयंत कुमार, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

युवती को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर, अमृत विचार : बखिरा थानाक्षेत्र के ग्राम गांव निवासी की नाबालिग पुत्री को बीते 18 अगस्त को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद असलम निवासी सई बुजुर्ग के खिलाफ मुअसं 263/2024 की धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर आरोपी की तलाश कराई जा रही थी। बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर उसे मेहदावल रोड बडहरा मोड के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

उत्कर्ष बने एयरपोर्ट एथार्टी में जूनियर इंजीनियर

उत्कर्ष तिवारी।

कुशीनगर, अमृत विचार : कसया तहसील क्षेत्र के गांव दुर्गवलिया निवासी नवीन तिवारी के पुत्र उत्कर्ष तिवारी गेट परीक्षा - 2024 में सफल होकर जिले का मान बढ़ाया है। उत्कर्ष का एयरपोर्ट एथार्टी में जूनियर इंजीनियर पद पर चयन हुआ है। शुरुआती दौर से मेधावी उत्कर्ष तिवारी ने हाईस्कूल,इंटरमीडिएट की पढ़ाई आर्मी पब्लिक स्कूल गोरखपुर,व बीटेक गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से किया है। उत्कर्ष ने सफलता का श्रेय अपने माता - पिता, परिजनों और गुरुजनों को देते हुए कहा कि निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक किये गए श्रम से लक्ष्य हासिल होता है। उत्कर्ष की सफलता पर बाबा रामाशंकर तिवारी, विनोद तिवारी, विजय तिवारी, ग्राम प्रधान रानी तिवारी, महेंद्र चौबे सहित क्षेत्र के गणमान्य जनों ने हर्ष व्यक्त किया।

कन्या सुमंगला योजना का 31623 लाभार्थियों को मिला लाभ

कुशीनगर, अमृत विचार : जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि जनपद में कन्या सुमंगला योजना संचालित है अभी तक योजना में 31623 लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य एवं शिक्षा की स्थिति को सुदृढ करना,कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना,समान लिंगानुपात स्थापित करना, बाल-विवाह की कुप्रथा को रोकना, नवजात कन्या के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना,बालिका के जन्म के सकारात्मक सोच विकसित करना व उनके उज्जवल भविष्य की आधारशिला रखना है। कन्या सुमंगला योजना की पात्रता की अहर्ता के संबंध में उन्होंने बताया कि लाभार्थी का स्थायी निवास प्रमाण पत्र हो, जिसमें राशन कार्ड,आधार कार्ड, वोटर पहचान पत्र आदि मान्य होगा। पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख हो।

विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों में चयनित हुए डॉ. मनोज

डॉ. मनोज कुमार।

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(केन्द्रीय कृषि अभियांत्रकी संस्थान)के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी को खाद्य प्रसंस्करण अनुसंधान के लिये लगातार चौथी बार विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों में चयनित किया गया। यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका (यूएसए)स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी परिणाम के बाद उनके पैतृक गाँव सहित क्षेत्र में उनके शुभचिंतकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी। कुशीनगर के फाजिलनगर ब्लाक के ग्राम महासोंन निवासी डॉ. मनोज त्रिपाठी अपनी हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा पावानगर महाबीर इंटर कालेज फाजिलनगर तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उतीर्ण की। वर्ष 2004 में मनोज पन्तनगर विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद आइसीएफएआई अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर रहे। वर्ष 2009 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भोपाल में प्रधान वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत डॉ. त्रिपाठी दिल्ली में आयोजित जी-20 की बैठक में अपने संस्थान के वैज्ञानिक टीम के नोडल अधिकारी भी रहे। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी खाद्य प्रसंस्करण विषय को लेकर प्रतिवर्ष दुनिया के शीर्ष दो फीसद विज्ञानियों की सूची जारी करता है। यह सूची विश्व के सभी वैज्ञानिकों के शोध कार्यों, शोध पत्रों एवं शोध कार्यों का विश्व के विकास में प्रभाव का सर्वे कराने के बाद जारी किया जाता है।

सिपाही व प्रधान ने रक्तदान कर बचाई जान

कुशीनगर, अमृत विचार : जिले के फाजिलनगर विकास खंड के गांगी टीकर गांव के विजेधरा गांव निवासी इंद्रदेव सिंह असाध्य अप्लास्टिक एनीमिया रोग से पीड़ित हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस बीमारी में रक्त की नई कोशिकाएं बननी बंद हो जाती हैं, और पीड़ित की जिंदगी बचाने के लिए हमेशा रक्त की जरुरत होती है। गुरुवार को रोगी को रक्त के आवश्यकता की जानकारी होने पर स्वप्रेरणा से तुर्कपट्टी थाने के मधुरिया चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल संजय सिंह यादव ने रक्तदान का निर्णय लिया। वह गांगीटीकर के प्रधान परशुराम सिंह के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और दोनों ने एक एक यूनिट रक्तदान किया। जरुरतमंद के प्राण की रक्षा के लिए सिपाही व प्रधान का का उक्त रक्तदान किया जाना प्रेरणादायक व चर्चा का विषय बना है। अब तक 19 बार रक्तदान कर चुके संजय सिंह यादव ने बताया कि 26 जून 2005 को उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुआ। 200 रंगरुटों के साथ प्रयागराज में प्रशिक्षण के दौरान हमारे प्रशिक्षक की पत्नी मध्य प्रदेश के रीवा में दुर्घटना में घायल हो गईं थी। कप्तान ने घोषणा की कि जो स्वेच्छया रक्तदान करेगा उसे पांच सौ रुपये स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए व तीन दिन की छुट्टी मिलेगी। तब स्टाइपेंड 3181 रुपये था और पांच सौ की रकम भी बड़ी थी और छुट्टियों के लालच में आकर रक्तदान कर दिया। लेकिन रक्तदान के बाद बीमार के परिजनों की खुशी और अंतर्रात्मा में किसी की जान बचाने की मिली खुशी आगे के लिए रक्तदान की प्रेरणा बन गई। गांव जाकर आठ से दस बार रक्तदान कर चुका हूं। कसया में तैनाती के दौरान अपने मकान मालिक के रिश्तेदार व रहसू निवासी एक व्यक्ति को रक्तदान किया था। रक्तदान से असीम सुख मिलता है।

जाना हाल

प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने गांवों का निरीक्षण कर लोगों से की मुलाकात व अधिकारियों को पशुओं का टीकाकरण कराने का दिया निर्देश

मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर राहत सामग्री का किया वितरण

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

अमृत विचार: जिले की प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विजय लक्ष्मी गौतम ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्रीय भाजपा विधायक गणेश चौहान के साथ धनघटा तहसील क्षेत्र में घाघरा नदी की बाढ़ से प्रभावित स्थलों और गांवों का निरीक्षण कर उच्च प्राथमिक विद्यालय बगही में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री का वितरण किया। वहीं प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने गांवों का निरीक्षण कर लोगों से मुलाकात भी की और अधिकारियों को लोगों को राहत पहुंचाने व पशुओं का टीकाकरण कराने का निर्देश दिया।

पीड़ितों में राहत सामग्री का वितरण करतीं प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों में आपदा राहत की कार्यवाही और बाढ़ पीड़ितों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ संकट की इस घड़ी में सरकार हर पीड़ित के साथ पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ खड़ी है। हर पीड़ित को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी हटते ही प्रभावित गांवों में स्वच्छता का व्यापक कार्यक्रम चलाया जाए।

बताते चलें कि घाघरा नदी में अचानक आई बाढ़ के चलते तहसील धनघटा के कुल छापरा मगर्वी का कुर्मियान टोला, पहलवान की कुटी, चपरापूर्वी का पटौहा टोला, आगापुर उर्फ गुलरिहा, सीयरकला खरगपुर, गायघाट ढोलबजा, चकदहा, भौवापार, करनपुर, कंचनपुर, सियाराम अधीनसिंह, धमचिया, गुनवतिया, सरैया, सुअरहा समेत दो दर्जन गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। इन गांवों के 2100 परिवारों में से बृहस्पतिवार को प्रभारी मंत्री ने लगभग 100 परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश समेत तमाम अधिकारी, भाजपाई और भारी संख्या में बाढ़ पीड़ित मौजूद रहे।

क्षेत्रीय विधायक के साथ तटबंध का निरीक्षण करतीं प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

प्रभारी मंत्री ने एमबीडी बांध का किया निरीक्षण

जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचीं प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक विधायक गणेश चौहान के साथ घाघरा नदी तटबंध मदरहा बेहराडाड़ी बांध के अति संवेदनशील स्थल तुर्कवलिया नायक पहुंच कर तटबंध का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में निर्मित परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त किया। साथ ही कटान स्थल पर नई परियोजनाओं के गठन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बाढ़ पर सतत निगरानी रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक गणेश चंद्र चौहान ने बताया कि उनके द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है। विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवार किसी भी प्रकार की असुविधा हो मुझसे संपर्क करें।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	83,184.80	25,415.80
बढ़त	236.57	38.25
प्रतिशत में	0.29	0.15

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 980, फ्लैग-1115, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-970, फ्लैग-1090, डीएमओ-840, बोल्ड-1160।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राजमा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 कलीमिर्च 58000-64000 बड़ीइलायची 90000-150000 सोंठ 38000-41000 धनिया 8000-13000 लालमिर्च 14000-34000 जीरा 28000-32000 अजवाइन 20000-28000 सौंफ 13000-32000 हल्दी 17000-22000 सुपारी 40000-48000 छुहारा 14000-28000।

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	90,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75,300
गिन्नी (प्रति नग)	56,100-56,300

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	74,900
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	74,750
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,200
चांदी तैयार	88,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	74,500
सोना जेवरात गिन्नी	73,500
चांदी पक्की	868 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	75,100
चांदी आभूषण	89,500।

विकसित भारत के लिए बैंकों की भूमिका अहम

केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने बैंकों के लिए तकनीक सुरक्षा पर जोर देने को कहा

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र या विकसित भारत बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकिंग क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को हासिल करने में और तेजी लाएंगे।

वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सशक्त रफ्तार देने, एमएसएमई क्षेत्र को जरूरत के हिसाब से वित्त मुहैया कराने, बैंक सेवाओं से वंचित आबादी को बैंक दायरे में लाने और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी। सीतारमण ने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंक परिदृश्य को तेजी से बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित एवं आसानी से संचालित किया जा सकने वाला डिजिटल बैंकिंग अनुभव देती है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी सुरक्षा पर भी जोर देने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि आप (बैंक) ऐसी डिजिटल प्रणाली नहीं रख सकते हैं, जो कहीं भी हैक हो जाए और पूरी प्रणाली एवं उस पर आधारित भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसके लिए आपको एक मजबूत प्रणाली चाहिए। आपको हर बार यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति में किस तरह के कदम उठाने होंगे।

वित्त मंत्री ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तत्काल होने वाले सभी डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में होते हैं।

सात देशों में यूपीआई की सुविधा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) अब सात देशों में उपलब्ध है, जिसके अनुसार सभी वास्तविक समय डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसानी से नेविगेट करने योग्य डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है।

भारत में 2030 तक बिजली खपत में होगी 10% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। भारत की बिजली खपत वर्ष 2030 तक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 3000 टेरावॉट प्रति घंटा (टीडब्ल्यूएच) तक बढ़ सकती है। वैश्विक निवेश प्रबंधन कंपनी ओमनीसाइंस कैपिटल की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बिजली क्षेत्र में कोविड के बाद एक बड़ा बदलाव देखा गया है।

वित्त वर्ष 2011 से वित्त वर्ष 24 तक बिजली की खपत लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है, जिसके 2030 तक जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में एक मजबूत विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 तक लगभग 40 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिकने से भारत का ईवी बाजार विस्फोटक वृद्धि के दौर से गुजर रहा है।

भारत 2030-31 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

मुंबई, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को कहा कि भारत अनुमानित 6.7 प्रतिशत की एक जबरदस्त वार्षिक वृद्धि दर के बल पर वित्त वर्ष 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कंपनी ने "इंडिया फॉरवर्डः इमर्जिंग पर्सपेक्टिव्ज" अध्ययन का पहला संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें भारत को एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था केतौर पर दिखाया गया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की शानदारजीडीपी वृद्धि दर के आगे की स्थिति है, जो इस सरकार के 7.3 प्रतिशत के पूर्व के अनुमान से अधिक है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के चीफ डेटा अधिकारी अभिषेक तोमर ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए कहा कि भारत वृद्धि के लिए कमर कस चुका है और युवा एवं गतिशील कार्यबल के साथ यह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को नया आकार देने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी अर्थव्यवस्था है। कारोबारी लेनदेन और लॉजिस्टिक्समें सुधार, निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने और सरकारी पूंजी पर निर्भरता घटाने के लिए सतत सुधार महत्वपूर्ण है।

श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत डेयरी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार**

भारत के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'श्वेत क्रांति 2.0' की शुरुआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं लगी हुई हैं, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। श्वेत क्रांति 2.0 के तहत, सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

बुनकरों-कताई करने वालों की मजदूरी में होगा इजाफा

नई दिल्ली। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों के पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से लागू होगा। सूत कातने वाले श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा।

बोवाई पिछड़ी, देर से खाने को मिलेगा नया आलू

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- **सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार**

अमृत विचार : प्रदेश में खराब मौसम की वजह से इस बार अगेती आलू की बोवाई पिछड़ गई है, जो अब मौसम साफ होने पर सितंबर अंत या फिर अक्टूबर माह की शुरुआत तक होगी। इस वजह से नया आलू दिवाली के बाद ही बाजार में आएगा। हालांकि मुख्य आलू की फसल में देरी नहीं होगी। इसकी 15 से 25 अक्टूबर तक बोवाई की जाएगी और फरवरी में फसल तैयार हो जाएगी।

उद्यान विभाग ने सात लाख हेक्टेयर में आलू की बोवाई का लक्ष्य रखा है। इसमें 265 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष सात लाख हेक्टेयर में 243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। जो बारिश और कोहरा के कारण अनुमान से कम था, लेकिन पिछले वर्षों की अपेक्षा उत्पादन अधिक रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि अगेती फसल में ज्यादा देरी नहीं हुई है। किसान मौसम साफ होते ही खेत सूखने पर बीज उपचारित करके पोटैटो प्लांटर से आलू की बोवाई करें। खेतों में नमी होने की वजह से पलेवा नहीं करना पड़ेगा। जलनिकासी की व्यवस्था जरूर करें। इससे बारिश होने पर फसल बर्बाद नहीं होगी।

कुफरी भास्कर नया, नीलकंठ की ज्यादा मांग: इस बार केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित कुफरी भास्कर प्रजाति की किसानों में ज्यादा मांग है। साथ ही यहां की विकसित नीलकंठ प्रजाति की भी मांग है। नीलकंठ में कैंसर से लड़ने वाले कैरोटिन एंथोसाइनिन नामक तत्व होते हैं। इसके दाम अच्छे मिलते हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

राज्यसभा सदस्यता से जवाहर सरकार का इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सदस्य जवाहर सरकार का उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना के बाद उठाए गए कदमों को लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने वाले सरकार ने उच्च सदन से इस्तीफे की घोषणा की थी।

महाराष्ट्रः एक ही परिवार के 4 लोगों के शव घर में मिले

मुंबई। महाराष्ट्र के धुले जिले में गुरुवार को एक दंपति और उनके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि दंपति ने अपने बच्चों को जहरीला पदार्थ देने के बाद आत्महत्या कर ली।

भाजपा के चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये

हरियाणा विस चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक सहायता प्रदान करने, युवाओं के लिए दो लाख नौकरियां और राज्य के अग्निवीरों को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत और चुनाव घोषणापत्र समिति के प्रमुख कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में संकल्प पत्र जारी किया। हरियाणा में अगले महीने होने वाले चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ भाजपा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद का भी वादा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार पहले से ही 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 10 और फसलें एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

सेना में अल्पकालिक भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से संबंध रखने वाले प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

भाजपा ने घोषणापत्र में जो 20 प्रमुख वादे किए हैं उनमें 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा भी शामिल है। सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस सरकार के दौरान कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को बिना 'खर्ची-पर्ची' के दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सत्तारूढ़ भाजपा ने 'हर घर गृहणी योजना' के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राज्य में पहले से ही गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अंत्योदय परिवारों को हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दे रही है।

एमएसपी पर 24 फसलें खरीदने का वादा

चंडीगढ़। भाजपा के घोषणापत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीदने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने देश भर के किसी भी सरकारी मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज में ओबीसी, एससी समुदायों से संबंधित हरियाणा के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटर देने का भी वादा किया। नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में हरियाणा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार और घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं हरियाणा बदल गया है।

गया-कैमूर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई हथियार और चार करोड़ नकद बरामद

पटना/गया, एजेंसी

- **आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी मिले**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) मगध जोन मामले में गुरुवार को बिहार के गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर 10 हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए।

एनआईए की ओर से कहा गया कि बिहार के गया और कैमूर जिलों में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने की सीपीआई (माओवादी) की साजिश को विफल करना था। इस साजिश मामले में तीन संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में छापेमारी की गई। इस क्रम में एनआईए ने पाया कि तीनों मगध क्षेत्र में अपनी नक्सली गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआई (माओवादी) के नेताओं को धन और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे। गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर की गई छापेमारी में अलग-अलग बोर के दस हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, कई डिजिटल उपकरणों के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

एनआईए ने कहा कि यह मामला बीते साल 7 अगस्त को औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र से सीपीआई (माओवादी) के दो कैडरों की गिरफ्तारी से प्रकाश में आया था। गिरफ्तार किए गए कैडरों में रोहित राय और प्रमोद यादव शामिल हैं। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद के साथ-साथ सीपीआई (माओवादी) मगध जोनल सांगठनिक कमेटी से संबंधित पुस्तिकाएं भी बरामद की गई थीं।

पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के यहां भी छापेमारी

गया। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। मनोरमा देवी के गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार एनआईए टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश मिलने की भी बात आ रही है। एसबीआई के कर्मचारी नोट गिनने की दो मशीन एवं तीन बक्से लेकर उनके आवास पहुंचे थे। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि भारी संख्या में आवास से कैश मिला है।

कॉलेजियम की सिफारिशें कोर्ट के साथ साझा करेगा केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों से संबंधित कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में अगले सप्ताह कुछ जानकारियां प्रदान करेगी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष ये टिप्पणियां करते हुए शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध एक जनहित याचिका पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली इस पीठ से कहा, "कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में कुछ विवरण उपलब्ध कराएंगे। कृपया याचिका को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।"

झूठी गवाही के दावे पर पूजा खेडकर से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को यूपीएससी के उन आरोपों पर पूर्व प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर से जवाब मांगा है, जिसमें कहा गया है कि खेडकर ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के आवेदन पर खेडकर से जवाब दाखिल करने को कहा।

पूर्व पुलिस आयुक्त ने जज के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का मुकदमा

गुरुग्राम। गुरुग्राम के पूर्व पुलिस आयुक्त कृष्ण कुमार राव ने एक जज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर उनसे एक करोड़ का हर्जाना मांगा है। राव के अनुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने फरवरी 2022 में पारित एक आदेश में करोड़ों रुपये की डकैती के मामले में गुरुग्राम पुलिस के पूर्व उपायुक्त धीरज सेतिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले में जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक है। जज ने कहा कि मुख्य संदिग्ध सचिंदर जैन द्वारा की गई स्वीकारोक्ति के आधार पर यह संदिग्ध लगता है कि सेतिया, जिस पर मामले में जांच को पटरी से उतारने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है, राव के अधीन ऐसा कर सकता है, विशेषकर यह देखते हुए कि गैंगस्टर गुरुग्राम कमिश्नरेट में उससे मिलने आते थे।

मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडेय कांग्रेस में शामिल

मुंबई। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडेय गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस में ऐसे समय शामिल हुए हैं, जब महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। वर्ष 1986 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को 2022 में ईडी ने 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों की फोन टैपिंग से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। पांडेय को कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड ने पार्टी में शामिल कराया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पांडेय ने स्वयं को धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि कांग्रेस को छोड़कर कोई अन्य राजनीतिक दल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन नहीं करता है।

फुटपाथ पर सो रहे दो लोगों को कार ने कुचला

नई दिल्ली। गीता कॉलोनी इलाके में फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि एक कार फुटपाथ पर चढ़ी हुई है। पुलिस को वहां पहुंचने पर पता चला कि सोनू (40) और मोहम्मद इस्लाम (38) इस दुर्घटना में घायल हो गए। सोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई।

आतंक वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में बड़ी उपलब्धि

भारत जी-20 देशों के विशिष्ट समूह में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण के विरुद्ध लड़ाई के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से 'रेगुलर फॉलो-अप' रेटिंग प्राप्त करने वाले सिर्फ चार जी20 देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, लेकिन एफएटीएफ ने अलकायदा और आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों से उत्पन्न खतरों से भी चेताया है।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में एक्स पर कई पोस्ट कर यह जानकारी दी और कहा कि यह मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के विरुद्ध भारत की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर और गर्व का क्षण है। इन चार देशों में भारत, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली शामिल है। इसके बाद इंहेंस फॉलो अप सूची में 11 देश शामिल हैं, जिसमें कनाडा, जर्मनी, अमेरिका, चीन, सऊदी अरब , इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मैक्सिको, आस्ट्रेलिया और ब्राजील शामिल है।

एफएटीएफ ने इस दिशा में भारत द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा के बाद यह रैंकिंग दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन में पर्याप्त प्रभावशीलता रेटिंग यह दर्शाती है कि वित्तीय खुफिया जानकारी का हमारा मजबूत उपयोग धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण है।

गोदरेज हेयर डाई और गुड नाइट लिक्विड की नकली फैक्ट्री पर छापा

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और नकली गुड नाइट गोल्ड फ्लैश की एक नकली फैक्ट्री पर छापा मारा है। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना नकली गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर की पैकेजिंग सामग्री का अवैध भंडारण और आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापे में गुड नाइट गोल्ड फ्लैश पैकेजिंग की 2000 पीस, पैक किए गए गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर के 85 पीस और गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई के 180 पीस जब्त किए गए।

आजादी से अब तक सुप्रीम कोर्ट के 37 हजार फैसलों का हिंदी अनुवाद

- **चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान दी जानकारी**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजादी के बाद से सुप्रीम कोर्ट के लगभग 37 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद किया गया है। अब उनका अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया जारी है। प्रधान न्यायाधीश ने यह बात एक मामले की सुनवाई के दौरान कही।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हिंदी के बाद अब तमिल सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत अपने फैसलों का संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया में है। संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी, असमिया, बंगाली, बोडो और डोगरी सहित 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है। प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों से सुनवाई के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट' से निर्णयों के तटस्थ उद्धरण देने का भी आग्रह किया।

शीर्ष अदालत ने 2023 में वकीलों, कानून के छात्रों और आम जनता को अपने निर्णयों तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए ई-एससीआर परियोजना शुरू की थी। वकील ई-एससीआर का उपयोग करते हुए सुनवाई के दौरान अपनी दलीलों के समर्थन में पिछले निर्णयों का हवाला देते हैं।

फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद एआई की मदद से

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे देश भर की जिला अदालतों तक पहुंच सकें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतिम अनुवाद की समीक्षा मानवीय हस्तक्षेप के माध्यम से की जाती है। अनुवाद में मानवीय हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने एआई की सीमा का उल्लेख किया और कहा कि यह 'लीव ग्रांटेड' का अनुवाद 'अवकाश प्राप्त हुआ' के रूप में करती है। कानूनी भाषा में 'लीव' का मतलब अकसर किसी वादी को किसी विशेष उपाय का सहारा लेने के लिए अदालत की अनुमति देना होता है।

खेल डायरी

सुमित नागल ने खेलने के लिए मांगी थी 50,000 अमेरिकी डॉलर की फीस

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को दावा किया कि सुमित नागल ने भारत के लिए डेविस कप खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस मांगी थी, लेकिन देश के इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है। नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ डेविस कप से हटने का फैसला किया था।

विधात्री को महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिताषी के साथ संयुक्त बढ़त

गुरुग्राम। महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले तीन टूर्नामेंट जीतने वाली विधात्री उर्स ने गुरुवार को 12वें चरण के टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद हिताषी बक्शी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली। पहले दौर के बाद हिताषी से एक शॉट पीछे चल रही विधात्री ने दूसरे दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। हिताषी तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं। विधात्री और हिताषी एक ओवर 145 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

आईएलटी20 ने स्टार खिलाड़ियों रॉय, होप और वेड से अनुबंध किया

मुंबई। डीपी वर्ल्ड अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 की छह फ्रैंचाइजी ने अगले साल 11 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले तीसरे सत्र के लिए जेसन रॉय, मैथ्यू वेड और शाई होप जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ अनुबंध किया है। नए खिलाड़ियों से अनुबंध करने की विंडो (समय-सीमा) जून में शुरू हुई थी जो पिछले रविवार को संपन्न हुई। मैच अबु धाबी, दुबई और शारजाह में होंगे। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी खेलने वाले हैं।

भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में मजबूत शुरुआत की

डेनिया (स्पेन)। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने गुरुवार के लेडीज यूरोपीय टूर पर ला सेला ओपन के शुरुआती दैर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरुआत की। त्वेसा ने नौवें होल से शुरूआत की और बैक नाइन में आठ पार तथा एक बर्डी से संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स इवन पार पर थीं जबकि सहर अटवाल संयुक्त 75वें स्थान पर थीं। रिद्धिमा दिलावड़ी पहले होल के बाद एक ओवर पर थीं।

शतकवीर अश्विन और जडेजा ने कराई भारत की वापसी

पहले दिन भारतीय टीम ने छह विकेट पर 339 रन बनाए, भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा, हसन महमूद ने चार विकेट झटके

रविचंद्रन अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

शतकवीर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरुआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिये हैं। इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिये थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेलीं।

अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिये हैं। उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाये। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिये। यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाये। जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिये 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए।

भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिये। रोहित शर्मा (छह) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। विराट कोहली (छह) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने आफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगता और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया। भारत ने पहले तीन ओवर में ही एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर तीन विकेट 34 रन के भीतर गंवा दिये। इसके बाद जायसवाल और केएल राहुल से ऊपर भेजे गए पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की।

पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करें : अश्विन

चेन्नई। घरेलू नायक रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को नाबाद शतक जड़ने के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई लाल मिट्टी की पिच पर उन्होंने जानबूझकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का प्रयत्न किया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और इसकी बदौलत वह घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शतक लगाकर भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने में सफल रहे। अश्विन ने पहले दिन के खेल खत्म होने के बाद मेजबान प्रसारक से कहा, यह चेन्नई की पुरानी पिच है जिसमें थोड़ा उछाल है। लाल मिट्टी की पिच पर आप अगर लाइन में आकर शॉट खेलने के इच्छुक हो तो आप कुछ शॉट खेल सकते हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं हमेशा से ही अपने बल्ले को ऑफ स्टंप के बाहर घुमाता रहा हूं। मैंने कुछ चीजों पर काम किया और इस तरह की पिच पर अगर आपको गेंद पर शॉट लगाने है तो ऋषभ पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए। ऋषभ पंत ने 39 गेंद में 52 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लूज स्ट्रोक पर आउट हो गए।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 339/6 (74)

खिलाड़ी	रन	4/6
यशस्वी बो नाहिद	56	9/0
रोहित का शान्तो बो महमूद	06	1/0
गिल का लिटन बो महमूद	00	0/0
विराट का लिटन बो महमूद	06	0/0
पंत का लिटन बो महमूद	39	6/0
राहुल का जाकिर बो मिराज	16	1/0
जडेजा नाबाद	86	10/2
अश्विन नाबाद	102	10/2

अतिरिक्त : 28 रन, **विकेट पतन :** 1-14, 2-28, 3-34, 4-96, 5-144, 6-144

गेंदबाजी : तसकीन अहमद 15-1-47-0, हसन महमूद 18-4-58-4, नाहिद राणा 17-2-80-1, मेहदी हसन मिराज 21-2-77-1, शाकिब अल हसन 8-0-50-0, मोमिनुल हक 1-0-4-0

न्यूजीलैंड के चार विकेट पर 255 रन

गॉल, एजेंसी

- टॉम लैथम और केन विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की
- पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम 305 रन पर ऑल आउट हो गई

श्रीलंका के गॉल में शॉट खेलते हुए न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल।

टॉम लैथम और केन विलियमसन के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 255 रन बनाए। श्रीलंका के पहली पारी के 305 रन के जवाब में लैथम (70) और डेवोन कॉनवे (17) ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज लैथम ने विलियमसन (55) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर पवेलियन लौटने से पहले लैथम स्पिनरों के खिलाफ सहज नजर आ रहे थे। उन्होंने जयसूर्या की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में स्क्वायर लेग पर कैच थमाया। विलियमसन की अच्छी लय में नजर आए लेकिन 55 रन के स्कोर पर उनकी एकाग्रता टूटी और उन्होंने धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच थमाया। रचिन रविंद्र (39) भी धनंजय की गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। डेरिल मिचेल (नाबाद 41) और टॉम ब्लंडेल (नाबाद 18) ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी करके इसके बाद न्यूजीलैंड को और झटके नहीं लगने दिए। इससे पहले श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 302 रन से आगे खेलने उतरी और 305 रन पर ऑल आउट हो गई। तेज गेंदबाज विल ओ रोर्के ने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा इटली

डेविस कप

मैड्रिड। गत चैंपियन इटली नवंबर में डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा। दक्षिणी स्पेनिश के शहर मलागा में गुरुवार को अंतिम आठ के लिए हुए ड्रॉ में अमेरिका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से, जर्मनी का कनाडा से और नीदरलैंड का स्पेन से मुकाबला तय हुआ। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद इटली, स्पेन, कनाडा और अमेरिका को वरीयता दी गई। इटली-अर्जेंटीना मुकाबले का विजेता सेमीफाइनल में अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। जर्मनी-कनाडा मैच का विजेता नीदरलैंड या स्पेन के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगा।

चाइना ओपन

मालविका क्वार्टरफाइनल में

चांगझोऊ। भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ ने गुरुवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। गुरुवार को एक घंटा और पांच मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया। इस जीत के साथ वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल शटलर बन गई हैं।

इंडिया ए ने मैच में बनाई पकड़

अनंतपुर, एजेंसी

दलीप ट्रॉफी

चार बल्लेबाजों का अर्धशतक, इंडिया डी बड़े स्कोर की ओर

अनंतपुर। संजू सैमसन (नाबाद 89), देवदत्त पड़िक्कल (50), श्रीकर भरत (52) और रिकी भुई (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंडिया डी ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पांच विकेट पर 306 रन के साथ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी के देवदत्त पड़िक्कल और श्रीकर भरत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया डी ने पांच विकेट पर 306 रन बना लिये है और संजू सैमसन (नाबाद 89) और सारांश जैन (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की ओर से राहुल चाहर ने तीन विकेट लिये। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

शाश्वत रावत (नाबाद 122) की शतकीय पारी के दम पर इंडिया ने वापसी करते हुए गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। गुरुवार को टॉस जीतकर इंडिया सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अंशुल कम्बोज और विजयकुमार वैशाख की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये। ऐसे संकट के समय शाश्वत रावत और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया ए ने सात विकेट पर 224 रन बना लिये थे और शाश्वत रावत (नाबाद 122) और आवेश खान (नाबाद 16) क्रीज पर थे। इंडिया सी की ओर से अंशुल कम्बोज ने तीन विकेट, विजयकुमार वैशाख को दो विकेट मिले।

भारतीय महिलाओं ने जॉर्जिया व पुरुष टीम ने चीन को हराया

शतरंज ओलंपियाड

बुडापेस्ट। ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी, जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। अगले दौर में भारतीय पुरुष टीम का सामना ईरान और महिला टीम का पोलैंड से होगा।

भारत के शुरुआती मैच बांग्लादेश से

थिम्पू, एजेंसी

- सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम
- टूर्नामेंट के ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें शामिल

गत चैम्पियन भारत शुक्रवार को सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा।

भारत 2022 का चैम्पियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था, जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। एक साल पहले भारत ने शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी और फाइनल भी बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था, जिसमें वह 2-0 से विजेता रहा था। इश्फाक अहमद ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें बांग्लादेश के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच की उम्मीद है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की परीक्षा हो और हम जानते हैं कि बांग्लादेश की टीम से खेलना इतना आसान नहीं होगा। हमें सकारात्मक शुरूआत का भरोसा है। उम्मीद है कि हर कोई मैच में अच्छी फुटबॉल का लुत्फ उठायेगा।

बॉलीवुड हलचल

सिटाडेल सीजन 2 में नजर आयेंगी प्रियंका चोपड़ा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 में काम करती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका ने सिटाडेल 2 के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो टूर की शुरुआत प्रियंका के क्लोज-अप शॉट में मिरर सेल्फी से होती है। इससे पहले कि वह सिटाडेल-सीजन 2 के सेट पर एक शानदार काले रंग की ड्रेस में नजर आईं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शार्प पोनीटेल, धूप का चश्मा लगाए हुए प्रियंका का यह लुक बेहद हॉट है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा, नादिया वापस आ गई। इससे पहले प्रियंका ने सेट पर जाने का एक वीडियो भी साझा किया था, जिसका कैप्शन था, हैलो सिटाडेल एस 2। अगस्त में प्रियंका ने अपने नए रंग की आंखों को दिखाते हुए एक क्लिप साझा की थी।

दुर्गापूजा पर रिलीज होगी अपराधी

मुंबई। ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म अपराधी दुर्गापूजा के अवसर पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म अपराध का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है, और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। फिल्म अपराधी में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म अपराधी को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है।

बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर अपने बेटों को अपनी सुपरहिट फिल्म जब वी मेट दिखाना चाहती हैं। हाल ही में, करीना कपूर के नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल का एलान किया गया है। इस दौरान उनकी कई फिल्में दिखाई जाएगी। इस फिल्म फेस्टिवल में करीना कपूर की जब वी मेट, कभी खुशी कभी गम, अशोका, चमेली और ओमकारा समेत कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसका आयोजन 20 से 27 सितंबर तक होगा। करीना कपूर चाहतीं हैं कि उनके बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान उनकी एक फिल्म जब वी मेट देखें। इस फिल्म में करीना कपूर ने गीत का रोल किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। करीना कपूर की आने वाली फिल्म में सिंघम अगेन प्रमुख है।

पंजाब ने हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

जालंधर। पंजाब ने गुरुवार को शूट आउट में उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। पंजाब के लिए सुखविंदर सिंह (पांचवें मिनट), जरमन सिंह (33वें मिनट) और जोबनप्रीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल दागे जबकि उप्र के लिए अजीत यादव (31वें मिनट), सूरज पाल (48वें मिनट) और आकाश पाल (54वें मिनट) ने गोल किए, जिससे मुकाबला 3-3 से बराबर था। शूटआउट के दौरान उप्र के आकाश पाल, नितीश भारद्वाज और अजीत यादव ने गोल किए जबकि पंजाब के लिए जपनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरमन सिंह और लवनूर सिंह ने गोल दागकर खिताब सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में हरियाणा ने कर्नाटक को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। टीम के लिए अमित खासा (30वें मिनट), नवराज सिंह (50वें मिनट), नितिन (54वें मिनट), मनीष कुमार (55वें मिनट) और साहिल रुहाल (59वें मिनट) ने गोल किए।

चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने ड्रॉ खेला

जिनेवा, एजेंसी

- 90वें मिनट में नूनो मैंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई

गोल करने का मौका चूकने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते मैनचेस्टर सिटी के इल्के गुंडोगन। ● एजेंसी

यूएफा चैंपियंस लीग में बोलोगना और शखतार दोनेत्स्क के बीच बुधवार को खेला गया मैच गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान का मुकाबला भी 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे पहले मंगलवार को हुए मुकाबलों में कुल 28 गोल दागे गये, जिनमें अकेले बायर्न म्यूनिख एफसी के नौ शामिल थे। वहीं अगले दिन के छह मुकाबलों में केवल 13 गोल ही हुए।

नये लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में ये दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे। पेरिस सेंट जर्मेन और गिरोना का मुकाबला भी गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई। बोरूसिया डॉर्टमंड ने स्थानापन्न खिलाड़ी जेमी गिटेंस के दो और सेरहो गुइरासी के अतिरिक्त समय में किये गोल से क्लब ब्रुग को 3-0 से हराया। टूर्नामेंट में गुरुवार को बार्सिलोना का मुकाबला मोनाको से होगा जबकि अटलांटा की आर्सेनल से भिड़ंत होगी। साथ ही बायेर लीवरकुसेन का सामना फेयेनूर्द से होगा। 36 टीमें जनवरी तक आठ अलग-अलग विरोधी टीमों से खेलेंगी और उन्हें एकल लीग तालिका में स्थान दिया जाएगा। नॉकआउट चरण में जाने वाली टीमों का निर्धारण होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

एक नजर

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर जुर्माना

सिंगापुर। यहां के एक अस्पताल में उपचाराधीन भारतीय मूल के व्यक्ति पर एक सुरक्षा अधिकारी, पुलिस अधिकारियों और उसका उपचार कर रहे चिकित्सक के साथ अभद्रता करने के आरोप में सात हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, मोहनराजन मोहन (30) ने बुधवार को उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपों में दोष स्वीकार कर लिया।

लाहौर में रैली से पहले कई नेता गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने गुरुवार को दावा किया कि पंजाब पुलिस ने उसके संगठन पर कार्रवाई शुरू कर दी है और शनिवार को लाहौर में होने वाले उसके प्रस्तावित शक्ति प्रदर्शन से पहले पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अली एजाज बुट्टर ने कहा कि पुलिस ने पीटीआई के नेताओं अली इम्तियाज वराइच, अफजल फात और कई अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं को शनिवार (21 सितंबर) को लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान के मैदान में होने वाले पार्टी के शक्ति प्रदर्शन से पहले हिरासत में ले लिया है।

हैरिस को मतदाताओं का ज्यादा समर्थन मिलता दिख रहा है

वाशिंगटन। अमेरिका की रियल एस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर अभी तक कमला हैरिस के बारे में नहीं सोचती थी और न ही उपराष्ट्रपति के बारे में उनकी कोई राय थी, लेकिन अब लिलियन का झुकाव हैरिस की ओर बढ़ रहा है। एरिजोना के बुलहेड सिटी की रियल इस्टेट एजेंट लिलियन डन्समुइर (58) ने कहा, ''वह (कमला हैरिस) बहुत मजेदार हैं। मुझे लगता है कि वह बहुत होशियार हैं। वह अच्छी तरह बोल सकती हैं।

दिल्ली व रतलाम के विद्यालयों ने अंतिम दौर में बनाई जगह

लंदन। वर्ष 2024 के 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल' पुरस्कार के फाइनल में गुरुवार को जगह बनाने वाले विद्यालयों में दिल्ली और मध्य प्रदेश के दो नवोन्मेषी विद्यालय शामिल हैं। पुरस्कार जीतने के लिए ये दोनों स्कूल अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों से मुकाबला करेंगे। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित रयान इंटरनेशनल स्कूल और मध्यप्रदेश के रतलाम स्थित सीएम आरआईएसई स्कूल ने फाइनल में जगह बनाई है। यह पुरस्कार एक्सेंचर, अमेरिकन एक्सप्रेस और लेमन फाउंडेशन के सहयोग से लंदन स्थित टी4 एजुकेशन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसमें विजेताओं के साथ 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि साझा की जाती है।

खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध, लगा कर्फ्यू

पेरिस। फ्रांसीसी विदेशी क्षेत्र मार्टीनिक के अधिकारियों ने द्वीप के प्रशासनिक केंद्र फोर्ट-डी-फ्रांस शहर के कई इलाकों में बढ़ती खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के चलते कर्फ्यू लगा दिया है। फ्रांसीसी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, ले फिगारो अखबार ने मंगलवार को बताया है कि कैरेबियन सागर में फ्रांसीसी विदेशी क्षेत्र मार्टीनिक द्वीप पर, कई दिनों से बढ़ती खाद्य कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान छह पुलिस अधिकारी घायल हो गये।

सलीम खान को गैंगस्टर का नाम लेकर धमकी

- पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया

मुंबई, एजेंसी

बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के पिता और लेखक सलीम खान को धमकाने के बाद एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि लेखक सलीम खान बुधवार को सुबह की सैर के बाद बांद्रा बैंडस्टैंड में बैठे थे कि तब इनके पास आए महिला और पुरुष ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर उन्हें धमकी दी। एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे सलीम खान के साथ केवल मजाक कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, दोपहिया वाहन पर जा रहे एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला ने बैंडस्टैंड पर सलीम खान को बैठे हुए देखा। वे यूटर्न लेकर उनके पास पहुंचे और कहा कि लॉरेंस बिश्नोई को भेजूं क्या। अधिकारी के मुताबिक सलीम खान को धमकाने के बाद दोनों वहां से चले गए। सलीम खान के सुरक्षाकर्मी ने दोपहिया वाहन का नंबर देखा और बुधवार को बांद्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की और दोनों का पता लगा लिया। दोनों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से उपद्रव करने और कुछ अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आंखों को रगड़ने से हो सकती है कार्निया डैमेज

आंख हमारे शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक हैं। जिसकी मदद से हम अपने आसपास की दुनिया देख पाते हैं। हमारी आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं। आंखों में इन्फेक्शन या आई फ्लू का खतरा ज्यादा रहता है। क्योंकि फंगस इन्फेक्शन फैलाने वाले वायरस और बैक्टीरिया हवा में रहते हैं। अधिकांश लोग इन्फेक्शन या एलर्जी के कारण आंखें रगड़ने लगते हैं। इससे कुछ देर के लिए से बहुत अच्छा महसूस हो सकता है। लेकिन बार-बार ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। ज्यादा तेजी से आंखों को रगड़ने से कॉर्निया डैमेज हो सकता है।

अपनी आंखें क्यों रगड़ते हैं लोग

आंखें के रगड़ने के कई कारण हो सकते हैं। जब हमारी आंखों में खुजली होती है, हम थके हुए होते हैं या ऐसा महसूस होता है कि पलकें आंखों में फंस गईं हैं तो हम सभी अपनी आंखें रगड़ते लगते हैं। कुछ लोगों को आंखों को बार-बार रगड़ना एक रिफ्लेक्स या आदत भी हो सकती है। आंखों के रगड़ने से अलग-अलग उम्र के मुताबिक अलग-अलग परेशानियां हो सकती हैं। जो बच्चे आंखों को ज्यादा रगड़ते हैं, उनके कॉर्निया का आकार बदल जाता है। आंखों की ब्लड वेसल्स बहुत नाजुक होती हैं। आंखों के रगड़ने से वेसल्स टूटने लगती है। जिससे आंखों की सफेद परत पर खून आने लगता है और आंख लाल पड़ जाती है। इसके अलावा बच्चों के बार-बार आंखों को रगड़ने से डार्क सर्कल आने लगते हैं। वहीं एडल्ट के बार-बार आंखों को रगड़ने से केराटोकोनस नाम की बीमारी हो सकती है। इसमें कार्निया की सतह अनियमित और पतली हो जाती है।

एलर्जी से बचाना जरूरी

आमतौर पर धूल-मिट्टी या ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से आंखों में एलर्जी होती है। जिसके कारण लोग आंखों को रगड़ने लगते हैं। आंखों से पानी आना, पलकों का ड्राई होना या आंखों का लाल होना जैसी किसी स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

स्क्रीन से ब्रेक लें

लैपटॉप, टैबलेट या मोबाइल की स्क्रीन पर लगातार टकटकी लगाकर देखने से आंखों पर खिंचाव पड़ता है। जिससे आंखें ड्राई होने लगती है और बार-बार रगड़ने का मन करता है। हर 20 मिनट में स्क्रीन से नजर हटाएं और 20 फीट दूर रखी किसी चीज कर कुछ देर देखें।

लगातार पलक झपकाएं

पलकें झपकाना एक नेचुरल क्रिया है। इससे आंखें नम और स्वस्थ बनी रहती हैं। लेकिन जब हम स्क्रीन लगातार देखते हैं तो हमारी आंखें कम झपकती हैं, जिससे आंखें ड्राई हो जाती हैं। इसलिए नियमित पलक जरूर झपकानी चाहिए।

आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए खाने-पीने का रखें ध्यान

आंखों को हाइड्रेट रखने के लिए अपनी डाइट में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फूड शामिल करें। इसके लिए गाजर, चुकंदर, शिमला मिर्च, मूली और हरी सब्जियों को खूब खाएं। इसके साथ ही हर रोज 2 से 3 लीटर पानी जरूर पिएं। जब आंखे हाइड्रेट रखेंगी तो आंखों में खुजली या जलन की परेशानी कम होगी।

फर्जी कंपनियां से भेजे थे विस्फोटक पेजर

अमेरिकी मीडिया का दावा, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में विस्फोटों को लेकर दुनिया भर में हलचल

न्यूयॉर्क, एजेंसी

लेबनान में बीते दो दिनों में हुए पेजर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में हुए विस्फोटों को लेकर दुनिया भर में पैदा कौतूहल के बीच अमेरिकी मीडिया में दावा किया गया है कि इजराइल ने विस्फोटक पेजर बनाने के लिए यूरोप में एक फर्जी कंपनी बनायी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में तीन खुफिया अधिकारियों के हवाले से इजराइल पर यह आरोप लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक हंगरी स्थित कंपनी बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के पास ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो की ओर से उपकरणों के निर्माण का अनुबंध था। उनका कहना है कि वास्तव में, बीएसी कंसल्टिंग केएफटी एक इजराइली कंपनी का हिस्सा थी।

रिपोर्ट के अनुसार बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के नाम से पेजर बनाने वाले इजराइली खुफिया अधिकारियों की असली पहचान छिपाने के लिए कम से कम दो और प्रमुख कंपनियां बनाई गईं। दरअसल बीएसी कंसल्टिंग केएफटी के पास सामान्य ग्राहक थे जिनके लिए वह बिना विस्फोटक के पेजर तैयार करता था। लेबनान में विस्फोटक युक्त पेजर की आपूर्ति 2022 की गर्मियों में शुरू हुई। उस समय हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के सुरक्षा कारणों से मोबाइल फोन के इस्तेमाल को कम करने के निर्देश के बाद पेजरों की खरीद के ऑर्डर आने पर ऐसे पेजरों का उत्पादन बढ़ा दिया गया।

ताइवान में भी मची अफरातफरी : उधर, ताइवान में भी लेबनान की घटनाओं को लेकर अफरातफरी मची है। ताइवान की सुरक्षा एजेंसियां लेबनान में गोल्ड अपोलो से जुड़े पेजरों में विस्फोट के मामले की जांच में जुटी हैं। रेडियो ताइवान इंटरनेशनल ने ताइवान के रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के हवाले से गुरुवार को कहा कि ताइवान की सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल इस मामले की गहरायी और पूरी गंभीरता से जांच कर रही हैं। ताइवानी सुरक्षा एजेंसियों ने मीडिया में आयी उस रिपोर्ट के बाद जांच शुरू की है जिसमें कहा गया था कि इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला द्वारा गोल्ड अपोलो को ऑर्डर किए गए पांच हजार पेजरों में कुछ मात्रा में उच्च क्षमता वाले विस्फोटक रखे थे। हालांकि, गोल्ड अपोलो के सीईओ ने कहा कि जिन पेजरों में विस्फोट हुआ है, उनका ताइवानी कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है।

लेबनान में धमाकों के बाद कमान संभाले सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

बेरूत। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में संचार उपकरणों (वॉकी-टॉकी, मोबाइल, लेपटॉप) में हुए विस्फोटों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन केंद्र ने कहा वॉकी-टॉकी के विस्फोटों के कारण, मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई है, जबकि 450 से अधिक घायल हुए हैं।

इजराइल वॉकी-टॉकी उड़ाकर हिजबुल्ला को समझौते के लिए करना चाहता है राजी : रिपोर्ट

बेरूत। इजराइल का लक्ष्य लेबनान में हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वॉकी टॉकी (रेडियो) में विस्फोट कर उन्हें हमास के साथ अपने संबंधों को त्यागने और यहूदियों के साथ एक अलग सौदा करने के लिए राजी करना है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। एक लेबनानी सूत्र ने बुधवार को बताया कि लेबनान के विभिन्न हिस्सों में पेजर के अलावा अन्य संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ था। लेबनानी मीडिया ने बताया कि जिन वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुआ था उन्हें लगभग पांच महीने पहले खरीदा गया था।

पाकिस्तान बोला- प्रावधानों का हो सम्मान

- सिंधु जल संधि को लेकर दिए गए नोटिस पर दी प्रतिक्रिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत द्वारा सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को औपचारिक नोटिस दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस्लामाबाद ने गुरुवार को कहा कि वह इस समझौते को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि नई दिल्ली भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा।

भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 19 सितंबर 1960 को सिंधु जल संधि (आईडब्लूटी) पर हस्ताक्षर किये थे, जिसका एकमात्र उद्देश्य सीमा पार की नदियों का प्रबंधन करना था। नई दिल्ली में बुधवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने 30 अगस्त को पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजकर 64 साल पुराने समझौते की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उसने परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों और सीमा पार से लगातार जारी आतंकवाद के प्रभाव का हवाला दिया था। भारत के नोटिस पर एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने यहां संवाददाताओं से कहा पाकिस्तान सिंधु जल संधि को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि भारत भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। बलूच ने बताया कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल आयुक्तों का एक तंत्र है और संधि से जुड़े सभी मुद्दों पर इसमें चर्चा की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि संधि से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए कोई भी कदम समझौते के प्रावधानों के तहत ही उठाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेश कार्यालय के प्रवक्ता की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि पाकिस्तान उस समझौते में संशोधन में रुचि नहीं रखता है।

गाजा में स्कूल पर इजराइल का हमला, 5 बच्चों समेत 8 की मौत

गाजा। शहर के पूर्व में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजराइली विमानों ने शुजाय्या पड़ोस में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले इब्न अल-हेथम स्कूल पर बमबारी की। गाजा सिविल डिफेंस ने कहा हमारी टीमों ने इजराइली हवाई हमले के परिणामस्वरूप पांच बच्चों और दो महिलाओं सहित आठ पीड़ितों के शव बरामद किए हैं।

बांग्लादेश में सेना को मजिस्ट्रेट पावर के दुरुपयोग की चेतावनी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश में कानून-व्यवस्था में सुधार और विघटनकारी गतिविधियों को रोकने के लिए सेना को दो महीने के लिए मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी हैं।

यह फैसला एक प्रमुख मीडिया आउटलेट द्वारा असाधारण उपाय बताया गया है, लेकिन इसके व्यापक दायरे और इसके संभावित दुरुपयोग को लेकर चिंताएं भी व्यक्त की गई हैं। यह निर्णय तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है, जो सैन्य अधिकारियों को पूरे देश में कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करने और अगले 60 दिनों के लिए इस पद को प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। इन शक्तियों का उपयोग करके, वे संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार कर सकते हैं या गिरफ्तारी का आदेश दे सकते हैं, तलाशी ले सकते हैं, गैरकानूनी सभाओं को तितर-बितर कर सकते हैं और बल का उपयोग भी कर सकते हैं।

ग्लोबल साउथ भविष्य को आकार देने के लिए भारतपर करता है भरोसा

न्यूयार्क। संयुक्त राष्ट्र की एक राजदूत ने कहा है कि बहुपक्षीय भागीदारी के प्रति भारत का दृष्टिकोण परस्पर सम्मान और एकजुटता पर आधारित है और बेहतर भविष्य को आकार देने में योगदान देने के लिए ग्लोबल साउथ भारत के इसी दृष्टिकोण पर भरोसा करता है। संरा में सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस की स्थायी प्रतिनिधि इंगा रोंडा किंग ने कहा आज ग्लोबल साउथ में महत्वपूर्ण नेताओं में से एक आपका बेहतरीन देश भारत है। सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स और इंडिया राइट्स नेटवर्क की ओर से भविष्य का संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन भारत और विश्व के लिए इसके क्या मायने विषय रखा गया है

न्यूयार्क में मंदिर के संकेतक बोर्ड को विरूपित करने पर नाराजगी

- स्वामीनारायण मंदिर के बोर्ड से छेड़छाड़ पर सांसदों ने कार्रवाइ रकी मांग की

वाशिंगटन, एजेंसी

न्यूयार्क में एक मंदिर के बाहर लगे संकेतक बोर्ड को विरूपित किए जाने की घटना को लेकर अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने नाराजगी व्यक्त की है। यह घटना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से कुछ दिन पहले हुई है। न्यूयार्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की ओर जाने वाली सड़क और उसके बाहर लगे संकेतक बोर्ड को सोमवार को पेंट से विरूपित कर दिया गया और आपत्तिजनक शब्द लिखे गए।

लॉन्ग आइलैंड के सफोल्क काउंटी में स्थित मेलविले 16 हजार सीट वाले नासाऊ वेटरन्स मेमोरियल कोलिजियम से लगभग 28 किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 सितंबर को एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं। सीनेट के बहुमत के नेता सीनेटर चक शूमर ने कहा इस हिंदू पूजा स्थल का अपमान निंदनीय है। लॉन्ग आइलैंड या न्यूयार्क या फिर पूरे अमेरिका में कहीं भी नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। सांसद रिच मैककॉर्मिक ने कहा मैं मेलविले, न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर के अपमान से बहुत दुखी हूं।

श्रीलंका में चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन हुईं 11 रैलियां

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन करीब 11 चुनावी रैलियां आयोजित की गईं। मीडिया रिपोर्टों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। द डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, निर्दलीय उम्मीदवार रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को मतारा, गाले, कालूतारा, होमगामा और मरदाना में तीन रैलियों को संबोधित किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विपक्षी नेता सजित प्रेमदास ने भी गाले, बेरुवाला और कोलंबो सेंट्रल में रैलियां की। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के उम्मीदवार अनुरा कुमारा दिसानायके ने कालूतारा, गम्पाहा और नुगेगोडा में रैलियों को संबोधित किया।

माहाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के बाद राज्यस्तरीय स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी कचरा को हटाकर लोगों को प्रोत्साहित किया। एजेंसी

कनाडा ने विदेशी छात्रों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती की

ओटावा, एजेंसी

कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन परमिट में कटौती करने का ऐलान किया है जिससे बहुत से भारतीय नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा हम इस साल 35 फीसदी कम परमिट जारी कर रहे हैं तथा अगले साल इसमें 10 फीसदी और कमी की जाएगी।

उन्होंने कहा आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है, लेकिन जब खराब तत्व व्यवस्था का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम कार्रवाई करते हैं। यह कदम तब उठाया गया है जब कनाडा सरकार अस्थायी निवासियों की संख्या कम करने पर विचार कर रही है। कनाडा भारतीय विद्यार्थियों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। ट्रूडो की घोषणा से कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखने वाले कई भारतीय छात्रों पर असर पड़ने की संभावना है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, शिक्षा भारत और कनाडा के बीच पारस्परिक हित का एक प्रमुख क्षेत्र है। भारत विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत है और अनुमानित तौर पर 4,27,000 भारतीय विद्यार्थी कनाडा में पढ़ रहे हैं।

जस्टिन ट्रूडो का एलान

- इस साल 35 फीसदी कम परमिट जारी कर रहे

ज्ञान-विज्ञान | 23 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैला हुआ है यह जेट

वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने सबसे बड़े ब्लैक होल के दो जेट की खोज की है। ब्लैकहोल का जेट अपनी आकाशगंगा से बाहर जाकर गर्म प्लाज्मा के विस्फोट करते हैं। ये जेट 23 मिलियन प्रकाश वर्ष तक फैले हुए हैं। इस विशालकाय जेट को पोर्फिरियन नाम दिया गया है।

ब्लैकहोल जेट ब्रह्मांड की भयानक विनाशकारी शक्ति है। जिसके आगे वाली कोई भी वस्तु बच नही सकती है। ब्रह्मांड में इस तरह की महाशक्तियां चारों ओर फैली हुई हैं। जिनकी खोजखबर में वैज्ञानिक खास दिलचस्पी रखते हैं। खगोलविदों का मानना है कि आकाशगंगाएँ और उनके केंद्रीय ब्लैक होल एक साथ विकसित होते हैं और इसका एक प्रमुख पहलू यह है कि जेट भारी मात्रा में ऊर्जा फैला सकते हैं। जिस कारण मेजबान आकाशगंगाओं और उनके निकट की अन्य आकाशगंगाओं के विकास प्रभावित होता है। खोज से पता चलता है कि जेट का प्रभाव जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक दूर तक फैल सकता है। आकाश सर्वेक्षण के दौरान अब तक पाई गई सबसे बड़ी जेट प्रणाली है। यूरोप की एरे रेडियो टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हुई है। वैज्ञानिकों ने इस जेट की आयु 13.8 अरब वर्ष की आंकी है। इनकी ऊर्जा खरबों सूर्यों के बराबर है। यह जेट दूर की आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल के ऊपर और नीचे से निकल जाते हैं। खोजे गए जेट की जोड़ी का आकार 140 आकाशगंगाओं को एक के बाद एक पंक्तिबद्ध करने के बराबर है। कैलटेक पोस्टडॉक्टरल के वैज्ञानिक व मुख्य लेखक मार्टिजन ओईई द्वारा यह खोज नेचर पेपर में प्रकाशित हुई है।



अभी कई रहस्य उजागर होने बाकी है

नैनीताल : खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि सबसे बड़े ब्लैकहोल जेट का पता तो चल गया है, लेकिन लंबी दूरी तय करने जेट का रहस्य अभी बरकरार है। अपनी मेजबान आकाशगंगाओं से बहुत दूर तक कैसे बढ़ जाते हैं, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। ब्लैक होल जेट के बारे मे बहुत कुछ जानना अभी बाकी है। जिनका भविष्य में पता चलेगा।

भारतीय रक्षा उद्योग को अफ्रीका में साझेदारी की उम्मीद जताई

- अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं भारतीय कंपनियां

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की आठ और निजी क्षेत्र की दो रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनियां अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं। ये कंपनियां अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदर्शित कर रही हैं और बिक्री के बाद उनके रखरखाव में सहयोग की पेशकश कर रही हैं।

अफ्रीका एयरोस्पेस एंड डिफेंस (एएडी) में हिस्सा ले रहे अधिकारियों ने बताया कि रखरखाव को एक महत्वपूर्ण कारक मानते हुए रक्षा क्षेत्र की इन शीर्ष कंपनियों को विश्वास है कि वायु, भूमि और समुद्री उत्पादों में भारत की क्षमता को महाद्वीप और वैश्विक स्तर पर पसंद किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी च्वेन में स्थित वाटरक्लूफ वायुसेना केंद्र पर आयोजित एएडी प्रदर्शनी देश के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा योगदान देने वाले आयोजनों में से एक है। इस साल 18 से 22 सितंबर तक एएडी के तहत प्रदर्शनी और एयर शो आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने प्रदर्शनी में भारत के पैवेलियन का बुधवार को आधिकारिक उद्घाटन करने के बाद कहा हमारे उत्पादों ने लड़ाई की स्थिति में अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए वे अफ्रीकी देशों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं। मुझे भरोसा है कि वे इन उत्पादों की खरीद करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के उद्यम आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय द्विवेदी ने कहा कि यह पहली बार है कि वे प्रदर्शक के रूप में भाग ले रहे हैं।